8 मार्च
अंतर्राष्ट्रीय
महिला दिवस

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com
2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ▪ बरेली ▪ कानपुर ▪ मुरादाबाद ▪ अयोध्या ▪ हल्द्वानी

चैत्र कृष्णा पक्ष पंचमी 09:11 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083 | बरेली | रविवार, 8 मार्च 2026, वर्ष 7, अंक 102, पृष्ठ 14+4 ▪ मूल्य 6 रुपये



रसोई गैस 60 वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा पेट्रोल-डीजल स्थिर - 12



ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश - 12



विदेश मंत्री बोले- न किसी का गलती न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत - 13



भारत के पास इतिहास रचने का सुनहरा मौका - 14




इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, विकसित भारत का आधार नारी शक्ति व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

## ब्रीफ न्यूज

### गुलाल बनाने वाली फैक्टरी में आग, चार महिलाओं की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के जिंद जिले में शनिवार को एक गुलाल निर्माण इकाई में आग लगने से चार महिला श्रमिकों की मौत हो गई, जबकि कम से कम 11 लोग घायल हो गए। आग कारखाने के प्रवेश द्वार पर लगी और उसके बाद धुआं फैक्टरी के अंदर फैल गया। यह फैक्टरी सफीदों की भाट कॉलोनी के एक आवासीय क्षेत्र में स्थित है। कुछ मजदूरों ने अपनी जान बचाने के लिए कारखाने की छत से छलांग लगा दी। पुलिस और दमकल विभाग के कर्मी घटनास्थल पर पहुंचे और स्थानीय लोगों के सहयोग से जलती फैक्टरी से श्रमिकों को बचाने के लिए एक चारदीवारी तोड़ दी।

# ईरान ने जॉर्डन में अमेरिका का डिफेंस सिस्टम उड़ाया

## ईरानी राष्ट्रपति ने पड़ोसी देशों पर हमलों के लिए माफी मांगी

- ट्रंप ने कहा- युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को बनाया जाएगा निशाना

**दुबई, एजेंसी**

ईरान की राजधानी तेहरान में शनिवार तड़के कई विस्फोट हुए, जिनसे आसमान में काले धुएं के गुबार उठते दिखाई दिए। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और अमेरिका पर ताबड़तोड़ मिसाइलें दागीं। ईरान ने यूएई, सऊदी, जॉर्डन में अमेरिकी डिफेंस-सिस्टम को निशाना बनाया जिसमें जॉर्डन का डिफेंस सिस्टम तबाह हो गया। वहीं, ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने पड़ोसी देशों पर ईरान के हमलों के लिए शनिवार को माफी मांगी, जबकि उसी दौरान उनके मिसाइल और ड्रोन खाड़ी अरब देशों की ओर बढ़ रहे थे।

गत 28 फरवरी को हुए हवाई हमले में युद्ध शुरू होने और सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद से ईरान की त्रिपक्षीय नेतृत्व परिषद के एक सदस्य, राष्ट्रपति पेजेश्कियान ने यह संदेश ठीक एक सप्ताह बाद दिया।

वहीं, क्षेत्र में लड़ाई खत्म होने के कोई संकेत नहीं दिख रहे। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के प्रशासन ने इजराइल को 15.1 करोड़ डॉलर के नए हथियारों की बिक्री को मंजूरी दे दी। वहीं, संयुक्त राष्ट्र में ईरान के राजदूत ने कहा कि देश अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कदम उठाएगा। एक वीडियो फुटेज में पश्चिमी तेहरान के ऊपर विस्फोटों से धुएं के गुबार दिखाई दिए, जबकि इजराइल ने कहा कि उसने व्यापक हमलों का नया दौर शुरू किया है। इजराइली सेना ने कहा कि वह ईरान से दागी गई नई मिसाइलों को रोकने की कोशिश कर रही है।



ईरान की राजधानी तेहरान के प्रमुख मेहराबाद एयरपोर्ट पर हमले के बाद लगी आग।

### बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग ईरान ने ठुकरायी

**दुबई।** ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियान ने शनिवार को कहा कि अमेरिका द्वारा बिना शर्त आत्मसमर्पण की मांग एक ऐसा ख्वाब है जिसे उन्हें अपनी कब्र तक साथ ले जाना चाहिए। राष्ट्रपति ने यह टिप्पणी सरकारी टेलीविजन पर प्रसारित एक पूर्व रिकॉर्डेड संबोधन में की। उन्होंने क्षेत्रीय देशों पर ईरान के हमलों के लिए माफी भी मांगी और कहा कि तेहरान हमलों को रोक देगा।

### राष्ट्रपति ट्रंप बोले- ईरान पर जबरदस्त प्रहार करेंगे

**अमेरिका।** अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने शनिवार को चेतावनी दी कि युद्ध में ईरान के और भी अधिकारियों को निशाना बनाया जाएगा और ईरान पर जबरदस्त प्रहार किया जाएगा। ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, ईरान के खराब व्यवहार के कारण अब ऐसे इलाकों और समूहों को निशाना बनाने पर विचार किया जा रहा है, जिन्हें अब तक निशाना बनाने के लिए नहीं सोचा गया।

## एसबीआई महिलाओं को देगा 4597 करोड़ का सामाजिक ऋण

**नई दिल्ली।** एसबीआई ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला सशक्तिकरण पर केंद्रित 4597 करोड़ रुपये की सिंडिकेटेड सामाजिक सावधि ऋण सुविधा शुरू करने की घोषणा की। कहा कि यह सिंडिकेटेड ऋण एसबीआई और वैश्विक ईएसजी (ईएसजी) वित्तपोषण परिदृश्य में महिला सशक्तिकरण के लिए एक मील का पत्थर है। यह वित्तपोषण सामाजिक प्रभाव को तेज करने पर केंद्रित है व लैंगिक अंतर को कम करने के लिए एसबीआई की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह संयुक्त राष्ट्र के सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) 5- लैंगिक समानता प्राप्त करना और सभी महिलाओं और लड़कियों को सशक्त बनाना में सार्थक योगदान देता है।

# योगी ने ब्रजमंडल के विकास को 300 करोड़ रुपये किए स्वीकृत

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ**



- ब्रज की परम्परा और आस्था का सम्मान करते हुए होगा ब्रज क्षेत्र का विकास
- सीएम की अध्यक्षता में ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक संपन्न

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी ने कहा है कि परंपरा और श्रद्धालुओं की आस्था का सम्मान करते हुए ब्रज क्षेत्र के विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। तीर्थ स्थलों के संरक्षण के साथ ही आधारभूत ढांचे के विकास व सांस्कृतिक विरासत के संवर्धन को प्राथमिकता दी जा रही है, ताकि ब्रज क्षेत्र की पहचान और अधिक सुदृढ़ हो।

योगी, शनिवार को वृंदावन में उप्र. ब्रज तीर्थ विकास परिषद की आठवीं बोर्ड बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में 300 करोड़ रुपये के कार्यों का अनुमोदन किया गया। ब्रज के समग्र विकास, तीर्थ स्थलों के संरक्षण तथा श्रद्धालुओं के लिए सुविधाओं के विस्तार से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। गीता शोध संस्थान एवं रासलीला अकादमी परिसर के सभागार में संपन्न बैठक में मुख्यमंत्री ने लोक निर्माण विभाग, ब्रज तीर्थ विकास परिषद तथा जिला प्रशासन को रेलवे विभाग से समन्वय स्थापित कर भूमि अथवा भूमि मूल्य से संबंधित आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। साथ ही ब्रज की 84 कोस परिक्रमा मार्ग के विकास कार्य तेजी से लागू करने के निर्देश दिए। बैठक में गोवर्धन, मथुरा और वृंदावन में पार्किंग, टीपीओ तथा अन्य जनसुविधाओं को विकसित करने के लिए चिन्हित भूमि पर पीपीपी मॉडल के तहत कार्य कराने का निर्णय लिया गया।

## एसआईआर : दावे-आपत्तियों की प्रक्रिया समाप्त : रिणवा

- 85.5 प्रतिशत मतदाताओं के दावों की हुई सुनवाई, शेष 27 मार्च तक हो जाएगा पूर्ण

**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निवार्चन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि उत्तर प्रदेश में मतदाता सूची के एसआइआर अभियान में दावा-आपत्तियों की प्रक्रिया अब समाप्त हो गई है। इस दौरान 6 मार्च 2026 तक 5,621 स्थानों से प्राप्त आपत्तियों में 85.5 प्रतिशत मतदाताओं की सुनवाई हो चुकी है। शेष मामलों की सुनवाई 27 मार्च 2026 तक पूरी हो जाएंगी। मुख्य निवार्चन अधिकारी, उप्र. शनिवार को लोकभवन में एसआईआर को लेकर प्रेस कार्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बताया कि छह जनवरी से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया को दो बार समय बढ़ाकर लगभग दो महीने तक चलाया गया।

## केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर के केबिन में भरा धुआं, आपात लैंडिंग

**सरोजनीनगर :** प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के हेलीकॉप्टर में शनिवार को अचानक तकनीकी खराबी आने से अफरा-तफरी की स्थिति बन गई। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर के डिस्प्ले में खराबी आ गई और कुछ ही देर में केबिन के अंदर धुआं भरने लगा। स्थिति को देखते हुए पायलट ने तत्काल एयर ट्रैफिक कंट्रोल से संपर्क कर इमरजेंसी लैंडिंग की अनुमति मांगी। इसके बाद हेलीकॉप्टर को सुरक्षित रूप से चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर उतार लिया गया। उपमुख्यमंत्री कौशांबी में आयोजित दो दिवसीय सरस महोत्सव के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने जा रहे थे। इसके लिए उन्होंने शनिवार सुबह करीब पौने 11 बजे ला मार्टिनियर कॉलेज परिसर से हेलीकॉप्टर द्वारा उड़ान भरी थी।

BDA APPROVED

Competent
रिश्ता विश्वास का!




Plots starting at only ₹51.30L

अक्सर जब एक घर बनता है तो खुशियों का, सुख सुविधाओं का एक जहान धीरे-धीरे उसके चारों तरफ आ बसता है।
पर इंटरनेशनल सिटी में जब आप अपनी छोटी सी दुनिया बसाने आएंगे तो स्वदेश में एक अलग ही विदेश बसा हुआ पाएंगे।
तो बस बुक करें अपना प्लॉट और अपने परिवार को दें एक इंटरनेशनल लाइफस्टाइल, यहीं आपके अपने शहर बरेली में।

Sports zone • Tennis court • Basketball court • Badminton court • Cricket net practice area • School • Advanced security surveillance • Exclusive pedestal pathway for walking • Cycling track • Temple • STP Plant • Landscape garden

स्वदेश में आपका विदेश

INTERNATIONAL CITY
Global Standards. International Living.

To know more, call 83929 21952, 83929 21966, 81930 95501

Site Address: Nariyawal, Shahjahanpur Road, Bareilly | Head Office: P-06/14G Deen Dayal Puram Bareilly | www.competentinternationalcity.com | Email: cc.bareilly@gmail.com

## शहर में आज

- समस्त सीएचसी पीएचसी पर जन आरोग्य मेला सुबह 09 बजे से।
- गायत्री शक्तिपीठ में साप्ताहिक हवन सुबह 07 बजे से।
- मोहल्ला आसफजान स्थित शिव मंदिर में पूजन सुबह 06 बजे से।

## न्यूज ब्रीफ

### ग्रामीण को घेरकर पीटा एफआईआर दर्ज

**बरखेड़ा, अमृत विचार** : ग्रामीण को रास्ते में घेरकर मारपीट करने के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। थाना क्षेत्र के गांव मोहम्मदगंज अमखिड़िया निवासी जमुना प्रसाद ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह पांच मार्च की दोपहर दो बजे बरखेड़ा से मामी जयबेटी की दवा लेकर अपने गांव के प्राइवेट स्कूल के पास पहुंचे। वहां मौजूद गांव के रंजीत, राकेश, डालचंद ने गाली गलौज की। विरोध करने पर मारपीट की गई। जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### ग्रामीण को सांप ने डसा अस्पताल में भर्ती

**पीलीभीत, अमृत विचार** : चारा काटते वक्त सांप ने ग्रामीण को डस लिया। इससे ग्रामीण की हालत खराब हो गई। उसे अस्पताल में भर्ती कराया। इससे हालत में काफी सुधार है। अमरिया क्षेत्र के गांव मुडलियां गौसू निवासी हरविंद्र सिंह शनिवार सुबह खेत पर चारा लेने गए थे। चारा काटते वक्त घास में छिपे सांप ने उन्हें डस लिया। वह भागते हुए घर पहुंचे और परिवार को बताया। जिसके बाद परिजन उन्हें व जिस सांप ने डसा था। उसे भी पकड़कर डिब्बे में बंद करके जिला अस्पताल आए। युवक को भर्ती कर इलाज किया जा रहा है। हालत में काफी सुधार बताया है।

### खराबी होने से गुल हुई बिजली, उपभोक्ता रहे परेशान

**पीलीभीत, अमृत विचार** : नकटादाना सब स्टेशन में ट्रांसफार्मर में खराबी आने से शनिवार को कई इलाकों में बिजली गुल हो गई। बिजली विभाग के कर्मचारियों ने फाल्ट को तलाशना शुरू कर दिया। करीब तीन घंटे के बाद खराबी को सही कर बिजली की आपूर्ति सुचारू की गई। तक जाकर लोगों ने राहत महसूस की। मोहल्ला नई बस्ती, केजीएन कालोनी, गौहनिया चौराहा, अशोक कॉलोनी, एकता नगर आदि के उपभोक्ता परेशान हुए। जेई जहांगीर आलम ने बताया कि खराबी के चलते कुछ देर सप्लाई बाधित रही थी। इसका सुधार करा दिया गया है।

# गर्मी शुरू होते ही पीलीभीत से अपने वतन लौटने लगे विदेशी मेहमान

## मार्च-अप्रैल में करेंगे घोंसलों का निर्माण, साल में दो बार आते हैं प्रवासी पक्षी

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार:** सर्दी का मौसम लगभग विदा हो चुका है, साथ ही गर्मी भी दस्तक देने लगी है। ऐसे में यहां प्रवास कर रहे दूर-दराज देशों से आए शरदकालीन प्रवासी पक्षियों ने वतन वापसी तेजी से शुरू कर दी है। इसके साथ ही ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद भी लगभग शुरू हो चुकी है। बता दें कि जनपद में 100 से अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां वर्ष में दो बार आती हैं।

पीलीभीत टाइगर रिजर्व और उसके आसपास क्षेत्र में बाघों के अलावा पक्षियों की भी खूबसूरत दुनिया बसती है। टाइगर रिजर्व के आंकड़ों के मुताबिक यहां पक्षियों की 350 से अधिक प्रजातियां पाई जाती हैं। खास बात यह है कि पिछले कुछ सालों से यहां की खास आबोहवा प्रवासी परिंदों को भी आकर्षित करने लगी है। टाइगर रिजर्व में पक्षियों के संसार में अब दूर-दराज देशों एवं समेत देश के अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में प्रवासी परिंदों भी दस्तक देने लगे हैं। इन प्रवासी परिंदों की प्रजातियों में धीरे-धीरे इजाफा भी हो रहा है। प्रवासी पक्षियों पर लंबे समय से स्टडी करने वाली टरक्वाइज


प्रवास के दौरान शिकार की तलाश में लगे शरदकालीन प्रवासी पक्षी ग्रे लेग गूज।

### अफ्रीका समेत देश के कई राज्यों से आते हैं पक्षी

शरदकालीन प्रवासी पक्षियों की वापसी के साथ ही अब ग्रीष्मकालीन प्रवासी पक्षियों की आमद शुरू हो चुकी है। ये प्रवासी पक्षी अफ्रीका समेत देश के हिमालय समेत विभिन्न राज्यों से यहां प्रवास को आते हैं। यहां प्रवास के दौरान ये प्रवासी पक्षी मार्च-अप्रैल में बड़ी संख्या में घोंसलों का निर्माण करेंगे। इसमें लोकल माइग्रेटरी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। हालांकि यहां प्रवास को आने वाले शरदकालीन प्रवासी पक्षियों में विदेशी पक्षियों की संख्या अधिक होती है। शरदकालीन प्रवासी पक्षी सेंट्रल एशिया, रशिया, अलास्का, साइबेरिया आदि से प्रवास को आते हैं। – **अख्तर मियां खान**, अध्यक्ष, टरक्वाइज वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी

वाइल्ड लाइफ कंजर्वेशन सोसायटी के अध्यक्ष अख्तर मियां खान के मुताबिक पीलीभीत टाइगर रिजर्व समेत आसपास क्षेत्र में सात समंदर पार के विभिन्न देशों समेत देश के विभिन्न राज्यों से 100 के अधिक प्रवासी पक्षियों की प्रजातियां प्रवास के लिए आती हैं। यह प्रवासी पक्षी साल भर में दो बार अपनी आमद दर्ज कराते हैं। तकरीबन चार माह के प्रवास के बाद यह फरवरी के अंतिम दिनों में वतन वापसी शुरू कर देते हैं। इसमें बड़ी संख्या में विदेशी पक्षी होते हैं, जो सात समंदर पार कर यहां टाइगर रिजर्व से सटे शारदा सागर डैम समेत अन्य झील-पोखरों में प्रवास करते हैं।


अफ्रीका से आने वाला जैकोबिन कूकू।


जनपद में पहुंचा स्लेटी लेग्ड क्रेक पक्षी।

### ये प्रवासी परिंदे कर रहे वतन वापसी

कॉमन सैंडपाइपर, कॉमन पोचार्ड, रेड क्रेस्टेड पोचार्ड, मालार्ड, ग्रेट क्रेस्टेड पोचार्ड

### इनका होगा आगमन

जैकोबिन कुकू, इंडियन पिट्टा , स्लेटी लेग क्रेक, एशियन पैराडाइज फ्लाईकेचर, लिटिल टर्न, गोल्डन ओरियोल

## नगर पालिका में भाजपा जिलाध्यक्ष का किया स्वागत

**पीलीभीत, अमृत विचार** : नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक में पालिका के वरिष्ठ सभासद व भाजपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष गोकुल प्रसाद मौर्य का स्वागत किया गया। पालिकाध्यक्ष डॉ. आस्था अग्रवाल, सभासदों और पालिका कर्मचारियों ने फूल-मालाओं के साथ उनका अभिनंदन किया। पालिका गेट से मीटिंग हॉल तक जुलूस निकालकर उन्हें बैठक स्थल तक लाया गया। पालिकाध्यक्ष ने कहा कि गोकुल प्रसाद मौर्य का जिलाध्यक्ष बनना पूरे पालिका परिवार के लिए गर्व की बात है। इससे संगठन व नगर विकास को नई गति मिलेगी। जिलाध्यक्ष ने संगठन को मजबूत करने और जनहित के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प दोहराया। इसके बाद हुई बोर्ड बैठक में सफाई व्यवस्था सुधारने और शहर में पथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त रखने पर चर्चा की गई।


भाजपा जिलाध्यक्ष का स्वागत करतीं चेयरमैन डॉ. आस्था अग्रवाल।

# बाल विवाह मुक्त भारत की दिलाई गई शपथ


नुक्कड़ नाटक कर जागरूक करने के लिए पंपलेट दिखाते बच्चे। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को किया जागरूक

**अमृत विचार** : डीएम और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेश पर शनिवार को ग्राम पंचायत बरहा में महिला कल्याण विभाग द्वारा बाल विवाह जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

सर्वप्रथम मां शारदे के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित किया गया। इसके बाद बाल विवाह थीम पर छात्र .छात्राओं ने एक सुंदर नाट्य प्रस्तुत किया। जिला मिशन समन्वयक सुवर्णा पाण्डेय ने बच्चों की इस प्रस्तुति की सराहना की। बाल विवाह से सम्बंधित विस्तृत जानकारी दी गई। वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रसाशिका तृप्ति मिश्रा ने विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, उत्तर प्रदेश कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, स्पॉन्सरशिप योजना, सखी वन स्टॉप सेंटर एवं चाईल्ड हेल्पलाइन 1098 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। जेंडर स्पेस्लिस्ट जयश्री ने बच्चों को बाल विवाह के दुष्परिणाम बताए। हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में जानकारी दी गई। बाल विवाह मुक्त भारत अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्कूल की प्रधानाध्यापक ममता गंगवार ने भी विचार रखे। ब्लॉक मरौरी के ग्राम रानीगंज में बाल विवाह मुक्त भारत कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी दी गई और शपथ भी दिलाई गई।

## रम्पुरा गांव में ग्रामीणों को बताया साक्षरता का महत्व

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- स्वयं सेवकों ने घर-घर जाकर किया जागरूक

**अमृत विचार** : गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय पूरनपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में ग्राम रम्पुरा में साक्षरता अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य ग्रामीणों को शिक्षा के महत्व से अवगत कराना और निरक्षरता को समाप्त करने के लिए प्रेरित करना रहा।

प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार शर्मा ने कहा कि शिक्षा मानव जीवन के विकास का मूल आधार है।

साक्षर समाज ही प्रगतिशील और सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकता है। प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा के महत्व को समझते हुए साक्षर बनने का प्रयास करना चाहिए। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मृदुला शर्मा ने कहा कि एनएसएस का उद्देश्य केवल सेवा ही नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाना भी है। मुख्य वक्ता डॉ. अरविंद कुमार दीक्षित ने कहा कि साक्षरता व्यक्ति को जागरूक, आत्मनिर्भर और जिम्मेदार नागरिक बनाती है। स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकालकर और घर-घर जाकर जनसामान्य को साक्षरता के महत्व के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर शाहिद खान, डॉ. सौरभ सक्सेना, डॉ. राजिया शकील, अंकित गुप्ता, सोनू आदि मौजूद रहे।

# बढ़ते तापमान से बिगड़ रहा स्वास्थ्य, मरीजों की बढ़ी संख्या

संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : मौसम के बदलते मिजाज और तापमान में अचानक हुई बढ़ोतरी का असर अब लोगों की सेहत पर भी दिखाई देने लगा है। जिला अस्पताल व मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में इन दिनों मरीजों की भारी भीड़ उमड़ रही है। हालात ये हैं कि मरीजों को चिकित्सकों को दिखाने के लिए काफी इंतजार करना पड़ रहा है।

अस्पताल के आंकड़ों के अनुसार सामान्य दिनों में ओपीडी में करीब 800 से 1000 मरीज पहुंचते थे, लेकिन पिछले एक सप्ताह में यह संख्या बढ़कर 1700 से 1856 तक पहुंच गई है। इनमें सर्दी-जुकाम, वायरल बुखार, एलर्जी, आंखों में जलन और शरीर दर्द की शिकायत वाले मरीजों की संख्या सबसे अधिक है।


मरीजों का चेकअप करते डॉक्टर। ● अमृत विचार


दवा काउंटर पर लगी मरीज व तीमारदारों की लाइन। ● अमृत विचार

- मेडिकल कॉलेज की ओपीडी में दिखाने के लिए करना पड़ा घंटों इंतजार

शनिवार को ओपीडी में सर्वाधिक भीड़ देखने को मिली। ऐसे में मरीजों को परामर्श लेने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ा। इसके बाद दवा काउंटर समेत अन्य काउंटर पर भी दिन भर भीड़ बनी रही। चिकित्सकों का कहना है कि तेज धूप और तापमान में उतार-चढ़ाव के कारण शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित हो रही है, जिससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। डॉक्टरों के अनुसार वायरल बुखार के मरीजों में तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द, आंखों में जलन, कमजोरी और गले में खराश जैसे लक्षण देखे जा रहे हैं। अस्पताल प्रशासन ने बढ़ती भीड़ को देखते हुए दवाओं का पर्याप्त स्टॉक रखने के निर्देश दिए हैं। सीएमएस डॉ. रमाकांत सागर ने बताया कि तापमान में अचानक वृद्धि के कारण वायरल और एलर्जी के मरीजों की संख्या बढ़ी है। वायरल बुखार होने पर मरीज को तेज बुखार के साथ मांसपेशियों में दर्द, आंखों में जलन, कमजोरी और गले में खराश महसूस हो सकती है। ऐसे में बचाव अवश्य करें। सबसे पहले तो खूब पानी पिएं और शरीर को हाइड्रेटेड रखें। धूप से सीधे संपर्क में आने से बचें, बाहर निकलते समय सिर ढककर रखें। बासी भोजन और खुले में रखे कटे हुए फलों का सेवन न करें। अस्पताल में दवाओं और जांच की पर्याप्त व्यवस्था की गई।

## सपा की मजबूती का आधार समर्पित कार्यकर्ता

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : नकटादाना चौराहा के पास स्थित कार्यालय में शनिवार को समाजवादी पार्टी जिला कार्यकारिणी बैठक संपन्न हुई। इसमें संगठन को और मजबूत बनाने पर जोर दिया गया।

जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने कहा कि पार्टी की मजबूती का आधार उसके समर्पित कार्यकर्ता हैं। संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को बूथ स्तर तक सक्रिय होकर कार्य करना होगा। कहा कि आने वाले समय में पार्टी की नीतियों, सिद्धांतों और समाजवादी विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने के लिए सभी कार्यकर्ता पूरी मेहनत, निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करें। पूर्व मंत्री अनीस अहमद खां उर्फ फूलबाबू ने भी विचार व्यक्त किए। युवजन सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार राजू ने कहा कि कार्यकर्ताओं की मेहनत और जनता के विश्वास के दम पर सपा लगातार मजबूत हो रही है। आगामी चुनाव में समाजवादी विचारधारा की ही जीत होगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा। संचालन हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया। इस मौके पर अशोक कुमार सिंह, बीडी प्रजापति, रूपराम कश्यप, बलकार सिंह, पलविंदर सिंह, रियाज खान, संदीप सक्सेना, अमर सिंह, अकील खान, शखावत अली, पुनीत कुमार, हरगोविंद गंगवार, नरेंद्र गिरि आदि मौजूद रहे।


सपा की बैठक को संबोधित करते जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा। ● अमृत विचार

- सपा की जिला कार्यकारिणी की बैठक में रखे विचार, संगठन मजबूती पर दिया जोर

## वित्तीय साक्षरता प्रशिक्षण कार्यक्रम में दी जानकारी

**पीलीभीत, अमृत विचार** : जेसीआई पीलीभीत पर्ल्स द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से फाइनेंशियल लिटरेसी फॉर वीमेन विषय पर एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन पुष्प इंस्टीट्यूट में किया गया।

सीए नेहा अरोरा ने महिलाओं को वित्तीय जागरुकता, धन प्रबंधन और आर्थिक आत्मनिर्भरता के महत्व के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने बचत, निवेश व सही वित्तीय निर्णय लेने के बारे में भी मार्गदर्शन प्रदान किया। अध्यक्षता अध्यक्ष अदिति सक्सेना ने की। इस अवसर पर सेक्रेटरी क्रति अग्रवाल भी विशेष रूप से उपस्थित रही। इस मौके पर प्रभ कौर, आंचल सिंह, चारू गुप्ता आदि मौजूद रहे।


कार्यक्रम में मौजूद लोग।

## आठ में एक भी शिकायत का निस्तारण नहीं

संवाददाता, अमरिया

**अमृत विचार** : डीएम-एसपी समेत अन्य अधिकारियों ने पहले संपूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों को सुना और फिर ब्लॉक सभागार में प्रधानों संग गोष्ठी की। कुल आठ शिकायतें आईं, लेकिन निस्तारण एक का भी नहीं हो सका।

जिले की समस्त तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। अमरिया तहसील में डीएम ज्ञानेन्द्र सिंह, एसपी सुकीर्ति माधव ने फरियाद सुनी। इस दौरान आठ शिकायतें प्राप्त हुई, लेकिन निस्तारण एक का भी नहीं हो सका। संबंधित विभाग को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। सीओ सदर नताशा गोयल, एसडीएम मयंक गोस्वामी आदि मौजूद रहे। इसके बाद डीएम ने अमरिया ब्लॉक सभागार में ग्राम प्रधानों संग गोष्ठी की। प्रधानों को शासन द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। सीएमओ डॉ. आलोक कुमार ने आयुष्मान भारत योजना के अन्तर्गत गोल्डन कार्ड बनाने, आभा आईडी, 102 और 108 एम्बुलेंस के सम्बन्ध में विस्तार से बताया। मोतियाबिन्द के निःशुल्क इलाज व आने जाने की व्यवस्था के बारे में बताते हुए ग्राम प्रधान से पात्रों को लाभ दिलाने की अपील की। उपनिदेशक कृषि ने फार्मर रजिस्ट्री, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की जानकारी दी।


गोष्ठी को संबोधित करते डीएम ज्ञानेंद्र सिंह। ● अमृत विचार

## लोक अदालत की सफलता के लिए आयोजित की बैठक

**पीलीभीत, अमृत विचार** : चौदह मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए शनिवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की बैठक हुई। इसमें न्यायिक अधिकारी शामिल हुए। अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत गीता सिंह, पूर्णकालिक सचिव /सिविल जज (सीडि)सतीश कुमार ने जानकारी दी।

जनपद न्यायाधीश/प्राधिकरण के अध्यक्ष द्वारा न्यायिक अधिकारीगणों को राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव सतीश कुमार ने बताया कि लोक अदालत का उददेश्य आमजन को त्वरित सुलभ और सस्ता न्याय उपलब्ध कराना है। इसमें विभिन्न प्रकार के मामलों का निस्तारण आपसी सुलह समझौते के आधार पर किया जाएगा। इसमें दीवानी वाद, समझौता योग्य फौजदारी वाद, वैवाहिक वाद और पारिवारिक विवाद, मोटर दुर्घटना दावा वाद, बैंक ॠण संबंधी मामले, श्रम विवाद, बिजली और पानी के बिल से जुड़े प्रकरण सहित अन्य मामलो को शामिल किया जाएगा।


बैठक में न्यायिक अधिकारी।

## विशाल होली मेले का किया आयोजन

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

**अमृत विचार** : रोटरी क्लब पूरनपुर ग्रीन और नगर पालिका परिषद पूरनपुर के संयुक्त तत्वाधान में विशाल होली मेला एवं होली मिलन समारोह स्वर्गीय अजय खंडेलवाल की स्मृति में रामलीला ग्राउंड में आयोजित किया गया। पूरनपुर विधायक बाबूराम पासवान मुख्य अतिथि रहे।

मथुरा से आई रास मंडली ने लोगों को झूमने और ताली बजाने पर विवश कर दिया। इसकी शुरुआत पूर्व मंत्री डॉ विनोद तिवारी, चेयरैन शैलेंद्र गुप्ता, ॠतुराज पासवान ने संयुक्त रूप से फीता काटकर कराई।

पीलीभीत से लिटिल चैंप के फाइनलिस्ट रहे क्षितिज सक्सेना ने अपनी प्रस्तुति से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। रात मंडली द्वारा मयूर नृत्य, दीपक नृत्य, लट्ठमार होली, फूलों की होली समेत मनमोहक प्रस्तुतियां दी। अंत में लकी ड्रा निकाला गया, जिसमें प्रथम पुरस्कार रेफ्रिजरेटर दूसरा वाशिंग मशीन और तीसरा कूलर, चतुर्थ पुरस्कार लंच बॉक्स, पंचम पुरस्कार नॉन स्टिक तवा, 10 सांत्वना पुरस्कार भी दिए गए। एसडीएम पूरनपुर अजीत प्रताप सिंह, रजनीश पांडे, प्रफुल्ल मिश्रा, गुरुभाग सिंह, हर्ष प्रधान, अंकुश खंडेलवाल, आयुष खंडेलवाल, हर्ष गुप्ता, नीरज गुप्ता, राजेश रस्तोगी, मेला डायरेक्टर डॉ. प्रशांत गुप्ता, राजेश खन्ना, संजीव गुप्ता, संदीप खंडेलवाल आदि मौजूद रहे।


नृत्य की प्रस्तुति देते कलाकार। ● अमृत विचार

- क्षितिज के सुरों ने कर दिया झूमने को मजबूर

## भारत की जीत के लिए किया पूजन

**बीसलपुर, अमृत विचार**: भारत की जीत के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने मंदिरों में पूजा अर्चना की। बता दें कि रविवार को न्यूजीलैंड-भारत के बीच 20-20 विश्व कप के होने वाले मुकाबले में भारत की जीत के लिए क्रिकेट प्रेमियों ने मंदिरों में पूजन कर मन्नतें मांगी। प्राचीन बाबा मठिया नाथ मंदिर पर महंत केशव किशोर गुप्ता द्वारा भगवान शिव का विशेष पूजन किया गया। सूरज कॉलोनी स्थित देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर पर श्रद्धालुओं ने पूजन कर भगवान शिव से भारत की जीत की प्रार्थना की। मोहल्ला दुबे में रविता गुप्ता व प्रमोद कुमार गुप्ता द्वारा भारत की जीत के लिए अपने आवास पर भगवान शिव का पूजन किया। इसके अलावा मोहल्ला दुर्गाप्रसाद में अतुल गुप्ता, मोहल्ला दुबे में राजकमल दुबे ने भी पूजन कराया।

## मां पूर्णागिरि के दरबार के लिए रवाना हुए 35 श्रद्धालु


माता के दरबार जाते भक्त। ● अमृत विचार

**बिलसंडा, अमृत विचार** : क्षेत्र के गांव मरौरी से 35 श्रद्धालु साइकिल पर सवार होकर पूर्णागिरि दरबार के लिए रवाना हुए। प्राचीन मोर भवानी मंदिर और मढ़ानाथ मंदिर पर पूजा अर्चना कर मत्था टेका। समाजसेवी अनिल सिंह फौजी और गुरनाम सिंह फौजी ने तिलक लगाकर रवाना कराया। श्रद्धालुओं को खाने के पैकेट और स्मृति चिन्ह दिए। पंडित सुधाकर मिश्रा ने पूजन कराया। जत्थे में राजेश वर्मा,मनु सिंह, कल्लू आदि मौजूद रहे।



**इफ्तार**
रविवार
सुन्नी: 6:19
शिया: 6:27

**सहरी**
सोमवार
सुन्नी: 5:05
शिया: 4:56

## न्यूज ब्रीफ

### पुरानी रंजिश में ग्रामीण के साथ मारपीट

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के ग्राम बेहरीखेड़ा निवासी भगवतशरण ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च को शाम पांच बजे वह अपने घर के बाहर खड़े थे। इस दौरान पुरानी रंजिश को लेकर गांव का ही कुंवरपाल आया। आरोप है कि उक्त युवक ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की। जिससे वह चोटिल हो गया। शोर सुनकर आसपास के लोग आ गए। जिस पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### दवा लेने गई किशोरी लापता, एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 15 वर्षीय पुत्री छह मार्च को शाम चार बजे घर से दवाई लेने जाने की बात कह कर गौहनियां चौराहे पर गई थी। जब वह काफी देर तक वापस नहीं आई तो परिजनों ने उसकी तलाश की, लेकिन उसके बारे में कोई जानकारी नहीं मिल सकी। बाद में पता चला कि उसकी पुत्री को शहर के काला मंदिर निवासी जितेंद्र बहला फुसलाकर ले गया है। उसकी पुत्री जितेंद्र से फोन पर बातचीत भी करती थी। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि किशोरी की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### हादसे में बाइक सवार युवक घायल, रिपोर्ट

**बीसलपुर, अमृत विचार** : कोतवाली में दी गई तहरीर में ग्राम परासी रामकिशन निवासी गिरीश चंद्र ने बताया कि तीन मार्च को रात साढ़े आठ बजे उनका पुत्र पंकज कुमार बीसलपुर से अपने गांव पारसी रामकिशन बाइक से जा रहा था। रास्ते में ग्राम परसिया के पास एक लॉन के पास पहुंचते ही टेंपो ने बाइक को टक्कर मार दी। जिसमें बाइक सवार घायल हो गया। पुलिस ने टेंपो नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

# सफाई कर्मचारी गए हड़ताल पर प्रधान को गिरफ्तार करने की मांग

## बिलसंडा चेयरमैन और रुरिया प्रधान के बीच मारपीट का मामला गरमाया

संवाददाता, पीलीभीत/बिलसंडा

**अमृत विचार** : नगर पंचायत अध्यक्ष डीके गुप्ता पर हमला करने का मामला तूल पकड़ गया। बिलसंडा नगर पंचायत के सफाई कर्मचारी हड़ताल पर चले गए और थाना पहुंचकर जमकर प्रदर्शन किया। सड़क पर भी धरने पर बैठ गए। हमला करने वाले ग्राम प्रधान की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। कई घंटे तक पुलिस समझाने में जुटी रही। चेयरमैन भी शांत कराने के लिए पहुंचे, लेकिन सफाई कर्मचारी मानने को राजी न हुए। अंत में सीओ बीसलपुर ने पहुंचकर वार्ता की और छह दिन का समय मांगा। इस पर बात बनी और दोपहर में हड़ताल खत्म कर कर्मचारी वापस काम पर लौट गए। विरोध प्रदर्शन के चलते हड़कंप मचा रहा।

बता दें कि बीते दिनों एक प्रकरण में सुलह को लेकर बुलाई गई पंचायत के दौरान ग्राम प्रधान रुरिया धुरिया कालीचरण और नगर पंचायत अध्यक्ष बिलसंडा डीके गुप्ता के पक्षों के बीच मारपीट हो गई थी। दोनों तरफ से क्रॉस रिपोर्ट बिलसंडा थाने में दर्ज कराई जा चुकी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है। शनिवार को ये मामला अचानक तूल पकड़ गया। नगर पंचायत बिलसंडा के सफाई कर्मचारी एकजुट हुए और चेयरमैन पर किए गए हमले की निंदा करते हुए आरोपी ग्राम प्रधान की तत्काल गिरफ्तारी की मांग की गई। इस दौरन सभी एकजुट होकर थाना बिलसंडा पहुंच गए। एसओ सिद्धांत शर्मा से वार्ता हुई, लेकिन सफाई कर्मचारियों का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा था। कर्मचारियों के हड़ताल पर जाने और प्रदर्शन का पता चलने पर चेयरमैन डीके गुप्ता भी पहुंच गए। उन्होंने कर्मचारियों को समझाया बुझाया। इसके बाद कर्मचारी थाने से बाहर आ गए, लेकिन उनका प्रदर्शन जारी रहा। काफी देर तक हंगामा चलता रहा। फिर सीओ बीसलपुर प्रगति चौहान भी बिलसंडा पहुंची और वार्ता चली। अंत में कार्रवाई के लिए छह दिन का समय मांगा गया। डीएम ज्ञानेंद्र सिंह ने भी चेयरमैन से दूरभाष पर वार्ता की। इसके बाद आश्वासन पर मामला शांत हुआ। हड़ताल खत्म कर कर्मचारी काम पर लौट आए। सफाई कर्मचारियों ने आरोपी ग्राम प्रधान की गिरफ्तारी की मांग से जुड़ा एसपी को संबोधित ज्ञापन भी सौंपा। इस मौके पर सफाई नायक मोनू, लक्ष्मी देवी, रोहित, शहजादे, सुमित, भगवानदास, मुकेश, रामकिशोर, मंगली, अतुल, शीतल आदि मौजूद थे। इस दौरान पुलिस के खिलाफ भी नारेबाजी की गई।



बिलसंडा थाना गेट पर प्रदर्शन करते सफाई कर्मचारी। ● अमृत विचार



सफाई कर्मचारियों से वार्ता करते चेयरमैन डीके गुप्ता।

- **थाना बिलसंडा पहुंचकर किया प्रदर्शन, पुलिस के खिलाफ की नारेबाजी**

### ईओ ने की वार्ता, बोले- चेयरमैन लड़ेंगे अपनी लड़ाई, आप करें काम

सफाई कर्मचारी हाथ में गिरफ्तार करो लिखी तख्तियां लिए झाड़ू लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। उनकी एक ही मांग थी कि आरोपी प्रधान व अन्य को गिरफ्तार किया जाए। नगर में सफाई कार्य करने भी कोई नहीं गया था। ऐसे में ईओ पहुंचे और उन्होंने भी वार्ता की। कहा कि चेयरमैन अपनी लड़ाइ लड़ेंगे, आप सभी काम पर चलिए। मगर बात नहीं बन सकी।

# बेटी ने पिता और चाचा के खिलाफ कराई एफआईआर

**पीलीभीत, अमृत विचार** : बकरी चराने गई वृद्धा की हत्या के मामले में पुलिस ने बेटी से मिली तहरीर पर एफआईआर दर्ज की है। जिसमें उसने पिता और चाचा पर अज्ञात लोगों की मदद से संपत्ति के लालच में हत्या करने का आरोप लगाया है।

बरेली के थाना भुता के ग्राम बहुआ मगरासा निवासी ललिता देवी ने जहानाबाद थाने में तहरीर दी। इसमें बताया कि उसकी मां धनदेवी फिर मार्च की दोपहर करीब एक बजे बकरी चराने के लिए घर से निकली थी। अगले दिन पांच मार्च को सुबह करीब 10 बजे ग्राम सुस्वार और पंसोली के बीच एक खेत में उसकी मां का शव पड़ा मिला। आरोप है कि उसकी मां को पिता मंशाराम व चाचा पप्पू ने अज्ञात लोगों की मदद से संपत्ति के लालच में हत्या कर दी। तहरीर में बताया गया कि उसके पिता के नाम जो भूमि है उसपर उनके चाचा पप्पू की काफी दिनों से नीयत खराब है। संपत्ति उसकी मां धनदेवी के नाम न चली जाए। इसको लेकर उसके चाचा पप्पू ने उसके पिता को बरगलाया और अज्ञात व्यक्तियों की मदद से उसकी मां की हत्या कर दी। पुलिस ने पांच मार्च को शव का पोस्टमार्टम कराया था। फिलहाल अब पुलिस मामले में पड़ताल में जुट गई है। इंस्पेक्टर जहानाबाद प्रदीप कुमार विश्नोई ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज की गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# बेसुध मिली युवती, सूचना देने वाले से उलझी पुलिस



मौके पर लगी भीड़ व मौजूद पुलिस। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **सुनगढ़ी क्षेत्र के बल्लभनगर कॉलोनी का मामला**
- **सूचना पर पहुंची पुलिस पर लोगों से अभद्रता का आरोप**

**अमृत विचार** : सुनगढ़ी क्षेत्र की बल्लभनगर कॉलोनी में शनिवार दोपहर सड़क किनारे एक युवती अचेत अवस्था में पड़ी मिली। सूचना पर पहुंची पुलिस पर आरोप है कि युवती को तत्काल अस्पताल भिजवाने के बजाय सूचना देने वाले युवक से ही उलझ गई। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद स्थिति शांत हुई और युवती को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

बता दें कि शनिवार दोपहर स्टेशन रोड से बल्लभनगर कॉलोनी की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग पर राहगीरों ने एक युवती को सड़क किनारे बेहोशी की हालत में पड़ा देखा। कुछ ही देर में वहां लोगों की भीड़ जमा हो गई। इसी दौरान राजीव कॉलोनी निवासी एक युवक ने यूपी-112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पीआरवी और स्थानीय पुलिसकर्मी मौके पर पहुंच गए। स्थानीय लोगों के अनुसार पुलिसकर्मियों ने युवती को तुरंत अस्पताल पहुंचाने की व्यवस्था करने के बजाय सूचना देने वाले युवक से ही सवाल-जवाब शुरू कर दिए। आरोप है कि इस दौरान वहां मौजूद एक होमगार्ड और अन्य पुलिसकर्मी युवक से अभद्रता करने लगे। पुलिस और युवक के बीच कहासुनी बढ़ने पर आसपास मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप किया और मामला शांत कराया। इसके बाद युवती को जिला अस्पताल भिजवाया गया। अस्पताल में उसका इलाज जारी है। फिलहाल युवती की पहचान नहीं हो सकी।

# बर्खास्त संविदाकर्मी अभिलेख लेकर गायब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **चार्ज नहीं सौंपने और फाइलें साथ ले जाने पर सीएमओ ने जारी किया नोटिस**
- **नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी के आरोप में पहले ही हो चुका है बर्खास्त**

**अमृत विचार** : ठगी करने के मामले में बर्खास्त संविदा कर्मी अरुण कुमार मौर्या विभाग के कई महत्वपूर्ण अभिलेख लेकर गायब हो गया। अभिलेख न मिलने की वजह से कई कार्य अटके हुए हैं। मामले को गंभीर मानते हुए सीएमओ ने उसे नोटिस जारी कर तत्काल चार्ज और संबंधित दस्तावेज जमा कराने के निर्देश दिए हैं।

बता दें कि सीएमओ कार्यालय में संविदा पर कार्यरत रहे अरुण कुमार पर विभागीय और बाहरी लोगों को सरकारी नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठने के आरोप लगे थे। जब कई लोगों को ठगी का एहसास हुआ तो उन्होंने डीएम , एसपी और सीएमओ से लिखित शिकायत की। प्रारंभिक जांच में आरोपों की पुष्टि होने पर सीएमओ ने कार्रवाई करते हुए अरुण कुमार को कारण बताओ नोटिस जारी किया था। संतोषजनक जवाब न मिलने पर उसे पद से बर्खास्त कर दिया गया। विभागीय नियमों के अनुसार बर्खास्तगी के बाद कर्मचारी को तुरंत अपना सरकारी चार्ज और संबंधित अभिलेख कार्यालय में जमा करने होते हैं, लेकिन अरुण ने ऐसा नहीं किया। आरोप है कि वह चार्ज छोड़े बिना ही कुछ विभागीय फाइलें और अभिलेख अपने साथ लेकर लापता हो गया है।इस मामले को अनुशासनहीनता और सरकारी कार्य में बाधा मानते हुए सीएमओ ने उसे कड़ा नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। साथ ही विभागीय स्तर पर आगे की कार्रवाई की तैयारी भी शुरू कर दी गई है। उधर, आरोपी के पिता का कहना है कि उनका बेटा फिलहाल शहर से बाहर है और उसके लौटने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

> संविदाकर्मी अरुण को ठगी के आरोपों के चलते पहले ही बर्खास्त किया जा चुका है। इसके बावजूद उसने अभी तक अपना आधिकारिक चार्ज नहीं छोड़ा है। उसे नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। यदि वह जल्द ही चार्ज नहीं सौंपता है तो उसके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। - **डॉ. आलोक कुमार**, सीएमओ

# परिवार पर किया लाठी-डंडों से हमला, कई घायल

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **डीजे की आवाज कम कराने को लेकर हुआ विवाद**
- **पुलिस ने छह लोगों के खिलाफ दर्ज की एफआईआर**

**अमृत विचार** : होली पर डीजे की तेज आवाज कम कराने का अनुरोध करना एक परिवार को भारी पड़ गया। आरोप है कि शोर कम करने की बात कहने पर दूसरे पक्ष के लोगों ने आक्रोशित होकर परिवार पर हमला कर दिया। लाठी-डंडों से हुई मारपीट में कई लोग घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने छह के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

थाना न्यूरिया क्षेत्र के गांव डंडिया निवासी श्रीकृष्ण ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि होली के मौके पर गांव के कुछ लोग अत्यधिक तेज आवाज में डीजे बजा रहे थे। शोर के कारण हो रही परेशानी को देखते हुए जब उन्होंने आरोपियों से आवाज कम करने का अनुरोध किया तो वे नाराज हो गए और गाली-गलौज करने लगे। आरोप है कि इसके बाद गांव के रामचंद्र, खेमकरन, वेदपाल, विक्की, जयवीर और नीलम समेत अन्य साथियों ने उन पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया।

चीख-पुकार सुनकर बचाने पहुंचे उनके पुत्र अनिल कुमार, हरीश कुमार, राहुल, पुत्री खुशबू और पत्नी कमला को भी आरोपियों ने मारपीट कर घायल कर दिया।

हमलावर घर में घुस आए और परिवार के अन्य सदस्यों के साथ भी मारपीट की।

शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर छह नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।

एसओ सुभाष मावी ने बताया कि डीजे को लेकर विवाद हुआ था। इस मामले में एफआईआर दर्ज कर ली गई है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### घर में घुसकर मारपीट, सात लोगों पर रिपोर्ट दर्ज

**पीलीभीत, अमृत विचार** : रंजिश के चलते कुछ लोगों ने ग्रामीण के घर पर घुसकर मारपीट कर दी। मारपीट में गंभीर रुप से घायल हो गए। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। गजरौला क्षेत्र के गांव दियूरी निवासी पूरनलाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुक्रवार सुबह वह गांव के ही अनिल कुमार, लल्लन, सुंदरलाल, देवेंद्र कुमार, मुकेश कुमार, अजय कुमार ने उसके घर पर धावा बोल दिया। आरोप है कि सभी आरोपियों ने गाली- गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। उन्होंने अपनी जान बचाने के लिए भागकर पड़ोसी के घर में छिपना पड़ा। वहां से उन्होंने यूपी-112 पर काल कर पुलिस को सूचना दी। इससे पहले भी वह उसके परिजनों के साथ मारपीट कर चुका है। उस दौरान कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। उसके बाद उन्होंने शुक्रवार को पुन: मारपीट की। पुलिस ने नामजद रिपोर्ट दर्ज की है।

# रंजिश के चलते युवक को लाठी डंडों से जमकर पीटा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **न्यूरिया थाना क्षेत्र के आराजी बौरख का मामला, 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

**अमृत विचार** : रंजिश के चलते होली की रात कुछ युवकों ने एक युवक के घर के बाहर गाली गलौज कर दी। विरोध करने पर लाठी डंडे लेकर घर में घुस गए और उसकी पिटाई कर दी। मारपीट में युवक समेत बीच-बचाव करने आए दो लोग घायल हो गए। आरोपियों पर घर में घुसकर तोड़फोड़ करने और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए।पुलिस ने तहरीर के आधार पर 12 लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

न्यूरिया क्षेत्र के गांव आराजी बौरख निवासी करन कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च की रात करीब 11 बजे गांव के ही करन वर्मा, रजत वर्मा, रेवाराम, अलकेश वर्मा, विशाल वर्मा, अमित वर्मा, खिमाईलाल, सोमपाल, प्रेमपाल, हीरेश कुमार, हसनपाल और प्रमोद वर्मा उसके घर के सामने आकर रंजिश के चलते गाली गलौज करने लगे। जब पीड़ित ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। शोर सुनकर बचाने पहुंचे सोनू और राजकुमार को भी मारपीट कर घायल कर दिया।

इतना ही नहीं हमलावर घर के अंदर घुस आए और तोड़फोड़ भी की। आसपास के लोग जुटने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चले गए। मारपीट में पीड़ित गंभीर रुप से घायल हो गया। जबकि सोनू और राजकुमार भी मामूली रुप से चोटिल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को मेडिकल कराने के बाद तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली है। एसओ न्यूरिया सुभाष मावी ने बताया कि तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

# मामा और भांजे ने युवक को रास्ते में घेरकर पीटा

**पीलीभीत, अमृत विचार** : थाना सुनगढ़ी क्षेत्र के मोहल्ला सुनगढ़ी निवासी दीपू पुत्र सूरजपाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च को राज साढ़े नौ बजे वह बाजार से अपने घर वापस जा रहा था। तभी रास्ते में मोहल्ले का ही सौरभ और उसके मामा राम ने उसको रोक लिया। आरोपियों ने उसके साथ गाली गलौज करना शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने उसकी पिटाई की। जिससे वह घायल हो गया। मोहल्ले के लोगों ने किसी तरह उसको बचाया। आरोपी पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। इंस्पेक्टर सुनगढ़ी नरेश त्यागी ने बताया कि घायल का मेडिकल कराकर रिपोर्ट दर्ज की है।

# घर पर बरामदे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **बच्चों के साथ मायके गई थी पत्नी घर में अकेला था युवक**

**अमृत विचार** : संदिग्ध परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई। उसका शव घर पर बरामदे में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

बरखेड़ा क्षेत्र के गांव खरगापुर निवासी मुकेश कुमार (42) पुत्र नन्हेलाल घर पर अकेले रह रहे थे। बताते हैं कि शुक्रवार सुबह करीब दस बजे उनकी पत्नी दो छोटे बच्चों को लेकर अपने मायके बिहार चली गई थी। इसके बाद मुकेश घर पर अकेले थे। परिजनों के मुताबिक शुक्रवार शाम करीब सात बजे मुकेश ने घर के बरामदे में रस्सी का फंदा बनाया और उसी से कुंडे के सहारे लटककर जान दे दी। घटना की जानकारी रात करीब आठ बजे उस समय हुई जब गांव की ही एक रिश्तेदार महिला उन्हें खाना देने के लिए उनके घर पहुंची। जैसे ही महिला बरामदे में पहुंची तो मुकेश का शव फंदे से लटकता देख उसके होश उड़ गए। उसने शोर मचाया तो आसपास के ग्रामीण और पड़ोसी मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# दहेज हत्या के आरोपी पति को भेजा जेल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी।

**दियोरियाकलां, अमृत विचार:** क्षेत्र के ग्राम रायपुर फाजिलपुर निवासी रानी देवी पत्नी प्रेमकुमार की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। उसका शव बीते दिनों फंदे से लटका मिला था। मृतका के पिता पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम जटपुरा निवासी रामसनेही ने पति समेत पांच ससुरालियों पर दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। एसओ गौतम सिंह ने बताया कि आरोपी को जेल भेज दिया है।

# घर में घुसकर हमला करने की एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बीसलपुर

- **आरोपी ने जान से मारने की नियत से फायर किया**

**अमृत विचार** : नगर के मोहल्ला दुबे निवासी श्वेता पत्नी आकाश ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि चार मार्च को सभी लोग होली में व्यस्त थे। पति आकाश भी मोहल्ले में ही होली खेलने गए थे। इस बीच मोहल्ले का करन पुत्र रामविलास घर में घुस आया। उसकी पति से पुरानी रंजिश है। जिसके चलते भाई अमरपाल को पीड़ित ने बुला लिया। आरोप है कि आरोपी ने जान से मारने की नियत से फायर किया। अमरपाल पर बांका से प्रहार कर घायल कर दिया। शोर पर कई लोग जमा हो गए। इस पर आरोपी भाग गए। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

**मारपीट में महिला समेत चार पर रिपोर्ट : बीसलपुर।** क्षेत्र के ग्राम सफौरा निवासी प्रदीप कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि तीन मार्च को रात करीब साढ़े दस बजे वह अपने घर पर थे। इस बीच गांव के जयविंदर पुत्र बलराम ने आकर आवाज लगाई। उनकी पत्नी ने दरवाजा खोला तो आरोपी जयविंदर, विजय, आदित्य, नन्ही देवी ने हमला कर दिया। घसीटते हुए दुकान की तरफ ले गए और मारपीट की। पीड़ित को भी पीटा। बांके से वार कर दिया, जिसमें नाक कट गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर जांच कर रही है।

### मामूली कहासुनी में दो पक्ष भिड़े, चार लोग घायल

**पीलीभीत, अमृत विचार** : दो पक्षों में किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई। जिसके बाद दोनों में जमकर मारपीट हुई। जिसमें चार लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने भिजवाया। पुलिस ने घायलों का मेडिकल कराकर क्रास रिपोर्ट दर्ज की है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मदीनाशाह निवासी मनीषा पुत्री नरेंद्र कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पांच मार्च को रात आठ बजे मोहल्ले के ही सुशील,मुकेश,आकाश,भागवती,नीलू और प्रिंस ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की। जब परिजनों ने बचाने का प्रयास किया तो उनकी भी पिटाई कर दी। आरोपियों ने जान से मारने की धमकी भी दी। इधर दूसरे पक्ष की नीलू पत्नी सुशील कुमार ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि पांच मार्च की रात नौ बजे मोहल्ले की विमला पत्नी नरेंद्र कुमार, मनीषा पुत्री नरेंद्र कुमार, उषा पुत्री नरेंद्र कुमार और अर्जुन यादव ने घर में घुसकर उसके पति सुशील कुमार के साथ मारपीट की। जब उसके पुत्र मुकेश और आकाश ने बचाने का प्रयास किया तो उनकी भी पिटाई कर दी। आसपास के लोगों के एकत्र जाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। कोतवाल सत्येंद्र कुमार ने बताया कि मामले की जांच करा रहे हैं।

# दो मोबाइल और चोरी की बाइक बरामद, भेजा जेल

संवाददाता, बीसलपुर

- **चीनी मिल चौकी के पास रेलवे क्रॉसिंग के पास दबोचा**

**अमृत विचार**: कोतवाली पुलिस ने दो युवकों को चोरी की बाइक और दो बरामद कर जेल भेज दिया है। दरोगा अतुल चौधरी ने बताया कि वह गश्त पर थे।

बारह पत्थर चौराहे पर पहुंचते ही एक सूचना पर चीनी मिल चौकी के पास रेलवे क्रॉसिंग के नजदीक सिटी अस्पताल जाने वाले रास्ते पर पुलिया की तरफ दबिश दी।

यहां से चोरी की बाइक के साथ दो आरोपी पकड़े। पूछने पर आरोपियों ने अपना नाम बरखेड़ा क्षेत्र के ग्राम जगीपुर निवासी सौरभ उर्फ अभिषेक और कस्बा बरखेड़ा के वार्ड नंबर सात मोहल्ला काहरान निवासी चंचल वर्मा उर्फ राजू बताया। दोनों के पास से एक-एक मोबाइल भी बरामद हुआ।

बाइक पर आगे पीछे नंबर प्लेट भी नहीं थी। पूछने पर आरोपियों ने बताया कि करीब डेढ़ माह पूर्व उन्होंने बाइक बरेली के उमसरिया रोड स्थित शराब के ठेके के पास से चोरी की थी। इसे बेचने के लिए बीसलपुर आए थे। बाइक चोरी का मुकदमा बरेली जनपद के कैंट थाने में लिखा है। रिपोर्ट दर्ज कर दोनों को जेल भेज दिया है।

# पत्नी ने रची थी हत्या की साजिश, तीन गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- **छह माह से एक दूसरे के संपर्क में थे कुलदीप और गुरजीत कौर**
- **जानकारी होने पर ग्रंथी ने टोका तो दोनों ने बनाई हत्या की योजना**

**अमृत विचार** : सप्ताह भर पहले पूरनपुर क्षेत्र में गुरुद्वारा के ग्रंथी पर हुए जानलेवा हमले की घटना का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। ग्रंथी पर हमला उसकी पत्नी ने कराया था।

कथित प्रेमी और उसके दोस्त के साथ मिलकर पति की हत्या की साजिश रची गई थी। फिलहाल ग्रंथी गंभीर रूप से घायल है। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बता दें कि शाहजहांपुर जिले के खुटार थाना क्षेत्र के गांव कजरा निवासी हरविंदर सिंह पिछले करीब तीन वर्ष से पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा कोन स्थित गुरुद्वारा साहिब में ग्रंथी हैं। 1 मार्च की शाम वह कढेर चौराहा से गुरुद्वारा लौट रहे थे। इसी दौरान नदहा पुलिया के पास अज्ञात हमलावरों ने उन पर लोहे के बरमे से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। इस मामले में 2 मार्च को उनकी पत्नी गुरजीत कौर की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई थी।

इस मामले में पुलिस की टीम छानबीन करने में जुटी हुई थी। पुलिस ने सर्विलांस और पुलिस की मदद से हमले में पूरनपुर क्षेत्र के ग्राम रम्पुरा कोन निवासी कुलदीप सिंह उर्फ सोनी और राकेश को नहर पुलिया के पास पकड़ लिया, जबकि ग्रंथी पर हमले की मास्टरमाइंड उसकी पत्नी गुरजीत कौर को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। शनिवार को पुलिस लाइन में सीओ पूरनपुर प्रतीक दाहिया ने घटना का खुलासा किया।

उन्होंने प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि आरोपी कुलदीप सिंह ने हमला करने की घटना को स्वीकार किया। साथ ही उसने बताया कि उसका ग्रंथी की पत्नी गुरजीत कौर से करीब छह माह से संबंध थे।

इस बात की जानकारी होने पर हरविंदर सिंह ने पत्नी को टोका था, जिसके बाद दोनों ने मिलकर उसकी हत्या की योजना बना ली। योजना के तहत गुरजीत कौर ने 1 मार्च को पति को सामान लेने के बहाने कढेर चौराहा भेजा और इसकी सूचना कुलदीप को दे दी।

इसके बाद कुलदीप सिंह और उसके साथी राकेश ने नदहा पुलिया के पास हरविंदर सिंह पर लोहे के बरमे से हमला कर दिया और उसे मृत समझकर फरार हो गए।

घायल हरविंदर सिंह का बरेली के निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त लोहे का बरमा भी बरामद कर लिया है। अब मामले में संबंधित धाराओं में बढ़ोतरी कर आरोपियों को जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

# बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सुपर स्पेशलिटी सेंटर



डा. मोहित गुप्ता
M.Ch., Neurosurgery (AIIMS)
Senior Consultant Neurosurgeon
मस्तिष्क, रीढ़ एवं नस रोग विशेषज्ञ
Reg. No. UPMCI 65389
समय - प्रातः 10 से 12:30 बजे तक
एवं सायं 6 से 8:30 बजे तक
अब डॉ. मोहित गुप्ता रविवार को भी मिलेंगे प्रातः 10 से दोपहर 1 बजे तक

सुविधायें
ब्रेन हैमरेज | स्लिप डिस्क
ब्रेन ट्यूमर | मिर्गी का दौरा
गर्दन दर्द (सर्वाइकल)
रीढ़ की चोट, टी.बी
सिर दर्द, माइग्रेन
कमर दर्द, कंधों में दर्द
पीठ दर्द, रीढ़ की गांठ
सिर की चोट (हेड इंजरी)
हाथ पैरों में झनझनाहट
फालिज (लकवा)
नसों का दर्द
सियाटिका (कमर में पैरों का दर्द)
दिमागी में पानी व खून जमना
दिमाग, रीढ़ एवं नस सम्बन्धित सभी बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन
Bareilly Neuro and Spine Super Speciality Centre
Google Maps Location
सी-427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
7417389433, 7017678157
9897287601, 8191879754



ROHILKHAND CANCER INSTITUTE
200 बेड का आधुनिक कैंसर हॉस्पिटल पिछले 5 साल से आप के बीच में
कैंसर की सम्पूर्ण देखभाल एक ही छत के नीचे
बरेली का एकमात्र PET CT
पूरे शरीर का रंगीन सीटी, कैंसर की स्टेज जानने के लिए
हमारी सेवाएं
सर्जिकल ऑन्कोलॉजी
रेडिएशन ऑन्कोलॉजी
डे केयर थेरेपी
इम्यूनोथेरेपी
कैंसर आईसीयू
फ्रोजन सेक्शन और इम्यूनोहिस्टोकेमिस्ट्री
मैमोग्राफी
कैंसर के रोकथाम की ओपीडी
इण्टरवेंशनल रेडियोलॉजी
Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana
Ayushman Bharat PM-JAY
प्रधानमंत्री आयुष्मान योजना के अन्तर्गत पाँच लाख तक का इलाज मुफ्त
Call to find out more
9582831744, 9258116087
8679315050, 8679415050
www.rohilkhandcancerinstitute.com
रोहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल कैम्पस
सुरेश शर्मा नगर, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली


# 9 से गूंजेंगी शहनाइयां, सामूहिक शादी समारोह की तैयारियां शुरू

## मंडी समिति परिसर में अधिकारियों की देखरेख में भव्य पंडाल बनाने का कार्य शुरू

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



मंडी समिति में सामूहिक विवाह समारोह को लेकर तैयार किया जा रहा भव्य पंडाल।

"सामूहिक विवाह समारोह के तहत इस बार शासन स्तर 1500 शादियों का लक्ष्य दिया गया है। प्राप्त आवेदनों का ब्लाक एवं निकाय स्तर से सत्यापन कराया जा रहा है। समारोह स्थल पर तैयारियां तेजी से चल रही है। – **चंद्रमोहन बिश्नोई**, समाज कल्याण अधिकारी

- चार विधानसभाओं के अलग-अलग तिथियों में होंगे समारोह

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के स्थानीय मंडी समिति परिसर में नौ मार्च से 12 मार्च तक विधानसभा क्षेत्रवार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित किए जाएंगें। योजना के द्वितीय चरण में करीब 1500 जोड़ों का सामूहिक विवाह संपन्न कराया जाएगा। इधर सामूहिक विवाह समारोह को मंडी समिति परिसर में तैयारियां तेजी से शुरू हो चुकी है। विवाह समारोह सकुशल संपन्न कराने के लिए जिम्मेदार देर शाम तक मंडी समिति परिसर में डटे रहे।

प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक वर्ग के साथ ही सामान्य वर्ग की गरीब बेटियों की शादी के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना संचालित की जा रही है। शासन द्वारा प्रति जोड़ा एक लाख की धनराशि खर्च की जाती है। इसमें 60 हजार रुपये कन्या के खाते में डीबीटी के माध्यम से भेजे जाएंगें। इसके अलावा 25 हजार रुपये की उपहार सामग्री पर खर्च किए जाएंगें। साथ ही सामूहिक विवाह के आयोजन पर 15 हजार रुपया प्रति जोड़ा खर्च किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिले में 466 बेटियों की शादी कराने का लक्ष्य तय किया था। इसके सापेक्ष बीते वर्ष नवंबर में विधानसभा वार सामूहिक विवाह समारोह आयोजित कर 2000 से अधिक जोड़ों की सामूहिक शादियां संपन्न कराई जा चुकी है। प्रथम चरण में सामूहिक विवाह संपन्न होने के बाद द्वितीय चरण को लेकर जनपद भर से ऑनलाइन आवेदन किए जा रहे हैं। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक द्वितीय चरण में करीब 4700 ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। जबकि शासन की ओर से द्वितीय चरण को लेकर 1500 सामूहिक शादियां का लक्ष्य तय किया गया है। इधर जिला प्रशासन की ओर से द्वितीय चरण के सामूहिक शादी कार्यक्रम को हरी झंडी मिलने के बाद विभागीय स्तर से प्राप्त आवेदनों का ब्लाक एवं निकाय स्तर पर सत्यापन कराया जा रहा है।

### जिला समाज कल्याण अधिकारी की देखरेख में चलती रही तैयारियां

जनपद के सामूहिक विवाह समारोह 09 मार्च से 12 मार्च तक जिला मुख्यालय पर स्थानीय मंडी समिति परिसर में विधानसभा वार संपन्न कराए जाएंगें। समाज कल्याण विभाग के मुताबिक विधानसभा पूरनपुर और नगर पंचायत कलीनगर क्षेत्र का सामूहिक विवाह समारोह 09 मार्च तथा सदर विधानसभा क्षेत्र के अमरिया ब्लॉक, ललौरीखेड़ा ब्लॉक, नगर पालिका क्षेत्र, नगर पंचायत जहानाबाद क्षेत्र, नगर पंचायत गुलडिया भिंडारा क्षेत्र के लोगों की शादियां 10 मार्च को होगी। वहीं बरखेड़ा विधानसभा क्षेत्र समेत नगर पंचायत क्षेत्र और न्यूरिया हुसैनपुर की शादियां 11 मार्च एवं बीसलपुर विधानसभा क्षेत्र की नगर पालिका परिषद और नगर पंचायत बिलसंडा क्षेत्र की शादियां की तिथि 12 मार्च को तय की गई है। इधर, नौ मार्च से शुरू होने वाले सामूहिक विवाह समारोह को लेकर स्थानीय मंडी समिति परिसर में तैयारियां तेजी से शुरू हो चुकी है। समारोह स्थल पर भव्य पंडाल बनाया जा रहा है। वहीं अन्य व्यवस्थाओं को लेकर पंडाल के समीप ही टैंट लगाए जा रहे हैं। शनिवार देर शाम तक जिला समाज कल्याण अधिकारी चंद्रमोहन विश्नोई की देखरेख में तैयारियां चलती रहीं।

# ट्रक के पहिए के नीचे आने से कुचला पैर, रेफर

**संवाददाता खुटार, अमृत विचार :** लखीमपुर खीरी के थाना हैदराबाद के गांव निपनिया निवासी शांति देवी (65) पत्नी डोरीलाल शनिवार दिन में सवा ग्यारह बजे दवाई लेने खुटार आई थी। वह रोडवेज बस से तिकुनियां चौराहे पर उतरी थी। अचानक मैलानी की ओर से आ रहे ट्रक की चपेट में आ गई और ट्रक के पिछले पहिए के नीचे आने से शांति देवी का पैर कुचल गया। हादसे के बाद लोगों ने शोर मचाया तो चालक ने ट्रक को रोक लिया। लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस कर्मी मनोज कुमार, राकेश मौर्य, सुनील, कीरत यादव पहुंचे और घायल शांति देवी को खुटार सीएचसी में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने घायल को जिला मेडिकल कालेज रेफर कर दिया।

उधर, सूचना मिलते ही घायल के बेटे सतीश, धर्मेश अस्पताल पहुंचे। परिजनों ने बताया कि शांति देवी घर से अकेले दवाई लेने खुटार आई थी और हादसा हो गया। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और वाहन चालक को हिरासत में ले लिया। लोगों ने बताया कि सड़क पर वाहन खड़े रहते है। इससे लोगों को परेशानी होती है और हादसों का सबब बनते है। बावजूद इसके पुलिस ध्यान नहीं दे रही। थाना प्रभारी श्यामवीर सिंह ने बताया कि वाहन को कब्जे में ले लिया गया है। घायल के परिजनों की ओर से तहरीर नहीं मिली है।

# आकाश ने बढ़ाया मान हासिल की 684वीं रैंक

संवाददाता, बीसलपुर



- 2023 से तैयारी शुरू की, तीन बार यूपीएससी में भाग लिया

**अमृत विचारः** गांव परसिया के आकाश गंगवार ने सिविल सेवा परीक्षा में 684 रैंक की हासिल की है। इससे परिवार में हर्ष है। छात्र की इस कामयाबी पर लोग परिवार को बधाई दे रहे है।

बता दें कि गांव परसिया निवासी कुंवरसेन गंगवार मत्स्य विभाग में इंस्पेक्टर के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। उनके बेटे आकाश गंगवार ने प्रारंभिक शिक्षा कक्षा 10 से 12 तक फ्रेसिंस कनवेन्श स्कूल से हांसिल की। इसके उपरांत की परीक्षा आईटीआई कानपुर इंलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग से उत्तीर्ण की। नौकरी जमेटो में साफ्टवेयर डेवलेपर था। 2023 से तैयारी शुरू की और तीन बार यूपीएससी में भाग लिया। आखिरकार लोक सेवा आयोग यूपीएससी में परीक्षा उत्तीर्ण कर 684 रैंक हांसिल कर जनपद का मान बढ़ाया है। आकाश की मां का नाम हेमेन्द्रा कुमारी है। बहन सुरभि गंगवार बंग्लोर में रहती हैं।

छात्र की इस कामयाबी पर पूरे परिवार में जश्न का माहौल है। इससे पहले इसी गांव के रवि गंगवार का आईएएस में चयन हो चुका है।

# 90 फीसदी स्ट्रीट लाइटें खराब

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत



ललौरीखेड़ा ब्लॉक में हुई पंचायत में भाकियू भानु के कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- भारतीय किसान यूनियन भानु की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत में कार्यकर्ताओं ने उठाए कई मुद्दे

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन भानु की ब्लॉक स्तरीय मासिक पंचायत ब्लॉक प्रांगण ललौरीखेड़ा में आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष सुखलाल गंगवार ने की।

ब्लॉक महामंत्री कुंजबिहारी गंगवार ने कहा कि ललौरीखेड़ा ब्लॉक की समस्त ग्राम पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाई गई है, जो अब तक लगभग 90 फीसदी खराब हो चुकी है। उन्होंने मांग की है कि इन स्ट्रीट लाइटों को तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए। ब्लॉक उपाध्यक्ष सुरेश कुमार पासवान ने कहा कि ब्लॉक प्रांगण में लगे हुए सरकारी आरओ लगभग छह माह से खराब पड़ा है, जिसे तत्काल प्रभाव से ठीक कराया जाए। उन्होंने कहा कि आगंतुकों को पीने के पानी की बड़ी समस्या हो रही है। तहसील अध्यक्ष पीलीभीत नंदकिशोर राठौर ने कहा कि ललौरीखेड़ा रेलवे स्टेशन को हाल्ट बना दिया है। उन्होंने मांग की है कि इसे दोबारा से स्टेशन बनाया जाए और स्टेशन तक रास्ता बहुत खराब है, इसे ठीक कराया जाए और पक्की रोड डलवाई जाए। इस मौके पर अनोखेलाल गंगवार, रामावतार मौर्य, बेनीराम मौर्य, ओमकार पासवान, सोहनलाल, सेवाराम, निर्मल, सत्येंद्र, प्रदुमन, ध्रुव कुमार, सियाराम, ओम प्रकाश राजपूत, बाबूराम वर्मा, धर्मेंद्र कुमार गुप्ता, शालिग्राम, रामवती, कलावती, चंद्रा देवी, शांति देवी आदि मौजूद थे।

# हादसे में जीजा की मौत, युवक घायल

**मदनापुर, अमृत विचार :** मदनापुर थाना क्षेत्र के गांव मडिया निवासी विकास मिश्रा ने अपनी बहन चांदनी की शादी दो साल पहले 24 वर्षीय आकाश तिवारी निवासी गढ़ी पूर्वी थाना कांट के साथ की थी। उसके जीजा उत्तराखंड में रुद्रपुर में एक निजी कंपनी में नौकरी करते थे। वह होली पर अपने घर कांट आए थे। आकाश तिवारी होली का त्योहार मनाने अपनी ससुराल आया हुआ था। आकाश अपने बहनोई विकास मिश्रा के साथ होली मिलने रिश्तेदारी में गया था। शुक्रवार की शाम दोनों लोग बाइक से मडिया गांव लौट रहे थे। गांव गिरधरपुर-सहौरा के बीच ट्रैक्टर-ट्रॉली ने बाइक को टक्कर मार दी, जिससे दोनों लोग घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर मदनापुर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों घायलों को मदनापुर सीएचसी पर भेज दिया। डाक्टर ने आकाश को मृत घोषित कर दिया।

# फारेस्ट एनओसी से संबंधित ऋणों के प्रपत्रों की होगी जांच

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

- पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने जिलाधिकारी को पत्र भेजकर किया अनुरोध
- फर्जी हस्ताक्षर का मामला सामने आने के बाद हरकत में आया वन महकमा

**अमृत विचार :** टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर और फर्जी प्रपत्र तैयार कर करोड़ों का लोन लेने के मामले का खुलासा होने के बाद वन महकमा खासा सतर्क हो गया है। फारेस्ट एनओसी या इससे संबंधित किसी भी दस्तावेज के आधार पर बैंकों से लिए गए ऋण के आवेदनों की जांच हो सकती है। इस बाबत पीटीआर के डिप्टी डायरेक्टर ने डीएम को पत्र भेजा है।

बीते दिवस माधोटांडा क्षेत्र के एक व्यक्ति ने करोड़ों का लोन के लिए किए गए आवेदन के साथ पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर के फर्जी हस्ताक्षर किया पत्र बैंक को अन्य अभिलेखों के साथ दिया था। इसका खुलासा तब हुआ, जब संबंधित बैंक द्वारा डिप्टी डायरेक्टर से उनके हस्ताक्षर के संबंध में जानकारी की गई। मामला संज्ञान में आने के बाद डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने एसपी को पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज कराने का अनुरोध किया था। इधर वन अफसर के फर्जी हस्ताक्षर का मामला सामने आने के बाद वन महकमा खासा सतर्क हो गया है। वन महकमे को आशंका यह भी है कि कहीं अन्य ने भी इस तरह से फर्जी हस्ताक्षर या फिर फर्जी प्रपत्र लगाकर कहीं बैंकों से लोन तो नहीं लिया है। फिलहाल इस मामले को लेकर डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने डीएम ज्ञानेंद्र सिंह को एक पत्र भेजा है। भेजे गए पत्र में फर्जी हस्ताक्षर मामले से अवगत कराते हुए कहा गया है कि कूटरचित दस्तावेजों के आधार संबंधित आवेदन बैंक में प्रस्तुत किया गया था। बैंक द्वारा सत्यापन के दौरान मामले की जानकारी हुई है। ऐसे में यदि वन विभाग की तरफ से जारी किसी भी पत्र के आधार पर अगर बैंकों के माध्यम से पूर्व में किसी को ऋण दिया गया है तो उससे संबंधित दस्तावेज की बैंक प्रबंधन द्वारा जांच करा ली जाए। इस मामले में टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी को तहरीर भेजी गई है। मामले की जांच की जा रही है। इस मामले में पूर्व में वन विभाग की एनओसी या किसी अन्य प्रपत्र के माध्यम से लिए गए ऋण आवेदनों की जांच को लेकर जिलाधिकारी को भी पत्र भेजा गया है।

# ससुराल वालों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सदर बाजार थाना क्षेत्र के गांव मऊ वासक निवासी नंदराम ने पुवायां थाना पर दी गई तहरीर में बताया कि उसने अपनी पुत्री ऊषा की शादी छह साल पहले गांव रहदेवा निवासी राजीव कुमार के साथ की थी। दहेज में पांच लाख रुपये की मांग को लेकर ऊषा को ससुराल वाले प्रताड़ित किया करते थे। उन्होंने तीन साल पहले दामाद को मकान बनाने के लिए डेढ़ लाख रुपये दिए थे। पुत्री ने मायके आने पर बताया कि उसके पति के किसी अन्य महिला संबंध है। पूरा परिवार मिलकर राजीव की दूसरी शादी करना चाहते है। आरोप है कि 05 मार्च की रात में ससुराल वालों ने ऊषा को मारा पीटा और फंदे से लटकाकर हत्या कर दी। घटनाक्रम को पुत्री के बच्चों ने देखा है। थाना प्रभारी रवि करण ने बताया कि तहरीर के आधार पति समेत सात लोगों के खिलाफ दहेज हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गयी है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002





डॉ. हारिस अंसारी
एम.एस., एम.सी.एच. (यूरोलॉजी)
Consultant Urologist & Andrologist
गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली की पथरी व कैंसर सर्जन
● प्रोस्टेट (गदूद का आपरेशन) (TURP) ● गुर्दे की पथरी का आपरेशन (PCNL) ● गुर्दे की नली (यूरेटस) की पथरी का ऑपरेशन (URSC) ● पेशाब के समस्त प्रकार के रोगों का इलाज
कैशलेस, इंश्योरेंस, TPA व ESI आयुष्मान से अनुबन्धित अस्पताल
डॉ. एम. खान हॉस्पिटल
मल्टी स्पेशलिटी व क्रिटिकल केयर सेन्टर स्टेडियम रोड, निकट सेंट फ्रांसिस स्कूल, बरेली
हेल्पलाईन 9897838286, 9837549348


# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुई गोष्ठी

संवाददाता, बीसलपुर



गोष्ठी में प्रवक्ता और प्रशिक्षु।

**अमृत विचारः** शफ़ी डिग्री कॉलेज में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका के बारे में विस्तार से चर्चा की गई। संचालन बीएड की प्रशिक्षु मंज़िल रस्तोगी ने किया। शुभांशी, प्रतिभा, प्रियंका, श्वेता गुप्ता, निधि गंगवार आदि ने महिलाओं के अधिकारों और उनकी भूमिका के बारे में विचार व्यक्त किए। महाविद्यालय के समन्वयक अनीस बेग ने कहा कि महिलाएं समाज की रीढ़ हैं और उनकी भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। फईम सिद्दीकी ने बताया कि संपूर्ण विश्व में नारी को सशक्त बनाने के लिए एवं उनके अधिकारों की रक्षा के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रवक्ता शोभना शुक्ला ने कहा कि महिला की क्षमता को नज़रअंदाज करके समाज की कल्पना करना व्यर्थ है। प्राचार्य डॉ.राजेन्द्र कुमार, प्रवक्ता प्रदीप कुमार, अनिल कुमार, चिरंजीव गंगवार, मोहम्मद सज्जन, अमित कुमार आदि मौजूद रहे। अन्त में प्रवक्ता रविन्द्रपाल सिंह गंगवार ने आभार व्यक्त किया।



**इफ्तार** रविवार सुन्नी: 6:14 शिया: 6:16

**सहरी** सोमवार सुन्नी: 4:58 शिया: 5:00

## न्यूज ब्रीफ

### नौ शिकायतों में से एक का किया निस्तारण

**मितौली, अमृत विचार :** तहसील परिसर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम मधुसूदन गुप्ता वी सीओ यदुवेन्द्र यादव की मौजूदगी में किया गया। जिसमें विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 9 शिकायतें दर्ज की गईं। प्राप्त विवरण के अनुसार, राजस्व विभाग की 3, पुलिस विभाग की 3 और आपूर्ति विभाग की 2 शिकायतें आईं। इसके अलावा राजस्व से संबंधित एक अन्य मामला भी सामने आया। अधिकारियों द्वारा जनसुनवाई के दौरान त्वरित कार्रवाई करते हुए राजस्व विभाग की एक शिकायत का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। शेष शिकायतों को संबंधित विभाग के अधिकारियों को सौंपते हुए गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए हैं।

### घर में घुसकर महिला से मारपीट, अभद्रता

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने बताया कि शाम करीब छह बजे पड़ोसी विजय पाल उसके घर पहुंच गया और गाली गलौज करते हुए उसके साथ अभद्रता करते हुए अश्लील हरकतें करने लगा। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपी ने उसे लात-घूसों से पीटना शुरू कर दिया। इससे वह घायल हो गई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### संस्था की आवश्यक बैठक आज

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** कुशवाहा, मौर्य, शाक्य, सैनी मानव कल्याण संस्थान के प्रदेश महामंत्री राजेंद्र सिंह कुशवाहा ने बताया कि संस्थान की आवश्यक बैठक आठ मार्च रविवार को पूर्वाह्न 11 बजे से संस्थान के अध्यक्ष जनार्दन मौर्य के मोहल्ला मुन्नूगंज स्थित आवास पर होगी, जिसमें संगठन की सुदृढ़ता और अधूरे पड़े सम्राट अशोक भवन के संबंध में विचार विमर्श किया जाएगा।

### विधानसभा चुनाव से पहले वायरल कार्टून से गरमाया माहौल, विरोधियों ने उठाए सवाल

# बाढ़ पीड़ितों में नोट बांटते दर्शाने वाले कार्टून से छिड़ी सियासी जंग

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** पलिया विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों एक वायरल कार्टून को लेकर सियासी माहौल गरमा गया है। क्षेत्र के पूर्व ब्लाक प्रमुख और सपा नेता प्रीतइंटर सिंह कक्कू द्वारा सोशल मीडिया पर साझा किए गए इस कार्टून में सूट-बूट पहने एक मोटे व्यक्ति को बाढ़ प्रभावित इलाके में फंसे लोगों को नोट बांटते हुए दिखाया गया है।

कार्टून में उस व्यक्ति की जेबों से भी नोट झांकते हुए दर्शाए गए हैं, जबकि पीछे की पृष्ठभूमि में जेसीबी मशीन से खनन का दृश्य दिखाया गया है।

राजनीतिक गलियारों में इस कार्टून को पलिया से भाजपा विधायक रोमी साहनी पर तंज के रूप में देखा जा रहा है। दरअसल विधायक साहनी अक्सर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों को आर्थिक मदद देने को लेकर चर्चा में रहते हैं और उनके समर्थक इसे जनसेवा का हिस्सा बताते हैं।




सपा नेता की फेसबुक वॉल पर वायरल कॉर्टून।

वायरल कार्टून में बाढ़ क्षेत्र का दृश्य दिखाकर यह संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक ओर लोग आपदा से जूझ रहे हैं, वहीं दूसरी ओर नोटों के सहारे मदद की राजनीति हो रही है। कार्टून की पृष्ठभूमि में दिख रही जेसीबी मशीन और खनन का दृश्य भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर अलग-अलग तरह की व्याख्याएं की जा रही हैं।

भाजपा समर्थकों का कहना है कि यह कार्टून जनसेवा को बदनाम करने की कोशिश है। उनका तर्क है कि विधायक द्वारा जरूरतमंदों की आर्थिक मदद को गलत तरीके से पेश किया जा रहा है। वहीं विपक्षी खेमे के लोग इसे प्रतीकात्मक व्यंग्य बताते हुए कहते हैं कि कार्टून राजनीति में सवाल उठाने का एक माध्यम है। अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह के व्यंग्य और राजनीतिक कटाक्षों का दौर तेज होने लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि सोशल मीडिया अब चुनावी माहौल बनाने और विरोधियों पर हमला करने का बड़ा मंच बन चुका है, जहां एक कार्टून भी बड़े राजनीतिक संदेश का जरिया बन जाता है। फिलहाल यह कार्टून क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे अपने-अपने नजरिये से देख रहे हैं।

### कॉर्टून के माध्यम से सिस्टम पर सवाल उठाया है न कि व्यक्ति विशेष पर



पूर्व ब्लाक प्रमुख और सपा नेता प्रीतइंटर सिंह कक्कू का वायरल कॉर्टून की बाबत कहना है कि भाजपा सरकार में सिस्टम पूरी तरह फेल हो गया है। आम आदमी परेशान है। जनता का कोई पुरसाहाल नहीं है, इसलिए उन्होंने कॉर्टून के माध्यम से व्यवस्था पर चोट की है। सिस्टम पर सवाल उठाया है न कि किसी व्यक्ति विशेष पर। वह बगैर किसी का नाम लिए कहते हैं कि कोई इस कॉर्टून को खुद का समझ ले तो मैं क्या कर सकता हूं।

### विधायक बोले- गरीबों का मजाक उड़ाना दुर्भायपूर्ण



भाजपा विधायक रोमी साहनी ने कहा है कि गरीब की मदद करने के लिए बहुत बड़ा दिल चाहिए होता है। किसी की लाश पड़ी होती है और उसके घर परिवार में पैसे नहीं होते हैं कि अंतिम संस्कार कैसे हो। तब वह पहुंचते हैं, तब पता लगता है कि पैसा क्या होता है। बच्चों की फीस जमा करनी हो, किसी बेटी की शादी हो, कोई गरीब तड़प रहा होता है तो वह (रोमी साहनी) खड़े होकर उसे दवाई दिलाते हैं, ऑपरेशन कराते हैं। पेमेंट करते हैं। इसी तरह गरीब बच्चों की फीस और बेटी की शादी कराते हैं। इन सब चीजों की मजाक उड़ाना, अत्यंत शर्मनाक है। विधायक साहनी हमलावर होते हुए कहते हैं कि आप चुनावों में करोड़ों रुपये खर्च कर दे रहे हैं। चुनाव होने के बाद गायब हो जाते हैं। फिर चुनाव आ जाता है तो पब्लिक के पास आ जाते हैं। चार-पांच साल जनता से कोई वास्ता नहीं रखते और चुनाव आने पर नये-नये प्रपंच रचते हैं। उन्होंने इसे अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए कहा कि ऐसे लोग अब पब्लिक को झांसा नहीं दे पाएंगे।

### मंदिर की जमीन पर कब्जे का प्रयास

**निघासन, अमृत विचार:** कोतवाली निघासन क्षेत्र के ग्राम खैरहनी में स्थित श्री हनुमान मंदिर की भूमि पर कब्जे के प्रयास और मारपीट का मामला सामने आया है। मंदिर न्यासी हरद्वारी लाल पांडेय ने बताया कि ग्राम खैरहनी में हनुमान जी के नाम दर्ज भूमि संख्या 321/1 पर मंदिर बना हुआ है। मंदिर परिसर से जुड़े खाली स्थान पर जुलाई 2025 में कृषि कार्य के लिए निकास द्वार बनाने का प्रयास किया गया था, जिसको लेकर कुछ लोगों ने विवाद खड़ा कर दिया था। आरोप है कि सुबह करीब 3:45 बजे छंगा लाल, गंगा देवी, अनूप कुमार, अरुण कुमार, रीना देवी, रामगोपाल, पूजा और रामसागर सहित कई लोग एक राय होकर मंदिर की जमीन पर पहुंचे और वहां जबरन दो छप्पर डाल दिए। पीड़ित का कहना है कि विरोध पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और असलहे दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। शोर सुनकर परिजन और गांव के लोग पहुंचे, जिसके बाद आरोपी धमकी देते हुए चले गए। उन्होंने सूचना यूपी 112 पुलिस को दी। पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। प्रभारी निरीक्षक महेश चंद ने बताया कि मंदिर न्यासी की तहरीर पर आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच एसआई राजेन्द्र कुमार तिवारी को सौंपी गई है।

# सीएनजी भरा ट्रक पलटा, गैस रिसाव से मचा हड़कंप

### नगर के खखरा चौराहे पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड और पुलिस बल ने संभाला मोर्चा, एहतियातन सभी रास्तों को किया गया बंद

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी।**

**अमृत विचार:** शहर के व्यस्त और प्रमुख खखरा चौराहे पर शनिवार को उस समय अफरा-तफरी का माहौल बन गया, जब सीएनजी से भरा एक ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें भरी सीएनजी गैस का तेज रिसाव शुरू हो गया, जिससे आसपास के इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर मौजूद राहगीरों और दुकानदारों में भगदड़ की स्थिति बन गई और लोग अपनी सुरक्षा को लेकर इधर-उधर भागने लगे।

यह घटना पंडित दीनदयाल इंटर कॉलेज के पास स्थित खखरा चौराहे पर हुई, जो शहर के सबसे व्यस्त मार्गों में से एक माना जाता है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चौराहे की ओर आ रहा था। इसी दौरान अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया और ट्रक सड़क किनारे पलट गया। ट्रक के पलटते ही उसमें मौजूद सीएनजी टैंकों से गैस का रिसाव शुरू हो गया, जिससे कुछ ही मिनटों में आसपास के इलाके में गैस की तेज गंध फैल गई। गैस रिसाव की सूचना मिलते ही आसपास के दुकानदारों ने तुरंत अपनी दुकानें बंद कर दीं और लोग सुरक्षित स्थानों की ओर चले गए।

चौराहे पर कुछ ही देर में भीड़ जमा हो गई, लेकिन गैस रिसाव की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने लोगों को तत्काल वहां से हटाना शुरू कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। संभावित बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने खखरा चौराहे से गुजरने वाले सभी रास्तों को बंद करा दिया।

पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर पूरे इलाके को सुरक्षा घेराबंदी में ले लिया और आसपास के लोगों तथा दुकानदारों को सुरक्षित दूरी बनाए रखने के निर्देश दिए। फायर ब्रिगेड के जवानों ने मौके पर पहुंचकर गैस रिसाव को नियंत्रित करने का प्रयास शुरू किया। इस दौरान सुरक्षा के लिहाज से विशेष सावधानी बरती गई। किसी भी प्रकार की चिंगारी या आग लगने की संभावना को देखते हुए आसपास के लोगों को मोबाइल फोन का सीमित उपयोग करने और किसी भी प्रकार की आग या ज्वलनशील वस्तु का प्रयोग न करने की सलाह दी गई।



मार्ग पर बाइक खड़ी कर यातायात रोकते पुलिसकर्मी। ● अमृत विचार



सिलेंडर से लीक हो रही गैस को रोकने की कोशिश करते पुलिसकर्मी।

सुरक्षा व्यवस्था के तहत चौराहे के आसपास यातायात पूरी तरह रोक दिया गया, जिससे कुछ समय के लिए शहर के कई प्रमुख मार्गों पर ट्रैफिक प्रभावित रहा। पुलिसकर्मी लगातार लोगों को समझाकर घटना स्थल से दूर रहने की अपील करते रहे। घटना की जानकारी मिलने के बाद प्रशासनिक अधिकारी भी मौके पर पहुंच गए और हालात का जायजा लिया गया।

अधिकारियों ने फायर ब्रिगेड और पुलिस कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिए और स्थिति को जल्द से जल्द सामान्य करने के लिए समन्वय के साथ काम किया। पुलिस ने ट्रक चालक के बारे में जानकारी जुटाने के साथ ही दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में माना जा रहा है कि ट्रक की तेज रफ्तार, अचानक मोड़ या चालक द्वारा संतुलन खो देने के कारण यह हादसा हुआ होगा। हालांकि वास्तविक कारणों का पता विस्तृत जांच के बाद ही चल सकेगा।

गनीमत यह रही कि इस हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की सूचना नहीं मिली है। स्थानीय लोग भी घटना को लेकर काफी देर तक चिंतित नजर आए।

- **गैस रिसाव से इलाके में दहशत लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की हिदायत**

> पूरी सावधानी बरतते हुए गैस रिसाव को नियंत्रित कर यातायात बहाल कर दिया गया है। दुर्घटना की जांच कराई जा रही है।
> – **डॉ. अश्वनी कुमार सिंह,** एसडीएम सदर।



खकरा चौराहा पर पलटा सीएनजी से भरा ट्रक।

## गांव मझरा पश्चिम में बाघ ने ग्रामीण का किया शिकार

**संवाददाता, संपूर्णानगर**

**अमृत विचार:** वन रेंज संपूर्णानगर के मझरा पश्चिम में बाघ के हमले में ग्रामीण की मौत हो गई। बाघ उसे रास्ते से उठाकर गन्ने के खेत में ले गया, जहां उसका आधा खाया शव शनिवार सुबह बरामद हुआ। घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है।

गांव मझरा पश्चिम निवासी प्रगट सिंह (55) शुक्रवार को किसी काम से इंद्रानगर गए थे। देर शाम घर लौट रहे थे। बताया जा रहा है कि सड़क से घर जाने के लिए वह चक रोड से पैदल जा रहे थे, तभी रास्ते में बाघ ने हमला कर दिया। बाघ उन्हें दबोचकर पास के गन्ने के खेत में ले गया और वहीं शिकार बना लिया। मृतक की भाभी बलजिंदर कौर ने बताया कि प्रगट सिंह शुक्रवार शाम घर से निकले थे, लेकिन देर रात तक वापस नहीं लौटे।



मृतक प्रगट सिंह।

परिजनों ने सोचा कि वह कहीं रुक गए होंगे, लेकिन सुबह तक घर नहीं पहुंचे तो चिंता बढ़ गई। शनिवार सुबह पड़ोसी दलजीत सिंह जब चीनी मिल से गन्ना तौलाकर उसी रास्ते से लौट रहा था, तब रास्ते में उसे जूता और पगड़ी पड़ी दिखाई दी। शक होने पर उसने ग्रामीणों को सूचना दी। इसके बाद लोग मौके पर पहुंचे और तलाश शुरू की। कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में करीब 100 मीटर अंदर प्रगट सिंह का आधा खाया हुआ शव पड़ा मिला।

- **लौटते समय रास्ते से उठाकर ले गया बाघ गन्ने के खेत में मिला आधा खाया शव**

सूचना वन विभाग को दी गई, लेकिन ग्रामीणों का आरोप है कि काफी देर बाद वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची। इससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। लोगों का कहना है कि इलाके में लगातार बाघ के हमले हो रहे हैं, लेकिन वन विभाग केवल पिंजरे लगाकर खानापूर्ति कर रहा है। संपूर्णानगर थाना प्रभारी कृष्ण कुमार भी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की जानकारी ली। घटना के बाद से पूरे क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीणों ने वन विभाग से बाघ को पकड़ने के लिए ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## कोटखेरवा गांव में बकरी चरा रही युवती बाघ के हमले में घायल

**संवाददाता, बिलहरी/केशवापुर**

**अमृत विचार:** मोहम्मदी वनरेंज की बिलहरी बीट के कोटखेरवा गांव में बकरी चराने गई युवती पर बाघ ने पीछे से हमला कर दिया, जिसमें वह गंभीर घायल हो गई। हमले की सूचना पर वन विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे। डीएफओ तापस मिहित ने भी घटनास्थल का जायजा लिया है।

कोटखेरवा गांव निवासी राजप्रभा (18) पुत्री लालता प्रसाद कई महिलाओं के साथ खेत में बकरी चरा रही थी। तभी बाघ ने गन्ने के खेत से निकलकर अचानक हमला कर दिया, जिससे युवती घायल हो गई। साथ में गांव की अन्य महिलाओं व खेतो में काम कर रहे किसानों के शोर मचाने पर बाघ ने युवती को छोड़ दिया, लेकिन सरसों कटे खेत में चर रही बकरी पर झपट्टा मारकर दबोच लिया और पास के ही सुनील कुमार के गन्ने के खेत मे घुसकर अपना निवाला बना लिया।



कोटखेरवा की महिलाओं से घटना की जानकारी करते डीएफओ तापस मिहिर।

बकरी चरा रहीं महिलाओं मीना देवी, किरन राज, सोमा देवी, रामवती आदि ने राजप्रभा को शोर मचाकर किसी तरह बाघ से बचाया। घटना की जानकारी गांव वालों को दी। सैकड़ों ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचे और खेत को चारों तरफ से घेर लिया। घायल युवती को सीएचसी गोला भेजा गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना डायल 112 और वन विभाग को दी। मौके पर दलबल के साथ पहुंचे थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील कुमार मलिक व वनकर्मियों ने मौका मुआयना किया। ग्रामीणों ने बताया कि बाघ काफी समय से क्षेत्र में मौजूद था, जिसकी सूचना वन विभाग को पहले से थी लेकिन वन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया।

बाघ के हमले की जानकारी मिलते ही डीएफओ साउथ तापस मिहिर, रेंजर मोहम्मदी निर्भय प्रताप शाही ने घटनास्थल का दौरा किया। बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिए गन्ने के खेत के चारों किनारों पर चार ट्रेप कैमरे लगाए गए हैं।

- **डीएफओ खीरी ने किया मौका मुआयना**

> कोटखेरवा में बाघ के हमले की जानकारी मिली है। घायल युवती को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है, बकरी का मुआवजा दिलाया जाएगा।
> –**निर्भय प्रताप शाही,** रेंजर मोहम्मदी वन रेंज।

> मौके पर जाकर मौका मुआयना भी किया है। युवती को इलाज के लिये खर्चा दिया गया है। मौके पर वन विभाग की टीम के द्वारा चार नाइट विजन कैमरे लगाये गये हैं। वन विभाग के द्वारा मौके पर बाघ की लोकेशन ट्रेस करने के लिये टीम लगाई गई है।
> –**तापस मिहिर,** डीएफओ लखीमपुर खीरी।

**अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस** आधी आबादी की विशेषताएं ही उनके लिए पुरुषों से अलग और समाज में महत्वपूर्ण बनाती हैं

# वह कोमल हैं, पर कमजोर नहीं, हौसले थे फौलादी तो चट्टानी मुसीबतें भी हारीं

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** आधी आबादी की विशेषताएं ही उन्हें पुरुषों से कहीं अलग और समाज में महत्वपूर्ण बनाती हैं। वह कोमल हैं, पर कमजोर नहीं। संवेदना की प्रतिमूर्ति हैं, पर इरादे फौलादी हैं। आत्मबल की बात करें तो इतना प्रखर, जिसे हम सोच भी नहीं सकते, जबकि स्वभाव बेहद सजल होता है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर जिले के अलग-अलग इलाकों की उन महिलाओं से अमृत विचार ने बात की, जिनके इरादे फौलाद थे। इसी के बूते उन्होंने चट्टान जैसी मुसीबतों को भी मात दे दी। किसी ने अपने कारोबार में तो किसी ने खेल तो किसी ने शिक्षा आदि अलग-अलग सामाजिक परिवेश में इन महिलाओं ने न सिर्फ मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर अपना जीवन सफल बनाया, बल्कि उनका संघर्ष समाज की हर तबके की महिलाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन गया।



अपने हस्तशिल्प उत्पादों के साथ आरती राना। ● अमृत विचार

### थारू महिलाओं को रोजगार दिला रहीं आरती राना

**पलिया कलां।** तहसील पलिया के थारू जनजाति बहुल ग्राम गोबरौला चंदनचौकी की निवासी आरती राना हस्तशिल्प में महिलाओं को हुनरमंद कर रोजगार दे रही हैं। वह आदिवासी थारू महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें समृद्ध और आत्मनिर्भर बनाने का काम कर रही है। आठ मार्च 2022 को आरती राना को राष्ट्रपति द्वारा दिल्ली में नारी शक्ति पुरस्कार देकर सम्मानित किया था। वहीं 2016 में उन्हें यूपी सरकार की ओर से लक्ष्मीबाई पुरस्कार मिल चुका है। दुधवा टाइगर रिजर्व के निकट के जंगलों, बागों व खेत-खलिहानों में पाए जाने वाले विभिन्न खरफूस एवं घासों आदि से उन्होंने पहले स्वयं आकर्षक डलिया, कैप, बैग, मोबाइल कवर, मैगजीन बैग, पायदान, झूला, बेल्ट, बंदनवार, हाथू पंखा, पारंपरिक थारू ड्रेस, जूते, चप्पल एवं हैंडलूम की बेडशीट आदि बनाना सीखा और इसके बाद उन्होंने वर्ष 1997 में हथकरघा का प्रशिक्षण प्राप्त किया। पश्चात 2003 में गांव की एक दर्जन थारू महिलाओं का समूह बनाकर कार्य का शुभारंभ किया। प्रारंभ में आर्थिक कठिनाइयां भी झेलीं, किंतु बैंक व डब्ल्यूडब्ल्यूएफ आदि की मदद से उन्होंने समूह बनाए। आज उनके निर्देशन में 500 से अधिक महिलाएं एक जिला एक उत्पाद के तहत जहां काम कर रही हैं, वहीं सैंकड़ों आजीविका मिशन से भी जुड़ी हैं। इस प्रकार उन्होंने अनेक आदिवासी एवं अन्य महिलाओं के समूह बनाकर उन्हें भी रोजगार से जोड़ा। हस्तशिल्प के मामले में वह जिले में अपनी विशिष्ट कला और हुनर के चलते पहचानी जाती हैं, साथ ही वे अभीतक लखनऊ, दिल्ली, गोवा आदि अनेक स्थानों पर लगने वाली हस्तशिल्प प्रदर्शनियों में भी अपने उत्पादों की प्रदर्शनी लगा चुकी हैं।

### माता-पिता के सपनों को साकार कर रहीं शशिबाला



**गोला गोकर्णनाथ।** स्वामी विवेकानंद बाल उद्यान की प्रधानाचार्य 64 वर्षीय शशिबाला रावड़ा ने अपने परिवार में बेटे की तरह भूमिका निभाकर चार बहनों की शादी की, किंतु परिवार और विद्यालय की देखभाल के लिये स्वयं अपनी शादी नहीं की है। अविवाहित रहकर उन्होंने अपना सारा जीवन शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में खपा दिया। उनके पिता ने 1985 में विद्यालय की स्थापना की थी। पांच बहनों में सबसे बड़ी शशिबाला रावड़ा रावड़ा बताती हैं कि 1996 में उनके पिता शिवकुमार रावड़ा और उसके बाद मां राजकुमारी के निधन बाद वह अपने विद्यालय के संचालन में लग गईं। अपने निजी जीवन को दरकिनार कर अपनी दो बहनों को पढ़ाया लिखाया, उनकी शादी की। वह अब तक 22 हजार बच्चों को शिक्षा दे चुकी हैं। उनके यहां के पढ़े बच्चे आईएएस और आईपीएस में भी चयनित हो चुके हैं। वह कहती हैं कि उन्हें महापुरुष और क्रांतिकारियों की पुस्तकें पढ़कर अपने जीवन को विषम परिस्थितियों में लड़ने के लिए तैयार कर लेती हैं।

### डॉ. श्रद्धा की सफलता का कैनवास



**गोला गोकर्णनाथ।** राज्य ललित कला अकादमी के संस्कृति विभाग में निदेशक डॉ. श्रद्धा शुक्ला वर्ष 1988 में लखीमपुर के एक मध्यमवर्गीय परिवार में जन्मीं और संघर्ष कर अपनी अलग पहचान बनाई। पांच भाई-बहनों के बीच पली-बढ़ीं श्रद्धा को माता-पिता ने सीमित संसाधनों के बावजूद शिक्षा के लिए हमेशा प्रोत्साहित किया। बचपन से ही उनका रुझान चित्रकला की ओर था। वर्ष 2006 में उनका चयन लखनऊ विश्वविद्यालय के कला एवं शिल्प महाविद्यालय में बीएफए (अप्लाइड आर्ट) के लिए हुआ और 2010 में एमएफए में प्रवेश लिया। पढ़ाई के दौरान उन्होंने पार्ट-टाइम काम कर व्यावहारिक अनुभव भी हासिल किया। 2014 में नेट उत्तीर्ण करने के बाद 2015 में वनस्थली विद्यापीठ से पीएचडी शुरू की। 2016 में मनिपाल यूनिवर्सिटी, जयपुर में सहायक आचार्य बनीं और 2018 में दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के स्थायी पद पर चयन हुआ। वर्ष 2023 में उन्हें उत्तर प्रदेश संस्कृति विभाग की राज्य ललित कला अकादमी का निदेशक नियुक्त किया गया।

### घर में घुसकर महिला पर कुदाल से हमला

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार:** कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम महेवा मजरा ओदरहना में रास्ते के विवाद को लेकर घर में घुसकर आरोपियों ने महिला पर कुदाल से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। गांव निवासी रिंकी ने बताया कि वह अपने बच्चों के साथ घर पर होली मना रही थी। इसी दौरान गांव के ही तुलसी पुत्र स्व. नत्थू और उसका पुत्र नीरज घर में जबरन घुस आए। आरोप है कि दोनों आरोपियों ने रास्ते के विवाद को लेकर दबाव बनाते हुए कब्जा करने की कोशिश की। जब महिला ने इसका विरोध किया तो तुलसी ने कुदाल से उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता का आरोप है कि मारपीट के बाद दोनों आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद से महिला और उसका परिवार दहशत में है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अम्बा हैल्थ क्लीनिक
डॉ.आर.एस.सिंह
B.A.M.S.
(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
30 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Tredmark Clinic
★पतले-दुबले
★गाल पिचके
★कमजोर स्त्री-पुरुष
★मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए
परामर्श लें।
चिकित्सा जानकारी
भूख न लगना, अपच, कब्ज, गैस बनना, खाने के बाद शौचालय जाना, बच्चों का शारीरिक विकास न होना, पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना, बच्चों का बिस्तर गीला करना, मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना, कील-मुंहासे, झाइयां, सफेद दागों व सावलापन हटाना, सुन्दर दिखाना, बालों का समय से पहले झड़ना, टूटना, सफेद होना एवं गंजापन होना, खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।
किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा बीड़ी, सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।
स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना
वैवाहिक जीवन को सफल बनायें
अविकसित सीना को सुडौल आकर्षक बनायें
Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में देखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें
डॉ. साहब
आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारंटी नहीं दे सकते
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :-
8 मार्च 2026, रविवार
22 मार्च 2026, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# शिकायतों का गुणवत्तापरक करें निस्तारण

## एसपी ने अधिकारियों को दिए निर्देश, सीडीओ की अध्यक्षता में आयोजित किया गया सम्पूर्ण समाधान दिवस

**संवाददाता, लखीमपुर/पलिया**

**अमृत विचार:** शनिवार को सीडीओ अभिषेक कुमार की अध्यक्षता में तहसील पलिया के सभागार में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। सीडीओ, एसपी डॉ. ख्याति गर्ग व अन्य अधिकारियों ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर जन शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण करने के निर्देश दिए।

सीडीओ व एसपी ने अन्य अधिकारियों के साथ प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लिया और निर्देश दिए कि जनशिकायतों की निष्पक्ष जांच कर समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। सीडीओ अभिषेक कुमार ने अधिकारियों से कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में जनसमस्याओं का समाधान सर्वोपरि है। गरीब एवं जरूरतमंद व्यक्तियों की समस्याओं का संवेदनशीलता से तुरंत समाधान करते हुए उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि शिकायतकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए संतोषजनक निस्तारण करें और भूमि विवादों में राजस्व-पुलिस की संयुक्त टीम तत्काल कार्रवाई करें।

उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। इस समाधान दिवस में


समाधान दिवस में शिकायत सुनते सीडीओ अभिषेक कुमार व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग।

- **किसी भी स्तर की लापरवाही क्षम्य नहीं होगी**

कुल 68 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत हुए थे, जिनमें से मात्र सात शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया।

प्राप्त शिकायतों में राजस्व विभाग की 37, पुलिस विभाग की 13, विद्युत विभाग की 04, नगर निकाय 03, विकास विभाग की 02, आपूर्ति विभाग की एक, अन्य की 08 शिकायतें शामिल रहीं। सभी प्रार्थना पत्रों को पृष्ठांकित कर संबंधित विभागों को शीघ्र निस्तारण हेतु सौंपा गया। इस दौरान एसडीएम डॉ अवनीश कुमार, सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, डीपीआरओ विशाल सिंह, तहसीलदार सहित जनपदीय अधिकारी उपस्थित रहे।


लाभार्थियों को स्वीकृत पत्र देते सीडीओ और एसपी। ● अमृत विचार

### बच्चों के चेहरों पर आई मुस्कान

संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान प्रशासन ने संवेदनशील पहल करते हुए मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के लाभार्थियों को सम्मानित किया। सीडीओ अभिषेक कुमार व एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता और डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह के साथ दोनों योजनाओं के 05-05 लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किए। इस दौरान बच्चों को ज्योमेट्री बॉक्स और लंच पैकेट भी दिए गए। सीडीओ ने कहा कि शासन की योजनाओं का उद्देश्य जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा और बेहतर भविष्य के लिए सहयोग प्रदान करना है।

# पंजाबी कॉलोनी के तालाब का होगा सौंदर्यीकरण

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **14 लाख की लागत से होगी बाउंड्री, पाथवे और बैठने की व्यवस्था**

**अमृत विचार:** शहर में सड़कों के सुधार के साथ-साथ सार्वजनिक स्थलों को सुंदर बनाने की दिशा में भी नगर पालिका लगातार कदम उठा रही है।

शहर के मोहल्ला पंजाबी कॉलोनी में सैंपवेल के पास स्थित पुराने तालाब के सौंदर्यीकरण की तैयारी शुरू कर दी गई है। नगर पालिका की योजना के तहत इस तालाब को विकसित कर क्षेत्र के लोगों के लिए एक सुंदर और उपयोगी स्थल बनाया जाएगा।

नगर पालिका द्वारा तैयार प्रस्ताव के अनुसार तालाब के सौंदर्यीकरण पर करीब 14 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। योजना के तहत तालाब के चारों ओर बाउंड्रीवाल का निर्माण होगा ताकि इसकी सुरक्षा सुनिश्चित हो सके और आसपास गंदगी फैलने से रोका जा सके। इसके अलावा तालाब किनारे मॉर्निंग वॉकर के लिए पाथवे बनाया जाएगा, जिससे क्षेत्र के लोग सुबह-शाम टहल सकें। लोगों के बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी। साथ ही परिसर में फूलदार पौधे और छायादार पेड़ लगाए जाएंगे, जिससे तालाब का वातावरण हराभरा और आकर्षक दिखाई देगा। नगर पालिका द्वारा किए जा रहे इस सौंदर्यीकरण कार्य से उम्मीद है कि पंजाबी कॉलोनी के लोगों को एक साफ-सुथरा और सुंदर सार्वजनिक स्थल मिलेगा, जहां सुबह-शाम लोग टहल सकेंगे और समय बिता सकेंगे।

> पंजाबी कॉलोनी स्थित तालाब का जल्द ही सौंदर्यीकरण कराया जाएगा। इसके तहत तालाब के चारों ओर बाउंड्री, मॉर्निंग वॉक के लिए पाथवे, बैठने की व्यवस्था और हरियाली के लिए फूलदार पौधे लगाए जाएंगे, जिससे यह स्थान क्षेत्र के लोगों के लिए आकर्षक और उपयोगी बन सके। नगर पालिका का प्रयास है आगे भी इस तरह के कार्य किए जाए जिससे शहर के इलाकों की खूबसूरती बढ़ सके।
>
> -**इरा श्रीवास्तव**, नगर पालिका अध्यक्ष, लखीमपुर।

# नगर पालिका ने भेजे नोटिस स्थगित

**संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ**

**अमृत विचार:** छोटी काशी शिव मंदिर कॉरीडोर के निर्माण में वीआईपी मार्ग बनने के चलते नगर पालिका परिषद द्वारा गजेंद्र पुरी मोहल्ले के बीस से अधिक लोगों को अतिक्रमण हटाने को नोटिस दी गई थी, उन्हें अब् त्रुटिपूर्ण बताकर स्थगित कर दिया गया है।

नोटस मिलने के बाद गजेंद्रपुरी के लोगों ने पालिकाध्यक्ष को अपने उत्पीड़न की व्यथा सुनाई थी। कोई आश्वासन न मिलने पर पीड़ित विधायक अमन गिरि के पास गये। उन्हें बताया कि उनके पास मकान के दस्तावेज हैं और वह कई वर्शों से मकान बनाकर रह रहे हैं। ऐसे में उनके मकान गिरा दिये गये तो वह बेघर हो जायेंगे। बताया जाता है कि विधायक श्री गिरि ने ीड़ितों का किसी स्तर पर अहित न होने देने का आश्वासन दिया था।

शनिवार को अधिशासी अधिकारी संजय कुमार द्वारा हस्ताक्षरित पत्र जारी कर कहा है कि तहसील प्रशासन द्वारा पूर्व में पैमाइश कर चिन्हांकन किया गया था। उसके बाद तीर्थ मोहल्ला में गजेंद्रपुरी के 20 से अधिक लोगों को नगर पालिका परिषद द्वारा नोटिस वितरित किए थे। नोटिस पर गृह स्वामियों द्वारा आपत्तियां प्रस्तुत की गईं कि नगर पालिका परिषद द्वारा जारी नोटिस त्रुटिपूर्ण हैं, जबकि नगर पालिका के पास दस्तावेज उपलब्ध है। शनिवार दोपहर नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने मोहल्ले के लोगों के साथ इस संबंध में बैठक कर उन्हें आश्वस्त किया।


मोहल्ला गजेंद्रपुरी में पीड़ित लोगों को आश्वस्त करते पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू।

# ट्रेनों व प्लेटफॉर्म पर चोरी-झपटमारी रोकने को बढ़ाएं गश्त

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

- **रेलवे एसपी ने जीआरपी थाने का निरीक्षण कर दिए निर्देश**
- **स्टेशन, मालखाना, हवालात और रजिस्टरों की जांच की**

**अमृत विचार:** रेलवे अनुभाग लखनऊ के पुलिस अधीक्षक रोहित मिश्रा ने शुक्रवार को जीआरपी थाना लखीमपुर का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर और रेलवे स्टेशन का जायजा लेते हुए व्यवस्थाओं की समीक्षा की और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

एसपी ने थाना कार्यालय, मालखाना, हवालात, मेस, बैरक, यात्री प्रतीक्षालय, प्रवेश व निकास द्वार तथा प्लेटफॉर्म का निरीक्षण किया। इसके साथ ही मालखाना रजिस्टर, एस्कॉर्ट चेकिंग रजिस्टर, हिस्ट्रीशीट रजिस्टर, नियुक्ति रजिस्टर, अपराध रजिस्टर, 10 वर्षीय और 5 वर्षीय अपराधी रजिस्टर तथा टॉप-10 व टॉप-5 अपराधियों के रजिस्टर की जांच की। उन्होंने अभिलेखों को व्यवस्थित और अद्यावधिक रखने के निर्देश दिए।

ट्रेनों और प्लेटफॉर्म पर चोरी व झपटमारी जैसी घटनाओं पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही लंबित विवेचनाओं का गुण-दोष के आधार पर समयबद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए।

महिला हेल्प डेस्क की समीक्षा करते हुए उन्होंने महिला पुलिसकर्मियों को थाने पर आने वाले फरियादियों से अच्छा व्यवहार करने और उनकी समस्याओं का त्वरित व गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। इसके अलावा मुकदमों से जुड़े माल मुकदमाती के विधिक निस्तारण पर भी जोर दिया। एसपी ने अपराध की रोकथाम के लिए रेलवे स्टेशन पर नियमित और प्रभावी गश्त बढ़ाने तथा संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की सघन चेकिंग करने के निर्देश दिए।

साथ ही ट्रेनों पर पत्थरबाजी और रेलवे ट्रैक अवरुद्ध करने जैसी घटनाओं पर नियंत्रण के लिए रेलवे ट्रैक की नियमित निगरानी और आसपास रहने वाले लोगों को जागरूक करने को कहा। निरीक्षण के दौरान प्रभारी निरीक्षक जीआरपी लखीमपुर राम सहाय सिंह सहित थाना का समस्त पुलिस बल मौजूद रहा।


जीआरपी थाने का निरीक्षण करते एसपी रेलवे रोहित मिश्रा। ● अमृत विचार

# महिला कर्मियों व पुलिसकर्मियों को किया सम्मानित

**संवाददाता, मैगलगंज**

**अमृत विचार:** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं के सशक्तिकरण और उन्हें कार्यक्षेत्र में प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैगलगंज टोल प्लाजा पर एक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिला कर्मियों को सम्मानित करते हुए उनके योगदान की सराहना की गई।

नेशनल हाईवे-30 पर स्थित मैगलगंज टोल प्लाजा का संचालन कर रही एनएचआईटी कंपनी की ओर से महिला दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संविलियन विद्यालय मैगलगंज की प्रधानाचार्या उर्मिला रस्तोगी रहीं। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रही हैं और किसी भी मायने में पुरुषों से पीछे नहीं हैं। देश के सर्वोच्च पदों पर भी महिलाएं आसीन हैं, जो यह दर्शाता है कि महिलाओं में हर चुनौती का सामना करने की क्षमता है। उन्होंने कहा कि महिलाएं समय आने पर घर की जिम्मेदारियों को संभालने वाली देवी के रूप में तो कभी विपरीत परिस्थितियों में झांसी की रानी की तरह साहस और पराक्रम का परिचय भी देती हैं।

उन्होंने महिलाओं से आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने का आह्वान किया। टोल मैनेजर बृजेश सिंह ने कहा कि टोल प्लाजा पर कार्यरत महिला कर्मी पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने कार्यों का निर्वहन कर रही हैं। कार्यक्रम के दौरान टोल प्लाजा पर कार्यरत महिला कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही मैगलगंज थाने में तैनात महिला पुलिसकर्मियों को भी सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

- **टोल प्लाजा पर आयोजित किया गया सम्मान कार्यक्रम**

कार्यक्रम में सेफ्टी इंचार्ज मासूम अली, मोहित पांडेय, रोहित चंद्रा सहित कई कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं महिला स्टाफ में सुधा देवी, रीना तिवारी, दिव्या, कविता, सोनी यादव, प्रीति मिश्रा समेत अन्य महिला कर्मियों की भी सक्रिय भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में सभी ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने और समाज में महिलाओं को सम्मान और समान अवसर दिलाने का संकल्प लिया।


मैगलगंज टोल प्लाजा पर कार्यक्रम का शुभारंभ करती मुख्य अतिथि उर्मिला रस्तोगी। ● अमृत विचार

# बस में चढ़े नाबालिगों का हंगामा

**संवाददाता, भानपुर**

**अमृत विचार:** भीरा कस्बे के बस स्टैंड पर शनिवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब कुछ नाबालिग बच्चों ने बस में सवार यात्रियों से जबरन पैसे मांगने को लेकर हंगामा कर दिया। पैसे देने से मना करने पर बच्चों ने एक यात्री के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे अन्य यात्रियों के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, जिससे बस स्टैंड पर कुछ देर के लिए तनावपूर्ण स्थिति बन गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार घटना शनिवार करीब 12 बजे की है। भीरा बस स्टैंड पर खड़ी एक बस में कुछ नाबालिग बच्चे अचानक चढ़ गए और यात्रियों से पैसे मांगने लगे। शुरुआत में यात्रियों ने इसे सामान्य बात समझकर नजरअंदाज किया, लेकिन जब एक यात्री ने पैसे देने से इंकार कर दिया तो बच्चों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और बच्चों ने यात्री के साथ मारपीट की।

- **पैसे नहीं देने पर यात्री से मारपीट बचाने आए यात्रियों से धक्कामुक्की**

बस में मौजूद अन्य यात्रियों ने जब बीच-बचाव करने की कोशिश की तो बच्चों ने उनके साथ भी धक्का-मुक्की शुरू कर दी। अचानक हुए इस घटनाक्रम से बस में बैठे यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। कुछ देर तक बस स्टैंड पर हंगामा होता रहा। इस दौरान बस में मौजूद एक यात्री ने पूरी घटना का वीडियो अपने मोबाइल फोन में रिकॉर्ड कर लिया। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। वीडियो सामने आने के बाद लोगों में घटना को लेकर नाराजगी देखी जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह कोई पहली घटना नहीं है। उनके अनुसार कुछ नाबालिग बच्चे अक्सर भीरा बस स्टैंड और वन बीट अस्पताल के आसपास बसों में चढ़कर यात्रियों से जबरन पैसे मांगते रहते हैं। लेकिन अब तक इस पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस भी मामले की जांच में जुट गई है। एसओ रोहित दुबे ने बताया कि वायरल वीडियो के आधार पर बच्चों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी।


बस के अंदर मारपीट करते बच्चे। ● अमृत विचार

# टीकाकरण को चलाया जागरुकता अभियान

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** सामुदायिक रेडियो स्टेशन रेडियो खीरी ने शनिवार को नियमित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए जागरुकता कार्यक्रम चलाया। रेडियो खीरी की टीम ग्राम कोरैया और रमुवापुर पहुंची। टीम की सदस्य रूपांसी और मानसी ने नैरो कास्टिंग के माध्यम से टीकाकरण, मातृ-शिशु पंजीकरण, आयुष्मान गोल्डन कार्ड और आभा कार्ड जैसी योजनाओं की जानकारी दी।

प्राथमिक विद्यालय में लगे टीकाकरण शिविर में बड़ी संख्या में महिलाएं बच्चों के साथ पहुंचीं। इस दौरान एएनएम सुशीला यादव, अंकिता और आशा कार्यकर्ता नीलम देवी व शोभा देवी मौजूद रहीं। शिविर में लोगों की डायबिटीज व ब्लड प्रेशर की जांच की गई। रेडियो खीरी की सहायक निदेशक अमीशा सिंह के निर्देशन में टीम सदस्य रूपांशी वर्मा ने ग्रामीणों को प्रसारित होने वाले कार्यक्रमों की जानकारी दी।


टीकाकरण की जानकारी देते हुए टीम।

# भाजपा जिला इकाई गठन पर किया मंथन

**कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी की जिला इकाई के गठन को लेकर प्रदेश नेतृत्व की ओर से भेजे गए पर्यवेक्षक, पूर्व मंत्री व विधान परिषद सदस्य अशोक कटारिया ने शनिवार को भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता के साथ संगठनात्मक विषयों पर विस्तार से चर्चा की।

पर्यवेक्षक ने बंद कमरे में जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता, पूर्व जिलाध्यक्ष सुनील सिंह, जिला प्रभारी एवं पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य वासुदेव मौर्य, विधायक लोकेंद्र प्रताप सिंह, शशांक वर्मा, योगेश वर्मा, सौरभ सिंह सोनू, मंजू त्यागी, विनोद शंकर अवस्थी, अमन गिरि व क्षेत्रीय मंत्री राजकिशोर मौर्य समेत अन्य पदाधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया और संगठन के लिए संभावित पदाधिकारियों के नामों पर चर्चा की।

- **पर्यवेक्षक ने पदाधिकारियों से की चर्चा, अंतिम सूची प्रदेश नेतृत्व को भेजी**

इस दौरान पर्यवेक्षक अशोक कटारिया ने कहा कि पलिया विधायक रोमी साहनी, भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व सांसद रेखा अरुण वर्मा और पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री से भी वार्ता कर उनसे सुझाव लिए जाएंगे। इसके बाद सभी नामों की सूची प्रदेश कार्यालय को भेजी जाएगी।

बैठक के दौरान जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता ने पर्यवेक्षक अशोक कटारिया और जिला प्रभारी वासुदेव मौर्य का माल्यार्पण कर स्वागत किया। जिला मीडिया प्रभारी रमेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि जिला इकाई के पदाधिकारियों की अंतिम सूची प्रदेश नेतृत्व द्वारा सभी से विचार-विमर्श के बाद तय की जाएगी।


जिला इकाई के गठन पर चर्चा में पर्यवेक्षक पूर्व मंत्री अशोक कटारिया, जिलाध्यक्ष अरविंद गुप्ता व अन्य पदाधिकारी। ● अमृत विचार

# स्वास्थ्य शिविर में 87 मरीज देखे, निःशुल्क दीं दवाएं

**संवाददाता, पलिया कलां**

**अमृत विचार :** चित्रांशु समाज कल्याण परिषद पलिया कलां ने गांव मकनपुर में शनिवार को एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। जिसका ग्राम प्रधान बूटा सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। शिविर में चिकित्सा टीम ने 87 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर निशुल्क दवाएं दी गईं।

इस मौके पर परियोजना प्रबंधक जितेंद्र सिंह, सचिन शर्मा आदि ने ग्रामीणों को एचआईवी/ एड्स, एचबी, एचसी आदि के बारे में जानकारी देकर लोगों की जांच कराई। डॉ. अंशुल शुक्ला सहित आलोक कुमार, लव कुश,सागर ,अनामिका लक्ष्मी, बालकुमारी व काउंसलर शालिनी मिश्रा, प्रियंका तिवारी आदि ने परीक्षण किया।


स्वास्थ्य शिविर में दवाएं देती टीम। ● अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

## दुकान पर धावा बोल दंपती को पीटा महिला बेहोश

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** थाना सिंगाही क्षेत्र के नयापुरवा मंझरा उमरा गांव निवासी मैकूलाल मौर्य ने बताया कि शुक्रवार की शाम करीब छह बजे वह अपनी दुकान पर बैठा था। इसी दौरान गांव के ही अफसर अली, इरफान, ऐबान अली, साहिद अली, सद्दीक अली और अफसर अली की पत्नी वहां पहुंच गई। गाली-गलौज करते हुए मैकूलाल और उसकी पत्नी गीता देवी को दुकान से खींचकर मारपीट करने लगे। हमलावरों ने गीता देवी के सिर और गले पर जोरदार वार किए, जिससे वह मौके पर ही बेहोश हो गईं। मारपीट में मैकूलाल को भी चोटें आईं। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा है।

## धारदार हथियारों एवं लाठियों से युवक पर किया हमला

**बेहजम, अमृत विचार :** थाना नीमगांव क्षेत्र के ग्राम जम्हौरा निवासी राजू ने बताया कि गांव के ही सुधीर, अश्वनी, प्रांशु और सचिन सहित अन्य लोग पुरानी रंजिश के चलते हथियारों से लैस होकर उसके घर पहुंच गए। घर पर ईंट-पत्थर फेंकने लगे। इसके बाद आरोपियों ने राजू व उसके भाई दिलीप और अरुण के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीड़ित का आरोप है कि सुधीर ने उसके सिर पर बांका से वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पुलिस ने छेड़छाड़ के आरोपी को किया गिरफ्तार

**पसगवां, अमृत विचार :** पुलिस ने एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट में एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। शुक्रवार को दिन में बारह बजे 17 वर्षीय एक अनुसूचित जाति की छात्रा निजी कार्य से बरवर जा रही है। रास्ते में एक सरकारी नलकूप के पास बरवर का रहने वाले आकिब ने मारपीट कर छेड़छाड़ की। किशोरी के शोर मचाने पर आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने आकिब को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

# बाइक पर बेखौफ होकर नियमों की धज्जियां उड़ा रहे युवक

## बिना नंबर प्लेट और बिना रजिस्ट्रेशन की फर्राटा भरतीं बाइकें, अधिकारियों की यातायात सुरक्षा माह में भी इन पर नहीं पड़ी नजर

कामता सिंह कुशवाहा, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह जनवरी में भी नगर में युवाओं ने सुरक्षा नियमों की जो धज्जियां उड़ाईं थीं वह आज भी बरकरार हैं। बिना नंबर प्लेट और बाइक पर बिना रजिस्ट्रेशन लिखीं फर्राटा भरतीं बाइकें नगर की सड़कों पर देखी जा रही हैं। फिर भी पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी अनजान बने हैं। इनसे न केवल दुर्घटनाओं में ट्रेस करने में प्रशासनिक अधिकारियों को दिक्कत होती है बल्कि अपराधिक घटनाओं के घटित करने पर पुलिस को काफी मशक्कत उठानी पड़ती है।

सिविल और ट्रैफिक पुलिस की उदासीनता का अंदाजा दसी से लगाया जा सकता है कि इस तरह की बाइकें न केवल गांव की सकरी गलियों में चलती हैं बल्कि नगर की चमचमाती सड़कों पर फर्राटा भरती रहती हैं। बिना नंबर प्लेट और बिना साइलेंसर की तेज आवाज में बाइक चलाने में युवा अपना रौब समझते हैं। नगर में दो दर्जन से अधिक बिना नंबर की और चार बुलेट बाइकें बिना साइलेसर की चर्चा में हैं। थोड़ी देर के लिए मान लिया जाए कि नई बाइक होने से इन पर नंबर नहीं लिखा है तो बाइक एजेंसी से लेने पर पर ही तुरंत अस्थाई नंबर दे दिया जाता है और दो तीन दिन में स्थाई नंबर भी मिल जाता है।

**आपराधिक घटनाओं को बढ़ावा देती हैं ऐसी बाइकें :** नगर और पड़ोस के क्षेत्र में बिना नंबर प्लेट की एक अपाचे बाइक चर्चा में है, जिस पर आये दिन छिनैती और बैंक से रुपया निकालकर जाने वालों से रास्ते में बाइक सवार छीन लेते हैं। पुलिस ने जब भी पीड़ित से पूछा तो पीड़ित ने बताया कि बाइक पर दो युवा मुंह बांधे थे, बाइक पर नंबर प्लेट नहीं है। ऐसी हालत में पुलिस को घटना के वर्कआउट करने में मशक्कत उठानी पड़ती है।

**दुर्घटना होने पर नहीं मिलता है क्लेम :** बिना नंबर प्लेट की बाइक से दुर्घटना होने पर बीमा कंपनी दावे को अस्वीकार कर सकती है। क्योंकि यह नियमों का उल्लंघन है। इससे जीवन रक्षा पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है।



बिना रजिस्ट्रेशन की बाइक पर जाता युवक। ● अमृत विचार



रजिस्ट्रेशन तो छोड़िये नंबर प्लेट तक नहीं।



बिना नंबर प्लेट की बाइक पर जाते 3 युवा।



बाइक की नंबर प्लेट पर अजीब नंबर।

### यातायात सुरक्षा माह में भी पुलिस की नहीं पड़ी नजर

पहली जनवरी से 31 जनवरी तक मनाये जाने वाले राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा अभियान और 11 जनवरी से 17 जनवरी तक मनाये गये सड़क सुरक्षा सप्ताह में भी यह बाइकें चलती रहीं। आमतौर पर अशोक चौराहा, शिवम चौराहा, विकास चौराहा और नानक पुलिस चौकी तिराहा पर इन दिनों अभियान चलाकर दोपहिया वाहनों की चेकिंग कर रोज दर्जनों बाइकों के चालान कर हजरों रुपये समन शुल्क वसूला गगया, लेकिन इस तरह की संचालित बाइकों पर कर्रवाई नहीं हुई, जिसका नतीजा यह निकला कि युवा वर्ग धड़ल्ले से इन बाइकों पर फार्राटा भर रहे हैं।

### पांच हजार तक जुर्माना का है प्रावधान

मोटर वाहन अधिनियम के तहत बिना नंबर प्लेट बाइक चलाना अवैध है। परिवहन एक्ट के अनुसार बिना नंबर प्लेट या अवैध रूप से लिखे गये नंबरों के बाइक चालक को चेकिंग में पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये या इससे अधिक जुर्माना का प्राविधान है। साथ ही वाहन भी जब्त किया जा सकता है। वर्तमान में सभी वाहनों पर हाई सिक्योरिटि नंबर प्लेट की भी अनिवार्यता की गई है। समय रहते ऐसे बाइक चालकों पर कार्रवाई होने लगे तो स्वत: ही नंबर प्लेट और वैध नंबर अंकित कराकर युवा बाइक चलाएंगे।

● पुलिस और परिवहन विभाग के अधिकारी बने हैं अनजान

"परिवहन विभाग यातायात पुलिस के साथ मिलकर लगातार कार्रवाई कर रही है। कई वाहनों को पिछले दिनों में अब तक सीज किया जा चुका है। शीघ्र ही अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी। – **शांति भूषण पांडेय**, एआरटीओ प्रवर्तन।

## अलग-अलग स्थानों पर मारपीट

**खमरिया, अमृत विचारः** ईसानगर थाना क्षेत्र में रंजिश और आपसी विवाद में अलग-अलग स्थानों पर मारपीट की घटनाएं हुईं। बरारी निवासी सफीउल्ला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह सरपतहा गांव में मुर्गा फार्म के पास मुर्गा खरीदने गए थे। आरोप है कि वहां शादाब, अनस, अनीस और अल्ताफ ने उन्हें गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध पर आरोपियों ने लाठी से मारपीट की, जिससे उनके सिर में चोट आई है। पीड़ित ने जान से मारने की धमकी देने का भी आरोप लगाया है।

उधर, मुरौव्वा गांव निवासी पूनम देवी ने बताया कि गांव के दिलीप, राधा, राहुल और रामकृपाल रंजिश को लेकर उनके घर में घुस आए। गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारापीटा जिससे काफी चोटे आईं हैं। ओझापुरवा निवासी राकेश ने बताया कि गांव के राधे, बिश्राम, सुंदरलाल और संतोष ने रंजिश में उनकी बहन फुलझारा को गाली-गलौज करते हुए लाठी से पीटा। शोर सुनकर पहुंचे चिंटू और मुंडे को भी आरोपियों ने घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के सुंदरलाल निवासी ओझापुरवा का आरोप है मुंडे, राकेश और चिमटू ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। थानाध्यक्ष ईसानगर निर्मल तिवारी ने बताया सभी मामलों में रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# तीन घरों में चोरी, पुलिस की लापरवाही पर उठे सवाल

संवाददाता, पलिया कलां

**अमृत विचारः** क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव-अतरिया में चोरों ने बंद पड़े तीन घरों को निशाना बनाकर लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवर और नकदी पार कर दी। शनिवार सुबह जब परिवार के लोग बाहर से लौटे और घरों के टूटे ताले व अंदर बिखरा सामान देखा तो उनके होश उड़ गए। घटना के बाद ग्रामीणों में दहशत के साथ-साथ पुलिस की कार्यशैली को लेकर नाराजगी भी देखने को मिली।

गांव बड़ागांव-अतरिया निवासी अल्लन खां पुत्र झब्बू खां, साहब हसन पुत्र अजमल खां तथा मुफीद पुत्र सप्पू खां सपरिवार किसी काम से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान चोरों ने उनके बंद पड़े घरों के ताले तोड़कर अंदर प्रवेश किया और कमरों में रखे बक्सों व अलमारियों को खंगाल डाला। चोर घरों में रखे सोने-चांदी के जेवर, नकदी और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। पीड़ितों के अनुसार बक्सों और अलमारियों में छिपाकर रखे गए लाखों रुपये कीमत के जेवर और नकदी गायब है।

घर में चोरी की जानकारी मिलते ही परिवार की महिलाओं और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। देखते ही देखते गांव में लोगों की भीड़ जमा हो गई और घटना को लेकर तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गईं। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में रात के समय पुलिस गश्त बेहद कम होती है, जिसका फायदा उठाकर चोर लगातार वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लोगों का आरोप है कि यदि समय-समय पर गश्त होती तो शायद चोर इतनी आसानी से तीन घरों को निशाना नहीं बना पाते। ग्रामीणों ने बताया कि इलाके में पहले भी छोटी-बड़ी चोरी की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, लेकिन पुलिस द्वारा ठोस कार्रवाई न किए जाने के कारण चोरों के हौसले बुलंद हैं।

रात में गांवों में पुलिस की गश्त न के बराबर होती है, जिससे असामाजिक तत्वों को मौका मिल जाता है। घटना की सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ कर घटना की जानकारी जुटाई और पीड़ितों से तहरीर लेकर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष ने बताया कि चोरी की तहरीर मिली है और मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर घटना का खुलासा किया जाएगा।



घटना स्थल पर परिजनों से जानकारी लेते थानाध्यक्ष पंकज त्रिपाठी। ● अमृत विचार

● लाखों के जेवर व नकदी ले गए चोर, ग्रामीणों में आक्रोश

# लोगों के आश्वासन पर माने परिजन, किया अंतिम संस्कार

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** नगर के मोहल्ला पूर्वी दीक्षिताना निवासी रामू राजपूत का बीमारी के चलते गुरुवार रात निधन हो गया था, मृतक की पत्नी और ससुरालियों ने मकान, दुकान और प्रॉपर्टी में अधिकार सुरक्षित होने के बाद ही शव का अंतिम संस्कार किए जाने की बात कही थी। शनिवार को आसपास, समाज के लोगों के समझाने के बाद परिजनों ने प्रॉपर्टी में अधिकार सुरक्षित होने का आश्वासन दिया। तब शनिवार दोपहर बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया।

नगर के खुटार रोड पर किराए के मकान में रह रहे रामू राजपूत पुत्र भगत लाल लंबे समय से बीमार थे। गुरुवार रात तबीयत बिगड़ने पर उन्हें लखनऊ ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मृतक की पत्नी सुनीता अपनी तीन बेटियों के साथ पति का शव लेकर पुश्तैनी मकान पहुंची, तो वहां मौजूद परिजनों ने न केवल शव को अंदर रखने से मना किया और घर पर ताला जड़कर कही चले गए।

बेसहारा पत्नी और बेटियों ने खुटार रोड स्थित किराए के कमरे पर शव रखकर प्रशासन से गुहार लगाई। पीड़िता का कहना था कि जब तक उन्हें पुश्तैनी घर में अधिकार और न्याय नहीं मिलेगा, वे अंतिम संस्कार नहीं करेंगी। उनकी तीन बेटियां मानसी, वैशाली और नैंसी अब पूरी तरह बेसहारा हैं।

उन्होंने प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह को तहरीर दी, जिसके बाद विवाद रोकने के लिए पुलिस बल तैनात किया गया। मृतक छह भाई थे, जिनमें से अब केवल दो भाई जीवित हैं। शनिवार को स्थानीय लोगों और प्रशासन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ। मृतक के भाइयों के साथ प्रॉपर्टी, मकान और दुकान की लिखा-पढ़ी होने और अधिकार सुरक्षित होने के आश्वासन के बाद पत्नी सुनीता शव के अंतिम संस्कार को राजी हुई और दोपहर बाद अंतिम संस्कार किया गया।



गोला में सुलहनामा दिखाती मृतक की पत्नी सुनीता।

● प्रॉपर्टी, मकान और दुकान में अधिकार सुरक्षित होने के आश्वासन पर माने

● अस्पताल में हो गई थी रामू की मौत, परिजन नहीं देना चाह रहे थे हिस्सा

# शारदा में डूबे किशोर का मिला शव

संवाददाता, फूलबेहड़

**अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के पचपेड़ी घाट कछुआ पुल पर नहाते समय डूबे 17 वर्षीय किशोर का शव तीसरे दिन नदी से बरामद हो गया। इससे उसके परिवार में कोहराम मच गया।

लखीमपुर शहर के मोहल्ला प्रकाश नगर निवासी अजय (17) पुत्र रामलाल अपने मौसेरे भाई राज कश्यप पुत्र गुड्डू कश्यप निवासी मोहल्ला रामनगर और अन्य साथियों के साथ गुरुवार को घूमने के लिए फूलबेहड़ क्षेत्र के पचपेड़ी घाट कछुआ पुल पर पहुंचा था। बताया जाता है कि दोपहर करीब तीन बजे अजय और राज कश्यप नदी में नहाने के लिए उतर गए। पानी में उतरते ही दोनों युवक गहराई की ओर जाने लगे और शोर मचाने लगे। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल मदद करते हुए किसी तरह राज कश्यप को सुरक्षित बाहर निकाल लिया, लेकिन अजय गहरे पानी में डूब गया और उसका कोई पता नहीं चल सका।

पुलिस और परिजन मौके पर पहुंच गए और डूबे किशोर की तलाश शुरू कर दी गई। शुक्रवार को फ्लड पीएसी की टीम ने भी नदी में सर्च अभियान चलाया, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिल सका। लगातार दो दिन तक चले सर्च ऑपरेशन के बाद शनिवार दोपहर करीब दो बजे अजय का शव पचपेड़ी घाट कछुआ पुल से करीब 250 से 300 मीटर आगे शारदा बैराज पुल की ओर नदी में उतराता मिला। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



मृतक अजय।

● मौसेरे भाई के साथ नहाने उतरा था 17 वर्षीय अजय दो दिन बाद मिला शव

# महिला को दी ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की धमकी

संवाददाता, गोला गोकर्णनाथ

**अमृत विचारः** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में गाली गलौज, मारपीट की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्रवाई की मांग की है।

कोतवाली क्षेत्र के गांव जमुनहा निवासी पिंकी देवी पत्नी रंजीत ने पुलिस में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि पांच मार्च शाम चार बजे गांव निवासी पंकज यादव, पिंकू उर्फ राकेश कुमार और रामसागर ने उसके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर भविष्य में ट्रैक्टर चढ़ाकर जान से मारने की धमकी दी है। उसने तीनों के नामजद रिपोर्ट दर्ज करा दी है।

बांसी गांव निवासी शिव प्रकाश ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि 3 मार्च को बच्चे बाहर खेल रहे थे। आरोप है कि विपक्षी हिमांशु बार-बार तेज रफ्तार से बाइक वहां निकाल रहा था, उन्होंने कहा बच्चे खेल रहे हैं यहां से बाइक धीरे निकालो। इस पर वह आग बबूला हो गया और गालियां देते हुए मारपीट की। उन्होंने हिमांशु, राम प्रसाद, वीरेंद्र कुमार पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## घर में घुसकर युवक से मारपीट

**मझगई, अमृत विचारः** थाना क्षेत्र के खैरहना गांव निवासी रवि कुमार का गांव के ही कुछ लोगों से पहले से विवाद चल रहा था। आरोप है कि इसी रंजिश के चलते अमेरिका पुत्र राहुल, अनूप पुत्र राहुल, वंदना पुत्री राहुल और अर्चना पुत्री राहुल अचानक रवि कुमार के घर पहुंच गए। आरोपियों ने घर में जबरन घुसकर गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर रवि कुमार व उसके परिवार के सदस्यों के साथ लात-घूंसों से मारपीट करने लगे। मारपीट के दौरान अनूप कुमार ने रवि कुमार के सिर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया है।

हमले के दौरान घर में मौजूद परिवार के लोग भी घबरा गए और किसी तरह बीच-बचाव करने का प्रयास किया। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचने लगे, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए वहां से फरार हो गए।

घटना के बाद घायल रवि कुमार ने मझगई थाने पहुंचकर थाना प्रभारी राजू राव लिखित शिकायत दी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हुई है। जांच की जा रही है।

# हत्या का मामला: शव घर पहुंचने पर भड़के परिवार के लोग

संवाददाता, भानपुर

**अमृत विचारः** भीरा थाना क्षेत्र के नौसर जोगी गांव में घरेलू विवाद के बाद युवक की हत्या के मामले में शनिवार को उस समय तनावपूर्ण स्थिति बन गई जब पोस्टमार्टम के बाद मृतक का शव गांव पहुंचा। शव देखते ही परिजनों में आक्रोश फैल गया और गुस्साए परिजनों ने अंतिम संस्कार से इंकार कर दिया और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। करीब तीन घंटे से अधिक समय तक चले हंगामे के बाद पुलिस ने उन्हें शीघ्र गिरफ्तारी करने का आश्वासन देकर किसी तरह से शांत कराया। तब परिजन माने।

गांव नौसर जोगी निवासी रामसेवक (50) की शुक्रवार को घरेलू विवाद के दौरान लाठी-डंडों से पीटकर बेदम कर दिया गया था। गंभीर रूप से घायल रामसेवक को परिजन तत्काल बिजुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई थी। शनिवार को करीब चार बजे पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही रामसेवक का शव गांव पहुंचा, परिवार में कोहराम मच गया। परिजन और ग्रामीण आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आक्रोशित हो गए और अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। देखते ही देखते बड़ी संख्या में ग्रामीण और महिलाएं मौके पर एकत्र हो गईं और पुलिस से कहासुनी भी होने लगी। स्थिति को बिगड़ता देख भीरा और मैलानी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई और परिजनों को समझाने का प्रयास करने लगी।

पुलिस अधिकारियों ने परिजनों को भरोसा दिलाया कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। काफी समझाने-बुझाने के बाद परिजन शांत हुए। घटना के बाद से गांव में तनाव का माहौल बना हुआ है। वहीं शव देर तक घर पर होने के कारण समय पर अंतिम संस्कार भी नहीं हो सका। पुलिस गांव में हालात पर नजर बनाए हुए है।



मौके पर जुटी ग्रामीणों की भीड़। ● अमृत विचार



परिजनों को समझाती पुलिस। ● अमृत विचार

● हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर रोका था अंतिम संस्कार

● तीन घंटे चला बवाल, पुलिस से हुई नोकझोंक, आश्वासन पर माने लोग

### रामसेवक के परिवार पर टूटा दु:खों का पहाड़

**भानपुर।** गांव नौसर जोगी गांव निवासी रामसेवक कुछ समय पहले तक अपने परिवार के साथ हंसी-खुशी जीवन बिता रहे थे। हाल ही में उन्होंने अपने बच्चों के साथ मिलकर त्यौहार की खुशियां मनाई थीं, लेकिन अचानक हुई घटना ने पूरे परिवार को गहरे सदमे में डाल दिया है। रामसेवक के सात बच्चे हैं, जिनमें से छह की शादी हो चुकी है, जबकि एक बेटी की शादी अभी बाकी है। रामसेवक के पास अपनी कोई खेती की जमीन नहीं थी। वह मजदूरी कर किसी तरह अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। दिन-रात मेहनत करके उन्होंने अपने बच्चों को बड़ा किया और छह बच्चों की शादी भी कर दी। रामसेवक परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी मौत के बाद अब परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। घर में कमाई का कोई स्थायी सहारा नहीं बचा है और सबसे छोटी बेटी की शादी की जिम्मेदारी भी अभी बाकी है। गांव के लोगों का कहना है कि रामसेवक बेहद मेहनती और सरल स्वभाव के व्यक्ति थे। वह हमेशा अपने काम से काम रखने वाले और जरूरतमंदों की मदद करने वाले इंसान थे। उनकी अचानक मौत से पूरे गांव में शोक का माहौल है। अब परिवार के सामने सबसे बड़ी चिंता भविष्य की है।


अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें
9756905552, 8445507002

NEW ENGLAND DEACONESS SCHOOL
REQUIRES
TGTs/PRT/Kindergarten Teachers
Trained, energetic convent educated and must be competent to teach in English
Salary no bar for deserving candidates
Transport facility available from Bareilly
Walk-in-interview on 29 March 2026
Mail your resume : nedsglobal@gmail.com
Contact/Whatsapp 9760938155

सूचना
मैंने अपने पुत्र रूकसाद खान को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरे व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **रूखसाना पत्नी स्व. मोहम्मद शफी खां निवासी ग्राम नवीनगर थाना कैन्ट जिला बरेली**

सूचना
मैं, रूप देई पत्नी मोहनलाल नि. ग्राम पीपलसाना चौधरी, थाना भोजीपुरा, तह. व जिला बरेली अपनी पुत्रवधू नीलम पाली पत्नी अमित पाली को उनके गलत/आचरण के कारण अपनी चल-अचल संपत्ति से बेदखल कर संबंध विच्छेद करती हूं, पुत्रवधु नीलम पाली द्वारा किए गए कृत्यों की, वह स्वयं जिम्मेदार होगी, मेरी, व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

बिकाऊ है
करमपुर ठाकुरान मे हाईवे से 400 मीटर आगे, बड़े बाईपास के निकट, बरेली
6 बीघा कृषि व कामर्शियल योग्य भूमि
वास्तविक खरीदार सम्पर्क करें
7505565287
8394899871

सूचना
मेरे ड्राइविंग लाइसेंस संख्या यूपी 2520100030693 में मेरा नाम विनोद कुमार राठौर दर्ज है। जबकि मेरे राशनकार्ड-115040721172, आधार कार्ड-856076733970, पैन कार्ड-AOZPV2300B में मेरा नाम विनोद है। भविष्य में मुझे विनोद के नाम से ही जाना जाए। **विनोद पुत्र नत्थू लाल निवासी 161 महेशपुर अटरिया बरेली 9756890521**

Asim College of Law
Meera Sarai Sheikhupur Road, Budaun (UP)
Requirement
Principal
Eligibility: LL.M. and Ph.d. with 15 Years Teaching Experience
Assistant Professor (Law)
Eligibility: LL.M. and Ph.d. or NET
Assistant Professor (B.A.)
Subjects: Sociology, Political Science, Economics, English and History
Eligibility: M.A. and Ph.d. or NET
Interested candidate may submit their updated Resume along with relevant documents within15 days.
Note: Kindly send the resume at career.asmdc@gmail.com and mentioned the post of the SUBJECT column.
Ph. No. 724990233, 9410643446

परिचय सम्मेलन
श्री अग्रवाल सभा कल्याण सोसायटी (रजि.) बरेली द्वारा आयोजित अग्रवाल वैवाहिक परिचय सम्मेलन दिनांक 17-18 मार्च 2026 शीघ्र पंजीयन करायें। सम्पर्क :- 9897181723, 9412466473, 9927047430, 9412048528, 9927833351, 9927324855

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

न्यूज ब्रीफ

### एनएसएस शिविर में युवाओं को सेवा का दिया संदेश

**चंदौसी, अमृत विचार :** एसएम कॉलेज चंदौसी की राष्ट्रीय सेवा योजना छात्र इकाई द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर का आभारंभ शनिवार को ग्राम देवरखेड़ा स्थित राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर में किया गया। कौशल विकास हेतु युवा विषय पर आयोजित इस शिविर का संचालन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विशेष कुमार पांडेय के नेतृत्व में किया जा रहा है। उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. दानवीर सिंह यादव, भूपाल सिंह शास्त्री, प्रधानाचार्य राजेश कुमार तथा शिक्षक शरद शर्मा ने किया। शिविर के दौरान स्वयंसेवकों ने ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं को समझने और जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

### विजेता खिलाड़ियों के ट्रायल 8 से 10 मार्च तक

**संभल,अमृत विचार :** चंदौसी, संभल और असमोली विधानसभा क्षेत्रों में आयोजित विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के ट्रायल 8 से 10 मार्च तक कराए जाएंगे। ट्रायल के माध्यम से आगे की प्रतियोगिताओं के लिए खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। खेल विभाग से मिली जानकारी के अनुसार 8 मार्च को बैडमिंटन और जूडो के ट्रायल आयोजित होंगे। बैडमिंटन का ट्रायल सिल्वर स्टोन पब्लिक स्कूल बहजोई में, जबकि जूडो का ट्रायल एसवीएम कॉन्वेंट स्कूल बहजोई में कराया जाएगा। 9 मार्च को फुटबॉल, कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल होंगे। फुटबॉल का ट्रायल जेएलएम इंटर कॉलेज सिरसी में, जबकि कुश्ती और कबड्डी के ट्रायल त्यागी स्पोर्ट्स स्कूल कल्याणपुर रिठाली में आयोजित किए जाएंगे। इसके बाद 10 मार्च को एथलेटिक्स और वॉलीबॉल के ट्रायल सिंहपुर साहनी खेल मैदान, विकासखंड बनियाखेड़ा में कराए जाएंगे।

### दूसरे समुदाय के युवक के घर मिली किशोरी

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** बनियाठेर थाना क्षेत्र के गांव गुमथल में शनिवार को एक किशोरी को दूसरे समुदाय के युवक के घर मिली। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने लव जिहाद का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। कार्यकर्ता पहले गांव में डटे रहे फिर थाने पहुंचकर कार्रवाई की मांग उठाई। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## अवैध कॉलोनी पर चला बीडीए का बुलडोजर

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

**अमृत विचार :** बरेली विकास प्राधिकरण की प्रवर्तन टीम ने फतेहगंज पश्चिमी के ग्राम ठिरिया खेतल में शनिवार को अवैध कालोनी पर ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की। बीडीए की टीम ने बुलडोजर चलाकर अवैध कॉलोनी की बाउंड्रीवाल ध्वस्त कर दी।

बीडीए उपाध्यक्ष डॉ. मनिकन्डन.ए ने बताया कि जांच में पाया गया कि शेखावत ने लगभग सात हजार वर्ग मीटर में बिना मान्यता के भूखंड चिन्हित किए, सड़कें और बाउंड्रीवाल बनवाकर कालोनी का निर्माण कराया। प्राधिकरण के सहायक अभियंता धर्मवीर सिंह और अवर अभियंता संदीप कुमार के नेतृत्व में प्रवर्तन टीम ने कार्रवाई करते हुए बुलडोजर से अवैध निर्माण को ध्वस्त किया। प्राधिकरण ने सभी नागरिकों को चेतावनी दी कि उप्र नगर योजना एवं विकास अधिनियम-1973 के तहत किसी भी प्रकार का निर्माण या प्लॉटिंग करने से पहले बरेली विकास प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराना अनिवार्य है। बिना स्वीकृति के निर्माण अवैध माना जाएगा और उसे ध्वस्त किया जा सकता है, इसलिए भवन या भूखंड खरीदने से पहले मानचित्र की वैधता जरूर जांच लें, अन्यथा कानून के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी में एआई की मदद से कक्षाओं में तैयार की थ्री डी तस्वीरें

## शिक्षिका संगीता सिंह ने बदला क्लास का माहौल

**संजय शर्मा, बरेली**

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस

- **तकनीक के प्रयोग से स्कूल की दीवारों पर उगते हैं सूरज-चांद**
- **कक्षा में चीता, ऊंट और बिल्ली तमाम जानवरों संग पढ़ते हैं बच्चे**

**अमृत विचार :** बरेली के फतेहगंज पश्चिमी स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय की शिक्षिका संगीता सिंह ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (एआई) की ताकत को पहचाना ही नहीं उसका शिक्षा में नवाचार के रूप में इस्तेमाल भी शुरू कर दिया। संगीता ने एआई की मदद से थ्री डी तस्वीरें बनाईं। अब बच्चे थ्री डी तकनीक से तैयार किए चीता, ऊंट और बिल्ली जैसे जानवरों के साथ खेलते हुए पढ़ाई कर रहे हैं। स्कूल का माहौल देखकर लगता है कि मानो वन्य जीव सच में बच्चों के बीच आ गए हों।

> ग्रामीण क्षेत्र के सरकारी स्कूलों में बच्चों को कक्षा में बनाए रखना शिक्षकों के लिए सबसे बड़ी चुनौती है। इसके लिए पढ़ाई में विविधता लाना जरूरी है। आने वाला समय आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का है और छोटे-छोटे प्रयोगों के जरिये वह बच्चों को एआई से परिचित करा रही हैं। इसका सकारात्मक प्रभाव बच्चों के शैक्षिक स्तर पर भी दिखाई दे रहा है। - **संगीता सिंह**, शिक्षिका

उच्च प्राथमिक विद्यालय फतेहगंज पश्चिमी में तैनात शिक्षिका संगीता सिंह ने एआई की मदद से पढ़ाने का ऐसा तरीका खोजा की कक्षा का माहौल पूरी तरह बदल दिया है। वह आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से कक्षाओं की दीवारों पर थ्री-डी दृश्य तैयार करती हैं। कभी दीवारों पर सूरज उगता दिखाई देता है तो कभी चांद और तारे चमकते नजर आते हैं। वहीं कभी चीता, ऊंट या बिल्ली जैसे जानवर बच्चों के बीच मौजूद नजर आते हैं। इन रोचक दृश्यों के बीच बच्चे पढ़ाई का आनंद लेते हुए नई चीजें सीख रहे हैं।

संगीता सिंह लंबे समय से शिक्षण कार्य में तकनीक का प्रयोग कर रही हैं। वह जूम-एप के माध्यम से पढ़ाने, क्यूआर कोड के जरिये शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराने और सूचना एवं संचार तकनीक (आईसीटी) के प्रयोग में भी आगे हैं। उनके इन प्रयासों से न केवल स्कूल का माहौल बदला है, बल्कि बच्चे भी नई तकनीकों के प्रति जागरूक हो रहे हैं।

**एआई के प्रयोग से नए लेसन भी होते हैं तैयार**


संगीता सिंह बच्चों की पढ़ाई में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग कर रही हैं। एआई की मदद से वह बच्चों के लिए नए लेसन प्लान तैयार करती हैं और पढ़ाई को रोचक बनाने के लिए नए-नए तरीके खोजती रहती हैं। उनके पढ़ाई के इस तरीके से बच्चों की पाठ्य सामग्री को याद रखने का तरीका और तेज हो रहा है।

## 42 बीघा भूमि को कराया मुक्त, फसलें जोतीं

### संभल तहसील के मन्नी खेड़ा गांव में 106 बीघा पशुचर भूमि पर गांव के लोगों ने कब्जा कर बोई फसलें

- **पशुचर भूमि पर उगाई गई थी गेहूं,सरसों,ईख व मक्का की फसल**
- **दो करोड़ बताई जा रही है कब्जामुक्त कराई गई जमीन की कीमत**

**कार्यालय संवाददाता ,संभल**



मन्नीखेड़ा गांव में पशुचर भूमि के दस्तावेज देखते नायब तहसीलदार व अन्य।



● अमृत विचार सरकारी भूमि पर खड़ी फसल को उजाड़ता ट्रैक्टर।

**अमृत विचार :** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर जनपद संभल में सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से मुक्त कराने के लिए राजस्व प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शनिवार को तहसील संभल के नखासा थाना क्षेत्र अंतर्गत मन्नीखेड़ा में बड़ी कार्रवाई की गई।

106 बीघा पशुचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने का अभियान शुरु करते हुए राजस्व टीम ने पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में करीब 42 बीघा जमीन को कब्जा मुक्त कराते हुए उस पर खड़ी गेहूं, सरसों, ईख और मक्का की फसल को ट्रैक्टर-हैरो चलवाकर नष्ट करा दिया। शनिवार दोपहर नायब तहसीलदार बबलू कुमार के नेतृत्व में राजस्व टीम गांव मन्नीखेड़ा पहुंची। राजस्व निरीक्षक योगेंद्र पाल, चंद्रपाल, लेखपाल मनोज कुमार, रविंद्र सिंह, अनुराग शर्मा, सचिन गुप्ता और मयूरी सिंह ने पुलिस और पीएसी बल की मौजूदगी में सरकारी पशुचर भूमि का सीमांकन कर निशान लगाने का काम किया। इसके बाद पशुचर भूमि से अवैध कब्जा हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। राजस्व विभाग के अभिलेखों के अनुसार गांव मन्नीखेड़ा में गाटा संख्या 1266, 1267 और 1339 समेत करीब 6.7 हेक्टेयर यानि 106 बीघा पशुचर श्रेणी की सरकारी भूमि है। इस भूमि पर गांव के ही कुछ लोगों ने लंबे समय से कब्जा कर खेती कर रखी थी। जांच में सामने आया कि गाटा संख्या 1266 की भूमि पर विजय ने सरसों और गेहूं की फसल बो रखी थी, जबकि धीरज, नीरज और रनवीर ने भी गेहूं की खेती कर रखी थी। इसी तरह गाटा संख्या 1339 की करीब 0.324 हेक्टेयर पशुचर भूमि पर धीरज, नीरज और रनवीर द्वारा ईख की फसल उगाई जा रही थी। इसके अलावा गाटा संख्या 1267 की करीब 0.660 हेक्टेयर भूमि पर सुरेश और जयसिंह तथा राकेश ने कब्जा कर गेहूं और मक्का की खेती कर रखी थी।

**पुलिस और पीएसी रही तैनात**

राजस्व टीम ने मौके पर ट्रैक्टर-हैरो चलवाकर अवैध रूप से उगाई गई फसलों को नष्ट करा दिया और लगभग 42 बीघा भूमि को कब्जा मुक्त कराते हुए सरकारी नियंत्रण में ले लिया। अधिकारियों के अनुसार कब्जा मुक्त कराई गई भूमि की अनुमानित कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। कार्रवाई की सूचना मिलते ही गांव में बड़ी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए, हालांकि पुलिस और पीएसी की मौजूदगी में पूरी कार्रवाई शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई गई। किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए पूरे अभियान की वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई।

## संभल एसपी की दुल्हनिया बनेंगी आईपीएस अंशिका

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**



- **प्रदेश के दो आईपीएस अफसर 28 मार्च को वैवाहिक बंधन में बंधेंगे**
- **राजस्थान के बाड़मेर में होगी शादी, कार्ड सोशल मीडिया पर वायरल**

**अमृत विचार :** बरेली में एसपी साउथ के पद पर तैनात आईपीएस अंशिका वर्मा और संभल के एसपी केके बिश्नोई की शादी तय हो गई है। शादी का कार्ड भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि राजस्थान के बाड़मेर में होने वाले तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की बुकिंग हो गई है। आईपीएस अंशिका वर्मा की शादी की खबर शनिवार को दिनभर सोशल मीडिया पर छाई रही।

बताया जा रहा है कि बरेली की एसपी साउथ आईपीएस अंशिका वर्मा का रिश्ता पिछले दिनों संभल के एसपी कृष्ण कुमार बिश्नोई के साथ तय हुआ था। दोनों परिवार की आपस में मुलाकात के बाद शादी को लेकर चर्चा हुई थी। कृष्ण कुमार बिश्नोई 2018 बैच के आईपीएस हैं और राजस्थान के बाड़मेर के मूल निवासी है। अंशिका वर्मा प्रयागराज की मूल निवासी हैं और 2021 बैच की आईपीएस हैं। बताया जा रहा है कि दोनों की मुलाकात गोरखपुर में तैनाती के दौरान हुई थी।

तीन दिवसीय वैवाहिक कार्यक्रम की शुरुआत 28 मार्च से होनी है। बाड़मेर के कृष्ण निवास में कृष्ण कुमार बिश्नोई 28 मार्च को बरात लेकर पहुंचेंगे। 29 मार्च की सुबह विदाई का कार्यक्रम है और 30 मार्च को जोधपुर के रिसॉर्ट में विवाह का रिसेप्शन रखा गया है। एसएसपी अनुराग आर्य समेत कई वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल होंगे। राजस्थान और उत्तर प्रदेश के कुछ राजनेता भी आईपीएस वर-वधू को आशीर्वाद देने के लिए पहुंच सकते हैं।

## आंध्र प्रदेश-महाराष्ट्र से आ रहे खरबूज-तरबूज

**दिग्विजय मिश्रा, बरेली**





महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश से आया तरबूज। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** रमजान माह के साथ ही गर्मी का मौसम शुरू होते ही मंडी में तरबूज और खरबूज की आवक अब और तेज होने लगी है। इन दिनों मंडी में आंध्रप्रदेश और महाराष्ट्र से खरबूज और तरबूज की खेप पहुंच रही है। पहले जहां तीन गाड़ियां पहुंचती थी वहीं अब रोजाना 10 गाड़ियां पहुंच रही हैं। व्यापारियों का मानना है कि दक्षिण भारत से आने वाले तरबूज और खरबूज का आकार स्थानीय फलों के अपेक्षाकृत छोटा होता है, लेकिन स्वाद मीठा और गुणवत्ता बेहतर होने के कारण बाजार में इनकी मांग बनी रहती है।

मंडी कारोबारियों के मुताबिक फिलहाल बरेली मंडी में रोजाना करीब 8 से 10 ट्रक तरबूज और खरबूज की आवक हो रही है। इनकी कुल खपत लगभग 180 से 200 टन प्रतिदिन आंकी जा रही है। रमजान शुरू होने और तापमान बढ़ने के कारण इन फलों की मांग अचानक बढ़ गई है। खासकर रोजा इफ्तारी के लिए भी तरबूज और खरबूज की बिक्री ज्यादा हो रही है। फिलहाल तरबूज और खरबूज आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र, कर्नाटक और मध्यप्रदेश के कुछ हिस्सों से मंगाए जा रहे हैं। मंडी में करीब 70 से 75 व्यापारी इन फलों का कारोबार करते हैं। यहां से आसपास के जिलों बदायूं, पीलीभीत, शाहजहांपुर और रामपुर तक फलों की सप्लाई जाती है।स्थानीय उत्पादन की बात करें तो बरेली और आसपास के इलाकों में भी तरबूज और खरबूज की खेती बड़े पैमाने पर होती है। जिले में अनुमानित 700 से 800 हेक्टेयर क्षेत्र में इनकी खेती की जाती है। स्थानीय फसल आमतौर पर अप्रैल के दूसरे पखवाड़े से मंडी में पहुंचनी शुरू हो जाती है। इसके बाद बाहरी राज्यों से आने वाले फलों की मात्रा कम हो जाती है और दामों में भी गिरावट आने लगती है। वहीं फल व्यापारी सलीम अहमद का कहना है कि इस समय फलों के दामों में काफी उछाल आया है। दरअसल इस समय महाराष्ट्र और आंध्रप्रदेश से खरबूज और तरबूज आ रहे हैं।

> बाहरी राज्यों से आने वाले तरबूज और खरबूज की आवक सीमित है, इसलिए इनके दाम सामान्य से अधिक बने हुए हैं। आने वाले दो से तीन सप्ताह में सप्लाई बढ़ने पर कीमतों में कमी आने की संभावना है। रमजान शुरू होने के बाद तरबूज, खरबूज, केला और पपीते की मांग काफी बढ़ गई है। तरबूज और खरबूज इस समय बाहर से आ रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ ही इन फलों की खपत और बढ़ने की उम्मीद है। -**सुभाष खान**, कोषाध्यक्ष बरेली फ्रूट एसोसिएशन

**फलों के दाम**

- तरबूज 20-30 रुपये प्रति किलो
- खरबूज 25-35 रुपये प्रति किलो
- पपीता 30-40 रुपये प्रति किलो
- खजूर 300 रुपये प्रति किलो
- अंगूर 120 रुपये प्रति किलो
- केला 50-60 रुपये दर्जन

अगले कुछ हफ्तों में जैसे-जैसे आवक बढ़ेगी और स्थानीय फसल मंडी में पहुंचेगी, वैसे-वैसे कीमतों में भी संतुलन आने लगेगा।

## महिला को पीटा डॉक्टर समेत छह के खिलाफ रिपोर्ट

**संभल/ ओबरी, अमृत विचार:** असमोली थाना क्षेत्र के गांव रतुपुरा में जमीन के पुराने विवाद में घर में घुसकर महिला से मारपीट और अभद्रता करने के आरोप में पुलिस ने मुरादाबाद के एक डॉक्टर सहित छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मामले में पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

गांव रतुपुरा निवासी महिला का कहना है कि गांव के ही रहने वाले शाने और मुन्नन , फईम, श्वाले तथा इसरार और डॉ. साजिद निवासी गांव महलकपुर थाना पाकबड़ा जनपद मुरादाबाद ने छह मार्च को घर में घुसकर लाठी-डंडों और सरिया से मारपीट की। महिला का आरोप है कि जमीन को लेकर पुरानी रंजिश चल रही है। इसी विवाद में गली बंद करने का विरोध करने पर आरोपियों ने जान से मारने की नीयत से उसके सिर पर धारदार हथियार से हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गई।

## सेना भर्ती रैली के समय नकटिया रोड पर ट्रैफिक रहेगा वन-वे

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **जंक्शन, सेटेलाइट व बस अड्डे पर तैनात रहेगी ट्रैफिक पुलिस**
- **एसपी ट्रैफिक ने सभी को किया ब्रीफ, अभ्यर्थियों को बताएंगे रास्ते**

**अमृत विचार :** सेना भर्ती रैली को लेकर ट्रैफिक पुलिस की ओर से तैयारी की गई है। बरेली जंक्शन से बस अड्डों तक ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा, ताकि बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों कोई दिक्कत न हो। नकटिया रोड पर भर्ती के समय तक ट्रैफिक वन-वे रहेगा। ट्रैफिक पुलिसकर्मी अभ्यर्थियों को रास्ता भी बताएंगे

जाट रेजिमेंट केंद्र पर 11 से 23 मार्च तक भारतीय सेना की अग्निपथ योजना के तहत सेना भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। बहराइच, बलरामपुर, श्रावस्ती, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, सीतापुर, संभल, पीलीभीत, हरदोई, बदायूं समेत अन्य जिलों के अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल होंगे। भर्ती में बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को किसी तरह की कोई समस्या न हो, इसको लेकर यातायात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ कर दिया गया है। यातायात कर्मी बाहर से आने वाले अभ्यर्थियों को रास्ता बताने का काम करेंगे। सेटेलाइट, पुराना बस अड्डे के अलावा बरेली जंक्शन, इज्जतनगर स्टेशन पर ट्रैफिक कर्मी लगाए जाएंगे। जबकि नकटिया रोड के हरभजन द्वार से नकटिया चौकी तक आयोजन के दिनों में रात 7 से सुबह 11 तक ट्रैफिक को वनवे कर दिया जाएगा।

> सेना भर्ती रैली को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है। आयोजन के समय नकटिया रोड पर ट्रैफिक वनवे कर दिया जाएगा। बस अड्डे और स्टेशनों पर ट्रैफिक पुलिस तैनात रहेगी, जो अभ्यर्थियों को रास्ता बताएगी। -**मोहम्मद अकमल खान**, एसपी ट्रैफिक

## मनरेगा कर्मचारियों की फीकी रही होली नहीं हुआ भुगतान

**बरेली, अमृत विचार :** मनरेगा कर्मियों को छह माह से मानदेय न मिलने के कारण होली इस बार काफी फीकी रही। इससे आक्रोशित कर्मचारी अब आंदोलन की तैयारी कर रहे हैं।

ग्राम रोजगार सेवक संघ के जिलाध्यक्ष गंगादीन कश्यप ने बताया कि मनरेगा कर्मचारी बीते छह वर्षों से निष्ठापूर्वक कार्य कर रहे हैं और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में अहम भूमिका निभा रहे हैं। इसके बावजूद उनका अल्प मानदेय पिछले छह माह से बकाया है। कर्मचारियों का कहना है कि नियमित भुगतान न होने से बच्चों की फीस, दवाइयों और ब्लॉक मुख्यालय तक आने-जाने का खर्च वहन करना कठिन हो गया है। बढ़ते कर्ज के कारण आर्थिक संकट गहराता जा रहा है। उन्होंने बताया कि अगर जल्द मानदेय नहीं आता है तो सामूहिक रूप से आंदोलन किया जाएगा।

## बुलडोजर देख कर भड़के व्यापारी अतिक्रमण हटाने को लेकर हंगामा

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **सीएम ग्रिड के तहत कोहड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक कराया जा रहा है सड़क सौंदर्यीकरण का कार्य**
- **दुकानों के आगे बने टीन शेड और प्लेटफॉर्म को हटाने पहुंची थी टीम नोटिस न देने का आरोप लगाकर व्यापारियों ने किया जोरदार विरोध**

**अमृत विचार :** सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक शनिवार को अतिक्रमण के दौरान व्यापारियों हंगामा कर दिया। व्यापारियों का आरोप था कि बिना किसी नोटिस के अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। इस दौरान नगर निगम के अधिकारियों से तीखी नोक-झोंक हुई। हंगामा बढ़ने पर कार्रवाई को कुछ देर रोक कर व्यापारियों के साथ वार्ता के बाद पुनः कार्रवाई शुरू हुई और शाम पांच बजे तक जारी रही।

सीएम ग्रिड योजना के तहत कोहाड़ापीर से धर्मकांटा चौराहे तक चल रहे सड़क सौदर्यीकरण के कार्य के दौरान शनिवार को अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई ने अचानक तूल पकड़ लिया। सुबह करीब 11 बजे प्रवर्तन दल प्रभारी सीबी जोशी और निर्माण विभाग के अभियंता बुलडोजर के साथ भारत सेवा ट्रस्ट के सामने पहुंचे और सड़क चौड़ीकरण में बाधा बन रहे टीन शेड, प्लेटफॉर्म और अन्य अस्थायी ढांचों को हटाने की कार्रवाई शुरू की तो दुकानदारों में आक्रोश फैल गया। कुछ ही मिनटों में बड़ी संख्या में व्यापारी मौके पर जमा हो गए। व्यापारियों ने नगर निगम की टीम का घेराव करते हुए जोरदार विरोध शुरू कर दिया। देखते ही देखते माहौल गरमा गया और मौके पर तीखी बहस, नोकझोंक और हंगामे की स्थिति बन गई। हालात ऐसे हो गए कि स्थिति को संभालने के लिए अधिकारियों को व्यापारियों से बातचीत करनी पड़ी और कुछ समय तक कार्रवाई प्रभावित रही।

विरोध कर रहे व्यापारियों का आरोप था कि नगर निगम बिना किसी स्पष्ट सूचना के अचानक बुलडोजर लेकर पहुंच गया और दुकानों के सामने बने ढांचों को तोड़ना शुरू कर दिया। व्यापारी गुड्डू, अजय, शिव कपूर, अनिल अग्रवाल आदि ने बताया कि दुकानें कई वर्षों से यहां संचालित हो रही हैं और सभी दुकानदारों पास संबंधित कागजात भी मौजूद हैं। उनका कहना था कि यदि किसी प्रकार का अतिक्रमण था तो नगर निगम को पहले लिखित नोटिस देकर समय देना चाहिए था, ताकि वे खुद अपने स्तर से दुकानों के आगे बने टीन शेड और अन्य निर्माण हटा लेते।

## जून तक पूरे करें जनगणना से जुड़े कार्य, दस से ट्रेनिंग

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **प्रत्येक परिवार से 34 प्रश्नों की सूची भरवाने के लिए 700 से 800 प्रगणक होंगे नियुक्त**
- **डीएम ने जिला जनगणना समन्वय समिति के पदाधिकारियों संग बैठक में की समीक्षा**

**अमृत विचार :** जनगणना 2027 से पहले मकान सूचीकरण और मकानों की गणना कराने के लिए तैयारियां तेज हो गयी हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को हुई बैठक में 30 जून तक जनगणना से जुड़े सभी कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ यह बताया गया कि 10 मार्च से मास्टर ट्रेनर जनगणना पदाधिकारियों और कार्मिकों को ट्रेनिंग देंगे।

जिलाधिकारी अविनाश सिंह की अध्यक्षता में जनगणना-2027 के कार्यान्वयन एवं संचालन के लिए गठित जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में हुई। बैठक में नोडल अधिकारी ने बताया कि जनगणना में किसी निश्चित क्षेत्र में रहने वाले लोगों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति का आकलन किया जाता है। भारत में जनगणना की शुरुआत 1871 से हुई थी, आजादी के बाद यह 8 वीं जनगणना है। बैठक में जनगणना-2027 की प्रारंभिक तैयारियां, प्रशिक्षण, मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना, जिला जनगणना हस्तपुस्तिका, जनसंख्या की गणना, वित्त एवं उपयोगिता प्रमाण पत्र, आंकड़ों के प्रकाशन एवं सारणीकरण आदि कार्यों को 30 जून तक निर्धारित समय में पूर्ण कराने के बारे में अवगत कराया। बैठक में जानकारी दी गयी कि जनगणना पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। जनगणना की शुरुआत से पूर्व मकानों की गणना की जाएगी। पोर्टल पर स्वगणना का भी प्रावधान है।

## मुंबई-बरेली आने-जाने वाले यात्रियों को जेब करनी पड़ेगी ढीली

**कार्यालय संवाददाता, बरेली**

- **नवी मुंबई एयरपोर्ट से मुंबई तक जाने के लिए यात्रियों को कैब बुक करनी पड़ेगी**
- **इस दूरी के लिए कैब बुक करने पर डेढ़ हजार तक अतिरिक्त खर्च करना पड़ेगा**

**अमृत विचार :** 30 मार्च से बरेली से नवी मुंबई के लिए फ्लाइट शुरू हो जाएगी। नवी मुंबई जाने वाले यात्रियों के लिए राहत मिलेगी लेकिन मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों के लिए जेब ढीली करनी पड़ेगी। बरेली-मुंबई आने-जाने वाले यात्रियों को जब नवी मुंबई होकर मुंबई जाना पड़ेगा तो उन्हें करीब 38 किलोमीटर तक टैक्सी का सफर तय करना पड़ेगा। नवी मुंबई से मुंबई तक टैक्सी बुक करने पर यात्रियों को करीब एक से डेढ़ हजार रुपये तक खर्च करने पड़ सकते हैं। हालांकि, अभी बरेली से मुंबई तक पहुंचने फिर नवी मुंबई तक आने वाले यात्रियों को अतिरिक्त खर्चा उठाना पड़ रहा है। 30 को नवी मुंबई शुरू होते ही मुंबई वाली फ्लाइट बंद हो जाएगी।

**नवी मुंबई फ्लाइट संचालन की तैयारियां की जा रहीं**

बरेली एयरपोर्ट के निदेशक अवधेश अग्रवाल ने बताया कि नवी मुंबई का किराया इंडिगो ने निर्धारित किया है, टिकट बुक करने के लिए वेबसाइट पर किराया अपलोड है। 30 मार्च से नवी मुंबई फ्लाइट शुरू कराने की तैयारियां की जा रही हैं। अभी बरेली-दिल्ली फ्लाइट संचालन के लिए स्लाट नहीं मिला है, इंडिगो भी बरेली-दिल्ली के लिए नए सिरे से सर्वे करा रही है।

दरअसल, इंडिगो को नवी मुंबई फ्लाइट शुरू करने के लिए हाल ही में स्लॉट मिला है। इस उड़ान के लिए तैयारियां की जा रही हैं। बरेली से नवी मुंबई के लिए टिकट बुक कराने के लिए इंडिगो की वेबसाइट पर किराया भी अपलोड कर दिया गया है। इंडिगो की वेबसाइट के अनुसार 30 मार्च के लिए बरेली से नवी मुंबई के लिए 8405 रुपये प्रति यात्री किराया तय किया गया है। 2.20 बजे बरेली से उड़ान भरकर फ्लाइट नवी मुंबई एयरपोर्ट सायं 4.35 बजे पहुंचेगी। इधर बरेली एयरपोर्ट पर तैनात इंडिगो के एक अधिकारी के अनुसार नवी मुंबई उड़ान शुरू होने के बाद यात्रियों को फायदा मिलेगा। एयर ट्रैफिक सर्वे में नवी मुंबई फ्लाइट शुरू करने के लिए पूरा बहुमत मिला, इसके बाद इंडिगो ने उड़ान शुरू करने के लिए हामी भरी। हालांकि, अभी मुंबई के लिए प्रतिदिन 350 से ज्यादा यात्री बरेली से हवाई सफर करते हैं लेकिन नवी मुंबई शुरू होते ही मुंबई का ट्रैफिक भी इसी फ्लाइट में सफर करेगा।

न्यूज ब्रीफ

### थानाध्यक्ष हैदराबाद ने लोगों को किया जागरूक

**केशवापुर, अमृत विचार :** शुक्रवार शाम कस्बे में डीजल-पेट्रोल की कमी को लेकर फैली अफवाह पर थानाध्यक्ष हैदराबाद सुनील कुमार मलिक ने आम लोगों को जागरूक किया। थाना प्रभारी श्री मलिक ने बताया कि डीजल पेट्रोल का पर्याप्त स्टॉक देश में मौजूद है। तेल को लेकर कोई भी समस्या नहीं है, कोई भी व्यक्ति किसी के बहकावे में न आये, अनावश्यक तेल की खरीद कर स्टाक कर जोखिम न लें। जरूरत के हिसाब से ही तेल खरीद करें। कहा अफवाह फैलाने व स्टाक करने वालों पर कार्यवाही की जाएगी। ढकवा चौकी इंचार्ज जय नरायण व सैकड़ों की संख्या में आम नागरिक मौजूद रहे।

### सचिन को 785वीं और आकाश को मिली 471वीं रैंक

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा में जिले के दो युवाओं ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। शहर की वाजपेयी कॉलोनी निवासी सचिन वर्मा ने ऑल इंडिया रैंक 785वीं व धौरहरा क्षेत्र के अभयपुर गांव निवासी आकाश निगम ने 471वीं रैंक हासिल की। परिणाम घोषित होने के बाद दोनों के घरों और गांव में खुशी का माहौल है। सचिन वर्मा ने बताया कि उनके दिवंगत बाबा प्रताप चंद्र वर्मा का सपना था कि वह सिविल सेवा में जाए। उन्हीं की प्रेरणा, मां, बाप, भाइयों और गुरुजनों के आशीर्वाद से सफलता पाई है।

### परिणाम घोषित होते ही परिवार में खुशी की लहर

**धौरहरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के अभयपुर गांव के मध्यमवर्गीय किसान परिवार में जन्मे आकाश निगम ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) परीक्षा 2026 में 471वीं रैंक हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। परिणाम घोषित होते ही परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। आकाश का सपना आईएएस अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है। इससे पहले वर्ष 2025 की यूपीएससी परीक्षा में भी उन्होंने 417वीं रैंक प्राप्त की थी। इस बार 471वीं रैंक के साथ उनका चयन भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के लिए हुआ है।

# शारदा नहर में उतराता मिला युवक का शव

## चार दिन से लापता था युवक, ननिहाल से लौटते समय हुआ लापता

संवाददाता, उचौलिया

**अमृत विचार:** थाना क्षेत्र के गांव किरियारा के पास शारदा नहर में एक युवक का शव उतराता मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकलवाया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

घटना शनिवार सुबह की है। शव की पहचान सुकेंद्र प्रताप सिंह पुत्र रामबाबू निवासी ढकिया तिवारी थाना निगोही (शाहजहांपुर) के रूप में हुई। परिजनों के अनुसार सुकेंद्र चार मार्च को अपनी ननिहाल ग्राम सिसैया थाना सिधौली (शाहजहांपुर) गया था। वहां से वह घर के लिए निकला था, लेकिन घर नहीं पहुंच सका। परिजनों ने उसकी काफी तलाश की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। शनिवार सुबह उचौलिया क्षेत्र के गांव किरियारा के पास शारदा नहर की झाल में उसका शव उतराता मिला। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



गांव किरियारा में शव मिलने के बाद शारदा नहर पटरी पर मौजूद ग्रामीण।

**कीचड़ भरे पानी में मिला लापता युवक का शव : पसगवां।** कस्बा जंगबहादुरगंज में शनिवार को लापता युवक का शव कीचड़ भरे पानी में मिलने से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकलवाकर उसकी शिनाख्त कराई। शव की पहचान ग्राम बरखेरिया जाट निवासी 24 वर्षीय शिवा उर्फ चौधरी पुत्र बाबू के रूप में हुई। शव मिलने की खबर मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंच गए। परिजनों ने बताया कि शिवा को दौरे पड़ने की बीमारी थी और वह कूड़ा बीनकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। चार मार्च की सुबह वह कूड़ा बीनने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। काफी तलाश के बाद भी जब उसका कोई पता नहीं चला तो छह मार्च को परिजनों ने थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। शनिवार दोपहर जिला सहकारी बैंक गली से एसआर कॉलेज जाने वाले रास्ते पर कीचड़ भरे पानी में उसका शव पड़ा मिला।

# भीषण आग से छह घर जले, दो पशुओं की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** सिंगाही थाना क्षेत्र के सिन्हौना गांव में शनिवार को अचानक लगी भीषण आग से छह घर जल गए। एक घारी भी जलकर राख हो गई। इस अग्निकांड में दो पशु जलकर मर गए। घरों में रखा अनाज, कपड़े और घरेलू सामान भी पूरी तरह जलकर नष्ट हो गया।

शनिवार को अज्ञात कारणों से गांव में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास की झोपड़ियों को अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगते ही गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग अपने-अपने घरों से सामान बचाने में जुट गए। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस और दमकल विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिंगाही थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। दमकल कर्मियों और ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक छह घर और उनमें रखा अनाज, कपड़े और अन्य घरेलू सामान जलकर राख हो चुका था।

इस आगजनी में गांव निवासी हुसैनी, राजकुमार, मेवालाल, रामसिंह, खुशीराम और नंद किशोर के घर जले हैं। इसके अलावा प्रमोद पुत्र लल्लाराम की मवेशियों की घारी भी आग की चपेट में आकर जल गई, जिसमें दो सूअर भी जलकर मर गए। गनीमत यह रही कि इस घटना में किसी व्यक्ति के हताहत होने की सूचना नहीं है। सूचना मिलने पर क्षेत्रीय लेखपाल अंशुल श्रीवास्तव राजस्व टीम के साथ मौके पर पहुंचे और नुकसान का आकलन शुरू किया।

### 129 परीक्षा केंद्रों पर 739 परीक्षार्थी उपस्थित

**लखीमपुर खीरी, अमृत विचार :** शनिवार को जिले के 129 परीक्षा केंद्रों पर यूपी बोर्ड परीक्षा की प्रथम पाली शांतिपूर्ण और अनुशासित माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा केंद्रों पर सुबह से ही परीक्षार्थियों की आवाजाही बनी रही और प्रशासनिक निगरानी के बीच परीक्षा प्रक्रिया निर्धारित समय पर पूरी कराई गई। पहली पाली में कुल 757 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 739 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 18 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### किसान ने पेड़ पर फंदा लगाकर दी जान

**संसारपुर, अमृत विचार :** पुलिस चौकी संसारपुर के गांव कुकहापुर निवासी अमेरिका प्रसाद वर्मा (55) पुत्र रामलाल शनिवार सुबह करीब 10 बजे घर से निकले थे। दोपहर तक घर न लौटने पर परिजनों ने आसपास के गांवों में उनकी तलाश शुरू की। दोपहर बाद करीब 3 बजे परिवार के एक बुजुर्ग व्यक्ति जानवरों के लिए चारा लेने बाग में गए, जहां आम के पेड़ से अमेरिका प्रसाद का शव रस्सी के फंदे से लटकता देखा। पेड़ के नीचे मृतक की चप्पल रखी हुई थी। आशंका जताई जा रही है कि पहले कच्ची शराब पी और उसके बाद आत्महत्या कर ली।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई–टेन्डरिंग निविदा सूचना सं० 10/2026**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (ई–टेन्डरिंग) के माध्यम से ''खुली'' निविदा आमंत्रित करते है। **क्र.सं. 1.** कार्य का विवरण : समइं/पीलीभीत अनुभाग के अंतर्गत पीलीभीत–टनकपुर खंड में बनवासा–टनकपुर के मध्य ट्रैक के किनारे सीआरओ की रोकथाम के लिए मेटल बीम क्रैश बेरियर सेफ्टी फेन्सिंग लगाने का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में : रू. 4,69,20,211.39, बयाना राशि रूपयों में : रू. 3,84,600/–, निविदा प्रपत्र का मूल्य : शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 09 माह। **1.** ई–निविदा दिनांक 30.03.2026 को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। **2.** ई–निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेब साईट **www.ireps.gov.in** पर देखे।

**मंडल रेल प्रबंधक (इंजी०),**
**मुजाधि/डब्लू – 499 इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्र न करें।


# वाहन की टक्कर से बाइक सवार दो लोगों की मौत

संवाददाता, धौरहरा

**अमृत विचार :** थाना शारदानगर क्षेत्र में ढखेरवा रोड पर टाहरा के पास स्थित पेट्रोल पंप के पास अज्ञात वाहन ने एक बाइक में टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार एक किशोर समेत दो लोगों की मौत हो गई। हादसे के बाद चालक वाहन समेत मौके से भाग निकला। पुलिस ने दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे हैं।

हादसा शुक्रवार की देर शाम हुआ। ढखेरवा-लखीमपुर मार्ग पर देर रात एक अज्ञात वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार रोहित वाल्मीकि (22) पुत्र संजय बाल्मीकि निवासी खीरी टाउन और उसके साथ पीछे बैठे रिश्तेदार शिवम वाल्मीकि (16) पुत्र नेकराम निवासी शारदा नगर की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। प्रभारी निरीक्षक शारदा नगर मनोज कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात वाहन की टक्कर से दोनों युवकों की मौत हुई है।


**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली**

पत्रांक : 1733 /142सी0(ई0टेण्डर)–3/26 दिनांक : 26.02.2026

**ऑन–लाइन अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

1– महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन–लाइन ई–निविदा दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 16.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 14.03.2026 को अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद शाहजहॉपुर में वित्तीय वर्ष 2025–26 के अन्तर्गत चावरखास से छिकड़ापुर तक सम्पर्क मार्ग का नव निर्माण कार्य। | निर्माण खण्ड–1 लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर | 114.40 | 8.58 | 122.98 | 8.15 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |

2– निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

(रथिन सिन्हा)
अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड–1, लो0नि0वि0, शाहजहॉपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली

UP-247361 दिनांक 06.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत**

पत्रांक 381/31ए दि0 23.02.2026

**अल्प कालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**
**स्वीकृति की प्रत्याशा में**

1. महामहिम राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, पीलीभीत द्वारा लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत योग्य ठेकेदारों से प्रतिशत दरों पर बिड आमंत्रित की जाती है। बिड प्रस्तुत करते समय निविदा के आई0टी0बी0 में उल्लिखित शर्तो के अनुसार बिड अपलोड करें।
2.

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षाऋतु सहित) | फर्म/ठेकेदारों की आवश्यक पंजीकरण श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | पीलीभीत | पूरनपुर खटीमा मार्ग से मैनाकोट कालोनी सम्पर्क मार्ग(ग्रा.मा.) के विशेष मरम्मत का कार्य। | 18.52 | 1.90 | 600+300+GST18% (Rs. 900+162= Rs. 1062.00) | 02 माह | A,B,C&D (Civil Work) |

3. बिड डाक्यूमेन्ट बेबसाइट http://etender.up.nic.in पर दिनांक 09.03.2026 से दि0 16.03.2026 को मध्यान्ह 12:00 बजे तक अपलोड किये जा सकते है, जिनकी तकनीकी बिड तद्‌दिनांक 16.03.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी।
निविदा से सम्बन्धित जानकारी http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी।

(राजेश चौधरी)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लोनिवि, पीलीभीत।

UP-247382 दिनांक 06.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।


# जेठ-जेठानी और भतीजे ने की थी हत्या, गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी

**अमृत विचार:** थाना फरधान क्षेत्र के गांव कैमहरा में 23 फरवरी की रात गांव हुई महिला की हत्या के मामले का पुलिस ने शनिवार को खुलासा कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि महिला की हत्या उसके ही जेठ, जेठानी और भतीजे ने मिलकर की थी। हत्या के पीछे पुराने मुकदमे की रंजिश बताई जा रही है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। वहीं मुख्य आरोपी जेठ ने शुक्रवार को ही न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया था।

सीओ सिटी विवेक तिवारी ने बताया कि गांव कैमहरा निवासी सुमेरा (40) को आरोपियों ने 23 फरवरी की रात बहाने से अपने घर बुलाया था। आरोप है कि तीनों ने पहले से ही उसकी हत्या की साजिश रच रखी थी। महिला के घर पहुंचते ही तीनों ने मिलकर उसका गला दबा दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हत्या के बाद आरोपी शव को गांव के बाहर स्थित गेहूं के खेत में फेंककर मौके से फरार हो गए थे, ताकि घटना को छिपाया जा सके। उधर महिला के घर न लौटने पर उसके बेटे मां की तलाश में जुटे रहे, लेकिन देर रात तक उसका कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने थाने में तहरीर देकर गुमशुदगी दर्ज कराई थी।

घटना के बाद पुलिस की शुरुआती जांच में लापरवाही सामने आई थी। इस पर एसपी डॉ. ख्याति गर्ग ने सख्त कार्रवाई करते हुए एसआई केके यादव, हेड कांस्टेबल श्रवण कुमार और अशोक कुमार को निलंबित कर दिया था। पुलिस ने मामले की गंभीरता से जांच शुरू की और तकनीकी साक्ष्यों के साथ-साथ घटनास्थल से मिले सुरागों को खंगाला। जांच के दौरान पुलिस को मृतका के जेठ सरोज, जेठानी उमा देवी और उनके पुत्र शिवशंकर पर शक हुआ। इसके बाद पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

पुलिस के अनुसार पुराने मुकदमे और पारिवारिक रंजिश के चलते आरोपियों ने महिला को रास्ते से हटाने की योजना बनाई थी। इसी साजिश के तहत उसे घर बुलाकर गला दबाकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। वहीं मुख्य आरोपी जेठ सरोज ने गिरफ्तारी से बचने के लिए पहले ही अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया था।

### आबकारी निरीक्षक पर कार्रवाई की मांग को दिया ज्ञापन

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचार :** गरीब मजदूर किसान पार्टी के पदाधिकारियों ने किसान से कथित मारपीट और अवैध वसूली के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर शनिवार को तहसीलदार के माध्यम से जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजा है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत धमीपुर वि.ख. भदपुरा जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत धमीपुर को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यो के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से सरिया, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, देशी रेत, ईट, रोड़ा, मिट्‌टी, पॉलीथीन आदि व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 10.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यो का विवरण :

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|
| 1. | शान्ति देवी के घर से चन्द्रपाल के घर तक नाली व सीसी रोड निर्माण कार्य | 50 मी. | 143927/– |

ग्राम प्रधान–अंजू देवी सचिव–ब्रजेश यादव



**कार्यालय ग्राम पंचायत जासपुर वि.ख. भदपुरा जिला बरेली**

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष 2025–26 में स्वीकृत मनरेगा कार्य योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत जासपुर को आवंटित उपलब्ध धनराशि से कराये जाने हेतु निम्नांकित विवरणानुसार कार्यो के शासकीय विभाग से पंजीकृत उच्च कोटि की सामग्री आपूर्तिकर्ताओं/फर्मो से उच्च कोटि की ईट, रोड़ा, सीमेन्ट, बजरी, बजरफुट, रेता, सरिया व अन्य आवश्यक सामग्रियां निर्माण कार्य से प्रस्तुत होती है के लिये निविदायें आमंत्रित की जाती है। सीलबंद निविदायें ग्राम पंचायत कार्यालय पर दिनांक 08.03.2026 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से दिनांक 11.03.2026 को अपरान्ह 3:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है जो उसी दिनांक समय 4:00 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के सामने खोली जायेगी। कोई निविदा प्राप्त न होने पर कुटेशन प्राप्त कार्य कराने का अधिकार ग्राम पंचायत का होगा। निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत को निहित होगा। मनरेगा के कार्यो का विवरण :

| क्र.सं. | कार्य का नाम | लम्बाई | चौड़ाई | अनु. लागत |
|---|---|---|---|---|
| 1. | हरिशंकर के घर से प्रभुदयाल के घर तक सीसी रोड निर्माण | 100 | 3.5 | 331000/– |

ग्राम प्रधान–कृष्णा देवी सचिव–ब्रजेश कुमार



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल, सीतापुर

ई–टेण्डरिंग के माध्यम से आमंत्रित अल्पकालीन ई–निविदा सूचना संख्या–03/अधी0अभि0/2025–26

पत्रांकः– 1112 /सिं0का0मं0/निविदा 2025–26, दिनांकः– 27.02.2026

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से इस मण्डल के अन्तर्गत अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर व शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर के निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in/ के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन, टेक्निक्लबिड एवं फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांकः–09.03.2026 की अपरान्ह–12.00 बजे से दिनांकः–16.03.2026 को अपरान्ह–14.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड दिनॉकः–16.03.2026 को अपरान्ह–15.00 बजे मुख्य अभियन्ता (शारदा) द्वारा गठित समिति के माध्यम से ऑनलाइन खोली जायेंगी। प्री–क्वालीफिकेशन एवं टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के फाइनेन्शियल बिड, खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर, नोटिस बोर्ड/ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा।

| क्र0 स0 | लाट सं0 | कार्य का विवरण | कार्य की अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख रू0 में) | कार्य को पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र मूल्य (जी0एस0टी0 स्टेशनरी चार्ज सहित) (रू0 में) | पंजीकृत श्रेणी | कार्य से सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | 01 | जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम–बढ़ईन का पुरवा, पुजारिनपुरवा, रहमानपुरवा, जल्लाहपुरवा व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक का कार्य। | 501.60 | 10.04 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'एए' | सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर |
| 2. | 02 | जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम–मास्टर पुरवा, बुढ़नापुर, काटकोला, बाबूपुरवा व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक का कार्य। | 512.68 | 10.25 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'एए' | सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर |
| 3. | 03 | जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम–रतौली, रमपुरवा, बेलवा, पट्‌टी व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक परियोजना की पुनर्स्थापना का कार्य। | 331.71 | 6.64 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'ए' अथवा उच्च | सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर |
| 4. | 04 | जनपद सीतापुर में तहसील लहरपुर के अन्तर्गत शारदा नदी के दायें किनारे पर स्थित ग्राम–बसन्तापुर, देवपालपुर व अन्य की शारदा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक परियोजना की पुनर्स्थापना का कार्य। | 550.41 | 11.01 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'एए' | सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर |
| 5. | 05 | जनपद शाहजहॉपुर में तहसील तिलहर के अंतर्गत देवहा नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम सथरापुर एवं बहेड़ आदि ग्राम समूह की देवहा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक का कार्य। | 411.82 | 8.24 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'ए' अथवा उच्च | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |
| 6. | 06 | जनपद शाहजहॉपुर में तहसील सदर के अंतर्गत गर्रा नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम शाहबाजपुर, सरौरा एवं सरौरी आदि ग्राम समूह की गर्रा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक का कार्य। | 519.32 | 10.39 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'एए' | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |
| 7. | 07 | जनपद शाहजहॉपुर में तहसील सदर के अंतर्गत गर्रा नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम चॉदापुर बरकतपुर की गर्रा नदी के कटान से सुरक्षा हेतु कटाव निरोधक का कार्य। | 334.10 | 6.68 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'ए' अथवा उच्च | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |
| 8. | 08 | जनपद शाहजहॉपुर में गर्रा नदी के दॉये किनारे पर स्थित बेहटा, शाहबाजनगर, बन्ध पर बोल्डर पिचिंग का कार्य। | 390.36 | 7.82 | 06 माह (बाढ़काल छोड़कर) | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'ए' अथवा उच्च | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |
| 9. | 09 | जनपद शाहजहॉपुर के अंतर्गत बहगुल नदी के दॉये किनारे पर स्थित ग्राम धर्मपुर कंकलिया एवं बॉयें किनारे पर स्थित बकैनिया आदि ग्राम समूह की बाढ़ सुरक्षा हेतु कटान निरोधक का कार्य। | 139.71 | 2.80 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'ए' अथवा उच्च | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |
| 10. | 10 | जनपद शाहजहॉपुर के अंतर्गत बहगुल नदी के बॉयें किनारे पर स्थित ग्राम रघुनाथपुर की बाढ़ सुरक्षा हेतु कटान निरोधक का कार्य। | 77.51 | 1.55 | 03 माह | रू0 2,715.00 | श्रेणी 'बी' अथवा उच्च | शारदा नहर खण्ड, शाहजहॉपुर |

यह ई–निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://up.gov.in/, सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.nic.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://idup.gov.in/ पर भी उपलब्ध है।

अधीक्षण अभियन्ता
सिंचाई कार्य मण्डल,
सीतापुर

UP - 247385 दिनांकः 06/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।



कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत लो0नि0वि0, बरेली

पत्रांक : 1734/141सी0(ई0टेण्डर)–3/26 दिनांकः 26.02.2026

ऑन–लाइन निविदा आमंत्रण सूचना

1— महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बरेली वृत, लो0नि0वि0, बरेली के अंतर्गत निम्न तालिका में अंकित विवरण के अनुसार ऑन लाइन ई–निविदा दिनांक 09.03.2026 से दिनांक 17.03.2026 की अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित कर दिनांक 17.03.2026 को ही अपरान्ह 12.30 बजे खोला जाना प्रस्तावित किया गया है:–

| क्र0 सं0. | कार्य का नाम | खण्ड का नाम | लागत: सिविल कार्य की लागत (रू0 लाख में) | 05 वर्ष अनुरक्षण की लागत (रू० लाख में) | कुल लागत (4+5) (रू० लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (निविदा शुल्क+ स्टेशनरी+ जी0एस0टी0) (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारो की पात्रता श्रेणी (मार्ग कार्य हेतु) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | ग्राम कुरसण्डा से पंचपीर बाबा तक नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26) | प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, शाहजहांपुर | 105.00 | 6.50 | 111.50 | 7.58 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 2 | ग्राम रसूलपुर चठिया में प्राथमिक विद्यालय से अहिवरन पाल के मकान तक नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26) | | 74.80 | 4.40 | 79.20 | 5.96 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 3 | ग्राम कपेड़ कटका बुढानपुर बार्डर से उदयपुर कटैया सम्पर्क मार्ग के नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26) | | 119.80 | 7.50 | 127.30 | 8.37 | 2725.00 | 12 माह | 'ए' 'बी' (मार्ग कार्य) |
| 4 | ग्राम हथौड़ा बुजुर्ग से स्टेडियम मार्ग तक बांयी ओर का नवनिर्माण कार्य। (वित्तीय वर्ष 2025–26) | | 53.30 | 1.30 | 54.60 | 4.73 | 2725.00 | 04 माह | 'ए' 'बी' 'सी' (मार्ग कार्य) |

2— निविदा दस्तावेज एवं निविदा हेतु आमंत्रण के विस्तृत नियम एवं शर्तों हेतु वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन किया जा सकता है।

UP - 247473 दिनांकः 06/03/2026
विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(महेन्द्र कुमार पाल)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,शाहजहांपुर

(प्रकाश चन्द्र)
अधीक्षण अभियन्ता
बरेली वृत, लो0नि0वि0,बरेली



**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता**
**पंचम मण्डल सिंचाई कार्य, बरेली**

**ई–निविदा सूचना संख्या–06/अधी0अभि0/2025–26**

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन http://etender.up.nic.in के माध्यम से प्री–क्वालीफिकेशन टेक्निकल बिड एवं प्राईस–बिड/फाइनेन्शियल बिड, सिंचाई विभाग में वर्गीकृत श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक–09.03.2026 को पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक–16.03.2026 अपरान्ह 03.00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड/दिनांक–16.03.2026 को अपरान्ह 04.00 बजे अधीक्षण अभियन्ता, पंचम मण्डल सिंचाई कार्य, बरेली उत्तर प्रदेश के कार्यालय में मुख्य अभियन्ता, (शारदा) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, उ0प्र0 बरेली द्वारा गठित समिति के समक्ष ऑनलाइन खोली जायेगी एवं प्री–क्वालिफिकेशन टेक्निकल बिड में उपयुक्त पाये गये निविदादाताओं के प्राइस–बिड/फाइनेन्सियल बिड खोलने की तिथि कुल प्राप्त निविदाओं की संख्या के आधार पर ई–पोर्टल पर सूचित किया जायेगा।

| लाट सं0 | कार्यों का विवरण | कार्य से सम्बन्धित खण्ड का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (जी0एस0टी0 रहित) (लाख रू0 में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | ठेकेदार के पंजीकरण की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | जनपद पीलीभीत में शारदा नदी के दॉये तट पर स्थित सनेढी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर सं0 02,03 एवं 04 की लांचिग एप्रन की पुनर्स्थापना तथा स्पर सं0 01 से 04 के मध्य परक्यूपाइन लगाने का कार्य। | शारदा सागर खण्ड, पीलीभीत | 415.35 | 8.31 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "ए" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 2 | जनपद पीलीभीत में शारदा नदी के दॉये तट पर स्थित सनेढी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर सं0 11, 12, 13 एवं 14 की लांचिग एप्रन की पुनर्स्थापना तथा स्पर सं0 10 से 15 एवं स्पर सं0 16 से 17 के मध्य परक्यूपाइन लगाने का कार्य। | | 462.05 | 9.25 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "ए" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 3 | जनपद पीलीभीत में शारदा नदी के दायें तट पर स्थित सनेढी तटबंध पर पूर्व निर्मित स्पर सं0 28 एवं 29 की पुर्नस्थापना तथा स्पर सं0 28 से 30 के मध्य परक्यूपाइन लगाने का कार्य। | | 410.45 | 8.21 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "ए" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 4 | जनपद पीलीभीत में कटना नदी के दांये किनारे पर स्थित भदारा एवं भदारी ग्राम समूह की कटाव निरोधक कार्य। | | 332.13 | 6.65 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "ए" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 5 | जनपद पीलीभीत में कटना नदी के दांये किनारे पर स्थित धीमरपुरा ग्राम समूह की कटाव निरोधक कार्य। | | 96.63 | 1.94 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "बी" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |
| 6 | जनपद पीलीभीत में रपटुआ नदी के बांये किनारे पर ग्राम बसारा स्थित सिद्धपीठ मन्दिर परिसर की कटाव निरोधक कार्य। | | 78.61 | 1.58 | 03 माह | 2715.00 | सिंचाई विभाग में "बी" अथवा उच्च पंजीकृत श्रेणी |

UP-247444 दिनांक 06.03.2026 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

(त्रयम्बक त्रिपाठी)
अधीक्षण अभियन्ता

# अमृत विचार

रविवार, 8 मार्च 2026




जडभूतविकारेषु चैतन्यं यत्तु दृश्यते।
ताम्बूलपूगचूर्णानां योगाद् राग इवोत्थितम्।।

चार्वाक कहते हैं, जिस प्रकार पान के पत्ते और सुपाड़ी के चूर्ण के संयोग से लाल रंग होठों पर छा जाता है, उसी प्रकार इन चेतना शून्य घटक तत्वों के परस्पर संयोग से चेतना की उत्पत्ति होती है। यानी चेतना आत्मा या ततुल्य किसी अन्य अभौतिक सत्ता की विद्यमानता से नहीं आती है। विभिन्न पदार्थों के सेवन से चेतना की तीव्रता कम-ज्यादा हो जाती है, जिससे स्पष्ट है कि ये ही पदार्थ चेतना के कारण हैं।



# युद्ध को ईश्वर की योजना बताने का प्रयास घातक

अमेरिका सारी दुनिया को पंथनिरपेक्षता का पाठ पढ़ाता रहता है, लेकिन वर्तमान अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष के संदर्भ में एक विचित्र प्रवृत्ति सामने आ रही है। इस युद्ध को कुछ लोग सीधे धार्मिक भविष्यवाणियों और अंधविश्वास से जोड़ने का प्रयास कर रहे हैं। एक वरिष्ठ पत्रकार जोनाथन लार्सन द्वारा अमेरिकी सेना के भीतर मजहबी कट्टरवाद और सैनिक अधिकारियों द्वारा बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग का प्रश्न उठाया है। मिलिट्री रिलिजियस फ्रीडम फाउंडेशन को ऐसी 110 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। शिकायतें 30 से ज्यादा सैनिक ठिकानों और 40 इकाइयों से जुड़ी हैं।

> लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया।

कुछ कमांडरों पर आरोप है कि वे ईरान के साथ संभावित युद्ध को ईश्वर की दिव्य योजना बता रहे हैं। यीशु की वापसी का विश्वास है। युद्ध को यीशु की वापसी मार्ग भी कहा जा रहा है। शिकायत करने वालों में केवल नास्तिक ही नहीं बल्कि ईसाई, मुस्लिम और यहूदी सैनिक भी शामिल हैं। उनका कहना है कि ऐसी बयानबाजी सैनिक एकता और संविधान की शपथ दोनों का उल्लंघन करती हैं। अमेरिका में सैनिक अनुशासन के स्पष्ट नियम हैं। अमेरिकी सेना में धर्म प्रचार की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद अंधविश्वास से जुड़ी शिकायतें बढ़ रही हैं। सेना की चिंता है कि कुछ कमांडर मजहबी संदर्भों का दुरुपयोग कर रहे हैं। वे युद्ध को पवित्र और अनिवार्य सिद्ध करने के लिए धार्मिक ग्रंथों का सहारा ले रहे हैं।

लार्सन की रिपोर्ट में उल्लेख है कि एक कमांडर ने नॉन-कमीशंड अधिकारियों को संबोधित करते हुए ईरान युद्ध को बाइबल की भविष्यवाणियों से जोड़ दिया। कमांडर ने कहा कि प्रभु यीशु ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का अभिषेक किया है कि वे ईरान में अग्नि प्रज्वलित करें, जिससे आर्मगेडन प्रारंभ हो और पृथ्वी पर यीशु की वापसी का मार्ग प्रशस्त हो। एक अन्य सैनिक ने बताया कि उनकी यूनिट ईरानी युद्ध क्षेत्र से दूर है, फिर भी वहां इसी प्रकार का कट्टरपंथी संदेश दिया गया। एक एनसीओ ने लिखा है कि कमांडर को नेताओं ने सैनिकों तक यह संदेश पहुंचाने के लिए कहा कि यह युद्ध ईश्वर की दिव्य योजना का हिस्सा है। उन्होंने बाइबल के 'बुक ऑफ रेवलेशन' का संदर्भ देते हुए आर्मगेडन और यीशु की वापसी से जुड़े प्रसंग दोहराए हैं। युद्ध प्रत्यक्ष मानवीय कार्रवाई है। परिस्थितियों के कारण ही युद्ध जैसे कर्म संभव होते हैं। भू-सामरिक कारण युद्ध को बढ़ाते या घटाते हैं। युद्ध में ईश्वर को घसीटना उचित नहीं है। युद्ध और बर्बरता ईश्वर की योजना का परिणाम नहीं होते। शिकायत करने वाले एनसीओ ने ठीक चेतावनी दी है कि ऐसे अंधविश्वासी वक्तव्य उचित नहीं होते। ऐसे वक्तव्य साहस और एकजुटता को नष्ट करते हैं। संविधान की रक्षा की शपथ का उल्लंघन भी करते हैं। रिपोर्ट के अनुसार अमेरिकी सेना में मजहबी कट्टरवाद और बाइबल की भविष्यवाणियों के प्रयोग पर गंभीर प्रश्न उठाए गए हैं।



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उत्तर प्रदेश

बाइबल में अंत समय और आर्मगेडन की भविष्यवाणियों का उल्लेख है। आर्मगेडन शब्द बाइबल की 'बुक ऑफ रेवलेशन' में आया है। यह धारणा अच्छाई और बुराई के बीच होने वाले अंतिम युद्ध से जुड़ी है। अनेक ईसाई मानते हैं कि आर्मगेडन का युद्ध ईसा मसीह की पृथ्वी पर दूसरी वापसी का संकेत होगा, जब वे बुराई को पराजित कर शांति स्थापित करेंगे। कुछ व्याख्याओं में वर्तमान युद्ध और अशांति को भी ईश्वर की योजना का हिस्सा माना जाता है, ताकि भविष्यवाणी पूरी हो सके। सैनिकों की चिंता यह है कि कुछ कमांडर इन धार्मिक संदर्भों का उपयोग युद्ध को पवित्र या अनिवार्य सिद्ध करने के लिए कर रहे हैं। यह सैन्य अनुशासन और लोकतांत्रिक मूल्यों के विरुद्ध है। इतिहास में तथ्य है कि जब-जब युद्ध को धर्म का आवरण मिला है, तब-तब उसका स्वरूप अधिक क्रूर और बर्बर हुआ है। मध्यकालीन यूरोप के धर्मयुद्ध इसका उदाहरण हैं। धर्म के नाम पर लड़े गए युद्धों में लाखों लोग मारे गए, नगर उजड़ गए। सभ्यताओं को भी गहरी चोट पहुंची। युद्ध की ज्वाला जब धार्मिक आवेश से जुड़ जाती है, तो विवेक का स्थान उन्माद ले लेता है।

आधुनिक राष्ट्र-राज्य की अवधारणा इसी अनुभव से विकसित हुई। आधुनिक लोकतंत्रों ने राज्य और धर्म को अलग रखने की व्यवस्था बनाई कि युद्ध जैसे निर्णय राष्ट्रीय हित के आधार पर लिए जाने चाहिए। अंधविश्वास के आधार पर लिए गए निर्णय उचित नहीं होते। अमेरिका स्वयं को आधुनिक लोकतांत्रिक मूल्यों का अग्रदूत मानता है। उसकी सेना संविधान के प्रति निष्ठा की शपथ लेती है, किसी धर्मग्रंथ के प्रति नहीं, इसलिए अमेरिकी सेना में धार्मिक प्रचार या कट्टरता को लेकर उठ रही शिकायतें चिंताजनक हैं।

पश्चिम एशिया की राजनीति में प्रयुक्त भाषा पर भी विचार आवश्यक है। हाल ही में ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से एक टिप्पणी आई कि 'यहूदियों ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' यह कथन भी मजहबी है। यह गंभीर समस्या उत्पन्न कर सकता है। किसी राज्य की नीति या कार्रवाई की आलोचना एक बात है, लेकिन उसे किसी पूरे धार्मिक समुदाय से जोड़ देना दूसरी बात है। उचित यह होता कि कथन इस प्रकार होता कि 'इजराइल ने बहुत बड़ी गलती कर दी।' अंतर्राष्ट्रीय राजनीति में भाषा का संयम अत्यंत महत्वपूर्ण है। किसी राष्ट्र की नीति की आलोचना और किसी धार्मिक समुदाय के प्रति आरोप में स्पष्ट भेद होते हैं।

युद्ध का निर्णय अत्यंत गंभीर राजनीतिक और सामरिक निर्णय होता है। इसके पीछे कूटनीति, रणनीति, सुरक्षा और अंतर्राष्ट्रीय समीकरण जैसे अनेक तत्व महत्वपूर्ण होते हैं। धार्मिक भविष्यवाणियों को निर्णायक मानने से विवेकपूर्ण निर्णय प्रक्रिया विकृत हो जाती है। सैनिकों का मनोबल भी प्रभावित होता है। सैनिक किसी धर्मयुद्ध के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र की रक्षा के लिए लड़ते हैं।

आधुनिक विश्व पहले ही अनेक मजहबी पंथिक संघर्षों से जूझ रहा है। पश्चिम एशिया इसका बड़ा उदाहरण है। यदि महाशक्तियों की सेनाओं में भी धार्मिक कट्टरता का प्रभाव बढ़ने लगे, तो अंतर्राष्ट्रीय शांति और अधिक संकट में पड़ सकती है, इसलिए अमेरिकी समाज और सेना के भीतर उठ रहे ये प्रश्न केवल आंतरिक अनुशासन का मामला नहीं हैं, बल्कि वैश्विक चिंता का विषय भी हैं। युद्ध के समय संयम और विवेक की सबसे अधिक आवश्यकता होती है। सैनिक नेतृत्व का दायित्व है कि वह अपने अधीनस्थों को एकजुट रखे, उनके भीतर पेशेवर अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना मजबूत करे। नेतृत्व को पंथिक व्याख्याओं से युद्ध को पवित्र बताने से बचना चाहिए। यह सैन्य व्यवस्था की मूल भावना के विपरीत है।

युद्ध मानवीय विफलता का प्रतीक है। किसी दिव्य योजना का परिणाम नहीं। सहअस्तित्व और संवाद ही स्थायी समाधान के मार्ग हैं। युद्ध को ईश्वर की योजना बताने से हिंसा के लिए एक नया नैतिक औचित्य तैयार होगा। यह मानवता के लिए घातक है। युद्ध और पंथिक विश्वास के बीच स्पष्ट दूरी आवश्यक है। सैन्य संस्थाओं को अपने मूल पंथनिरपेक्ष अनुशासन को कठोरता से लागू करना चाहिए। पंथिक अंधविश्वास विवेकपूर्ण नहीं होते।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# नेपालः तमाम देशों को सबक है चुनाव नतीजे

नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझ कर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है, जहां उनमें पलायन, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और प्रभावशाली लोगों के बच्चों तक ही सीमित सुख और अय्याशीपूर्ण जीवन शैली की आग धधक रही थी। देखा जाए तो चुनावी लहर इसे ही कहते हैं, जहां किसी के पक्ष में सहानुभूति की जगह बदले की आग थी, जिसकी लपटों में नेपाल की एक से एक पुरानी पार्टियां जलकर राख हो गईं। यहां नेपाली कांग्रेस भी भस्म हुईं, तो कम्युनिस्ट पार्टियां भी स्वाहा हो गईं। नेपाल से कम्युनिस्ट पार्टियों का खात्मा भारत के लिए अच्छा संकेत माना जा रहा है।



यशोदा श्रीवास्तव
वरिष्ठ पत्रकार

चुनाव प्रारंभ होने के कुछ दिन बाद सत्ता में आ रही, राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को शहरी प्रभाव वाली पार्टी कहकर इसके सीमित क्षेत्रों तक सिमटने का कयास लगाया जा रहा था और चार बार के प्रधानमंत्री ओली को धूल चटाते हुए एतिहासिक मतों के अंतर से जीते काठमांडू के पूर्व मेयर और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रधानमंत्री का चेहरा रहे बालेन शाह को कड़े मुकाबले में फंसना बताया जा रहा था। राजनीतिक विश्लेषकों के सारे के सारे अनुमान धरे के धरे रह गए। चुनाव नतीजों में हर क्षेत्र में राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी को मिल रही शानदार बढ़त से यह साफ हो गया है कि राजशाही खत्म होने के बाद नेपाल को पहली मर्तबा पूर्ण बहुमत की सरकार नसीब होने जा रहा है। इस चुनाव परिणाम से सर्वाधिक खुश नेपाल के वे 70 प्रतिशत युवा हैं, जिन्होंने एतिहासिक बदलाव की इबारत लिखी।

> नेपाल का चुनाव परिणाम केवल एक नन्हें देश का परिणाम नहीं है। यह दुनिया के उन तमाम देशों के शासकों को एक सबक है, जो राष्ट्र को अपनी जागीर समझकर शासन चलाने की भूल कर रहे हैं। भारत के पड़ोसी इस नन्हें राष्ट्र का चुनाव परिणाम युवा शक्ति के बदलाव की दृढ़ इच्छाशक्ति का नतीजा है।

बालेन शाह के नेतृत्व में बनने जा रही नेपाल की पूर्ण बहुमत की सरकार के काम-काज के तरीकों पर दुनिया की नजर रहना स्वाभाविक है। इस पार्टी के दो प्रमुख चेहरे बालेन शाह और रवि लामी छाने की कोई लंबी राजनीतिक पृष्ठभूमि नहीं है। बालेन शाह इंजीनियर और रैपर रहे हैं, जबकि रवि लामी छाने की शिनाख्त एक पत्रकार की रही है। 2022 के चुनाव में उन्होंने राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी का गठन किया, चुनाव लड़े और 20 सीटों पर धमाकेदार जीत दर्ज की। बालेन शाह काठमांडू के युवाओं में खासा लोकप्रिय थे, निर्दल मेयर का चुनाव लड़े और काठमांडू का मेयर बन गए।

एक मेयर से नेपाल का प्रधानमंत्री बनने जा रहे, बालेन शाह का जन्म एक साधरण शिक्षक परिवार में हुआ था। पढ़ाई इस स्तर की थी कि वे दो चार लाख रुपये महीने की नौकरी कर अच्छा जीवन बिता सकते थे, लेकिन उन्हें सनक थी संपूर्ण नेपाल के जीवन शैली सुधारने की। नेपाली जनता ने उन्हें यह मौका दे दिया है। अब नेपाल को तरक्की की ओर ले जाने की जिम्मेदारी उनकी है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# पूरी नहीं हुई सबके लिए आवास योजना

भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वालों के लिए कभी अपना पक्का मकान होना किसी सपने से कम नहीं था। खेतों में दिन-रात मेहनत करने वाले गरीब परिवारों के लिए यह सपना अक्सर कई पीढ़ियों तक अधूरा रह जाता है। इसी सपने को पूरा करने के उद्देश्य से भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) शुरू की, ताकि कच्चे या जर्जर घरों में रहने वाले परिवारों को पक्का आवास मिल सके। फिर भी देश के कई गांवों में ऐसे लोग आज भी हैं, जिनके लिए यह सपना अभी तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण भारत में गरीब परिवारों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल के रूप में सामने आई है। यह योजना केवल घर बनाने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसके साथ स्वच्छ शौचालय, बिजली, पानी और स्वच्छ ऊर्जा जैसी सुविधाओं को भी जोड़ने की कोशिश की गई है ताकि ग्रामीण जीवन की गुणवत्ता बेहतर हो सके।

प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की शुरुआत साल 2016 को 'सबके लिए आवास' के लक्ष्य के साथ की गई थी। इस योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेघर परिवारों या कच्चे और जर्जर घरों में रहने वाले लोगों को मूलभूत सुविधाओं के साथ पक्का घर उपलब्ध कराना है। योजना के तहत सामान्य क्षेत्रों में एक घर के निर्माण के लिए लगभग 1.20 लाख रुपये की सहायता दी जाती है, जबकि पहाड़ी और कठिन क्षेत्रों में यह राशि 1.30 लाख रुपये तक होती है।



काजल कुमारी
एक्टिविस्ट

लाभार्थियों का चयन सामाजिक-आर्थिक जाति जनगणना, ग्राम सभा की स्वीकृति और तकनीकी सत्यापन की प्रक्रिया के आधार पर किया जाता है, तथा राशि सीधा लाभार्थियों के बैंक खाते में किश्तों के रूप में भेजी जाती है।

राष्ट्रीय स्तर पर इस योजना का दायरा काफी व्यापक है। ग्रामीण विकास मंत्रालय के अनुसार दिसंबर 2025 तक देश भर में इस योजना के तहत लगभग 3.86 करोड़ घरों को स्वीकृति दी जा चुकी थी, जिनमें से करीब 2.92 करोड़ घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। सरकार ने 2024 से 2029 के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त दो करोड़ घर बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है, ताकि ग्रामीण परिवारों को सुरक्षित और स्थायी आवास उपलब्ध कराया जा सके।

बिहार भी उन राज्यों में शामिल है जहां इस योजना का बड़ा दायरा है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2016 में योजना शुरू होने के बाद से बिहार में लगभग 39 लाख से अधिक घरों को स्वीकृति दी जा चुकी है और इनमें से करीब 36 लाख से अधिक घरों का निर्माण पूरा हो चुका है। यह आंकड़ा दर्शाता है कि राज्य में बड़ी संख्या में ग्रामीण परिवारों को पक्का घर मिला। केंद्रीय बजट 2026-27 में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लिए लगभग 54,917 करोड़ रुपये का बजट आवंटित किया गया है। यह आवंटन ग्रामीण क्षेत्रों में पक्के मकानों के निर्माण और बुनियादी सुविधाओं के साथ ग्रामीण आवास को बढ़ावा देने के लिए किया गया है, जो ग्रामीण विकास मंत्रालय के कुल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है। जो गांव के विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

(यह लेखिका के निजी विचार हैं।)

# नीतीश का नया अध्याय व विपक्ष की बेचैनी

बिहार की राजनीति में एक बार फिर भूचाल आया है और इस बार भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा के लिए नामांकन। बीते गुरुवार जब केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की उपस्थिति में नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा में पहुंचकर राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन-पत्र दाखिल किया, तो सत्ता पक्ष ने भले ही इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दी, किंतु विपक्ष में मचे कोहराम ने स्पष्ट कर दिया कि यह घटना केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है। यह बिहार की सत्ता के समीकरणों का आमूल बदलाव है और इसीलिए विपक्ष की बेचैनी की तहें बहुत गहरी हैं।

> बिहार की सियासत में फिर भूचाल आया है। भूकंप का केंद्र है नीतीश कुमार का राज्यसभा नामांकन। सत्ता पक्ष भले इसे 'राजनीतिक अनुभव के नए अध्याय' की संज्ञा दे, किंतु विपक्ष के कोहराम ने स्पष्ट कर दिया है कि यह केवल एक नेता के सदन-परिवर्तन की सामान्य खबर नहीं है।

यह समझने के लिए थोड़ा पीछे जाना होगा। 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने मिलकर '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा दिया था। इस नारे का निहितार्थ स्पष्ट था— नीतीश कुमार के नेतृत्व में ही एनडीए गठबंधन जनता के पास जा रहा है और उन्हीं के नाम पर मत मांगे जा रहे हैं। जनता ने भी इस चेहरे पर भरोसा किया और एनडीए को बहुमत मिला, परंतु अब जब नीतीश कुमार मुख्यमंत्री पद छोड़कर राज्यसभा की राह पकड़ रहे हैं, तो यह प्रश्न स्वाभाविक रूप से उठता है कि जनादेश जिस चेहरे के नाम पर लिया गया था, उस चेहरे को सत्ता की बागडोर से अलग क्यों किया जा रहा है?

राजनीतिक विश्लेषकों का एक वर्ग मानता है कि उनकी सेहत के कारण मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारियां निभाना कठिन हो रहा था। विधानसभा सहित सार्वजनिक कार्यक्रमों में कई बार उनकी स्थिति पर प्रश्नचिह्न उठे। इस पृष्ठभूमि में राज्यसभा, जो अपेक्षाकृत कम श्रम-साध्य भूमिका है, एक स्वाभाविक विकल्प के रूप में सामने आई। साथ ही नीतीश कुमार ने स्वयं कई अवसरों पर संकेत दिए थे कि वे संसद के दोनों सदनों का हिस्सा बनना चाहते हैं। उनके समकालीन नेता लालू प्रसाद यादव, सुशील कुमार मोदी और रामविलास पासवान सभी राज्यसभा में रहे हैं। कुछ राजनीतिक हलकों में यह भी चर्चा है कि उन्हें राज्यसभा का उपसभापति बनाया जा सकता है, जो कि उनके लंबे राजनीतिक अनुभव के अनुरूप सम्मानजनक पद होगा।



जयदेव राठी
अधिवक्ता

विपक्ष की प्रतिक्रिया देखने से स्पष्ट होता है कि उसकी बेचैनी केवल एक बिंदु पर नहीं, बल्कि कई स्तरों पर है। पहला आयाम- 'भविष्यवाणी सच हुई' का राजनीतिक लाभ। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने इस घटनाक्रम पर तुरंत कहा कि उन्होंने पहले ही कहा था कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी का यह भी कहना है, 'भाजपा ने नीतीश कुमार को पूरी तरह से हाईजैक कर लिया है।' यानी विपक्ष इस घटनाक्रम को अपनी 'दूरदर्शिता' के प्रमाण के रूप में प्रस्तुत करना चाहता है और इसके जरिए जनता के बीच यह संदेश देना चाहता है कि उन्होंने सही कहा था।


दूसरा आयाम- जनादेश की नैतिकता का प्रश्न। विपक्षी दलों की सबसे बड़ी आपत्ति यह है कि जनता ने नीतीश कुमार के चेहरे पर वोट दिया था। बिहार में '25 से 30, फिर से नीतीश' का नारा था। ऐसे में जब वही चेहरा सत्ता की बागडोर से हट रहा है, तो विपक्ष इसे जनादेश का अपमान बता रहा है। यह नैतिक तर्क जनमानस में प्रभाव डाल सकता है। तीसरा आयाम- भाजपा का बिहार में पहली बार मुख्यमंत्री। नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के साथ ही यह स्पष्ट हो गया है कि बिहार में पहली बार भाजपा का मुख्यमंत्री बनेगा। सम्राट चौधरी का नाम सबसे आगे है। यह विपक्ष के लिए राजनीतिक रूप से अत्यंत चुनौतीपूर्ण स्थिति है। जब तक नीतीश कुमार मुख्यमंत्री थे, उनकी 'धर्मनिरपेक्ष' छवि और 'विकास पुरुष' की पहचान के कारण भाजपा की सीधी सत्ता पर रोक थी। अब भाजपा का मुख्यमंत्री होगा और इससे बिहार का राजनीतिक ध्रुवीकरण नए ढंग से होगा, जो विपक्ष के लिए नई चुनौती है।

चौथा आयाम- जदयू में नाराजगी का अवसर। नामांकन के बाद पटना में जदयू कार्यकर्ताओं की नाराजगी सड़कों पर उतर आई। मुख्यमंत्री आवास के बाहर कार्यकर्ता जुटे। कुछ जदयू नेताओं की आंखें भर आईं। विपक्ष इस दरार को और चौड़ा करने का मौका हाथ से नहीं जाने देना चाहता। राजद पार्टी ने तो दावा किया कि यह फैसला नीतीश का अपना नहीं था, बल्कि भाजपा के दबाव में लिया गया।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# रूखी-सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी

प्रायः लोग आपस में मिलते हैं तो 'विश्वास का समय नहीं रह गया है' या 'विश्वास के बदले धोखा मिलता है' विषय पर बात करते देखे जाते हैं। इसका कारण यही निकलता है कि किसी व्यक्ति से कोई अपेक्षा रही हो, वह पूरी नहीं पाई हो या कोई वायदे से मुकर गया हो अथवा किसी ने कोई वस्तु ले ली हो और लौटाने से इनकार कर रहा हो। लगभग ऐसे ही कोई और कारण हो सकते हों, जिससे विश्वास को ठेस पहुंची हो।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

वास्तव में विश्वास कोई घनिष्ठ संबंधों वाला व्यक्ति देता है। जो पराया है या जिससे कोई परिचय नहीं, वह विश्वासघात नहीं कर सकता। विश्वासघात करने के लिए घनिष्ठता जरूरी है। जब किसी को विश्वासघात करना होता है, तो वह पहले अनेक प्रकार की लालच देता है। यह ठीक उसी प्रकार का काम है, जैसे- बहेलिया जाल बिछाकर उस पर खाने की कोई वस्तु डाल देता है और लालच में उसमें पशु और पंछी आकर फंस जाते हैं, जिसमें साधारण परिंदे ही नहीं ताकतवर शेर तक फंसते हैं। नदियों में जाल डालकर मछलियां फंसाई जाती हैं। कभी-कभी जाल में खूंखार मगरमच्छ तक फंस जाते हैं।


ऐसी ही स्थिति समाज में भी है। बहेलिया-प्रवृत्ति के लोग अपने वाक-जाल से लोगों पर पहले विश्वास जमाते हैं और जब देखते हैं कि व्यक्ति उसके जाल में आ गया है, तब अपना स्वार्थ साधते हैं। जब कभी जाल में फंसे व्यक्ति से आमना-सामना होता है, तब भी वे फंसे व्यक्ति को कुछ और समय इंतजार करने का बहाना बनाते हैं। जाल में प्रायः अपने से कमजोर को ही फंसाया जाता है। यदा-कदा मजबूत व्यक्ति जाल में फंस गया और उसके साथ वायदा खिलाफी की जाने लगती है तब मारपीट, झगड़ा-फसाद, थाना-अदालत तक की नौबत आ जाती है।

जीवन में कोई लालच दे तो उसे ठुकरा देना चाहिए। बहुत जल्द धन दोगुना करने की संस्थाएं भी होती हैं। लालच में लोग उसमें पैसा जमा कर देते हैं। जब काफी पैसा इकट्ठा हो जाता है तब संस्था भाग जाती है और लोगों की गाढ़ी कमाई सब व्यर्थ चली जाती है, इसलिए 'रूखी सूखी खाइके ठंडा पानी पी, देखि पराई चुपड़ी मत ललचाओ जी' पंक्ति को हमेशा याद रखना चाहिए।


(यह लेखक के निजी विचार हैं।)

# मिट्टी, बीज और उम्मीदः महिलाओं के हाथों उगता नया संसार

सुबह की पहली किरण जब धरती को सहलाती है, तो वह केवल उजाला ही नहीं लाती वह उन अनगिनत स्त्रियों की मौन आस्था भी साथ लाती है, जो अपने श्रम, संवेदना और धैर्य से प्रकृति को फिर से जीवन दे रही हैं। देश के परिदृश्य् में देखें तो पाएंगे कि वे बुंदेलखंड की प्यास से फटी धरती पर सूखे तालाबों में पानी की स्मृतियां लौटा रही हैं; तो झारखंड और छत्तीसगढ़ के जंगलों में वे बीजों को ऐसे सहेजती हैं, जैसे मां अपने शिशु को और उत्तराखंड की पहाड़ियों पर वे पेड़ों की रखवाली करती हुई मानो भविष्य की पहरेदार बन जाती हैं। ये स्त्रियां पर्यावरण को नहीं, बल्कि जीवन की निरंतरता को बचा रही हैं।



इसी व्यापक सोच और जीवनानुभव से जन्मी इस चेतना को दुनिया 'इकोफेमिनिज़्म' कहती है यानी पर्यावरण नारीवाद, एक ऐसा नजरिया जो प्रकृति और स्त्री की मुक्ति को एक-दूसरे से जुड़ा हुआ मानता है। यह विचार बताता है कि जैसे प्राकृतिक संसाधनों का दोहन होता है, वैसे ही समाज में महिलाओं के श्रम और अधिकारों का भी शोषण होता है। जब जलस्रोत सूखते हैं, जंगल कटते हैं या भूमि बंजर होती है, तो सबसे पहले इसका असर महिलाओं पर पड़ता है। उन्हें पानी के लिए दूर तक चलना पड़ता है, ईंधन और चारे के लिए अधिक श्रम करना पड़ता है। यही अनुभव उन्हें पर्यावरण संरक्षण का स्वाभाविक नेतृत्वकर्ता बना देता है, क्योंकि उनके लिए प्रकृति कोई संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार, सहचर और भविष्य की आशा है।



कुमार सिद्धार्थ
वरिष्ठ पत्रकार

यह विचार किसी सिद्धांत की उपज नहीं, बल्कि पीढ़ियों से संचित जीवनानुभव की देन है। भारतीय ग्रामीण और आदिवासी समाज में यह भावना सदियों से रची-बसी है, जहां धरती को मां और प्रकृति को पालनहार माना जाता है। यही कारण है कि जब महिलाएं पर्यावरण संरक्षण की पहल करती हैं, तो वह केवल हरित अभियान नहीं रहता। वह सामाजिक परिवर्तन की एक शांत किंतु सशक्त प्रक्रिया बन जाता है।

ग्रामीण जीवन में महिलाएं पानी लाने, चारा जुटाने, लकड़ी इकट्ठा करने और खेती करने जैसे कार्यों के कारण प्रकृति से प्रत्यक्ष जुड़ी रहती हैं। पर्यावरण चिंतक डॉ. वंदना शिवा ने बार-बार इस बात पर बल दिया है कि आधुनिक विकास मॉडल ने प्रकृति और स्त्री दोनों को 'संसाधन' मानकर उनका उपयोग किया, जबकि पारंपरिक समाज उन्हें जीवन के आधार के रूप में देखता था। इसी सोच को सामाजिक कार्यकर्ता मेधा पाटकर ने नर्मदा घाटी आंदोलन में जीवंत रूप दिया, जहां नदी, विस्थापन और महिलाओं के अधिकार जैसे तीनों प्रश्न एक साथ उठाए। वहीं इंदौर की पद्मश्री जनक मिलिगियन पलटा ने सौर उर्जा के माध्यउम से सैकड़ों आदिवासी युवतियों के जीवन को रोशन करने का प्रयास किया है। पर्यावरणविद् सुनीता नारायण ने दुनिया में कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सरकारों के साथ मिलकर नीतिगत मसलों पर काम किया है।

राजस्थान की मरुभूमि में सदियों पहले एक ऐसी घटना घटित हुई, जिसने प्रकृति-प्रेम को आस्था का स्वर दे दिया। 1730 में जोधपुर रियासत के खेजड़ली गांव में अमृता देवी विश्नोई ने पेड़ों को बचाने के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए। जब शाही सैनिक खेजड़ी वृक्ष काटने पहुंचे, तो उन्होंने पेड़ से लिपटते हुए कहा 'सिर साटे रूख रहे तो भी सस्तो जाण' याने यदि पेड़ बचाने में सिर भी कट जाए तो यह सौदा सस्ता है। उनके साथ 363 विश्नोई स्त्री-पुरुषों ने बलिदान दिया। विश्नोई समाज की जीवन पद्धति प्रकृति के साथ सहअस्तित्व की मिसाल है। वे पेड़ों को परिवार के सदस्य की तरह मानते हैं, वन्यजीवों को अपना साथी समझते हैं और पर्यावरण संरक्षण को धर्म मानते हैं। यह घटना केवल इतिहास नहीं, बल्कि उस सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक है जिसमें स्त्री, प्रकृति और जीवन एक ही सूत्र में जुड़े हैं। अमृता देवी का बलिदान मानो समय की रेत पर लिखा वह संदेश है जो आज भी हर हरित पहल को प्रेरित करता है।

(यह लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता*** 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल- bly.editor@amritvichar.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

# यूपी बना विश्वास का प्रतीक यही सबसे बड़ी पूंजी : योगी

## निजी क्षेत्र से मेडिकल कॉलेज खोलने की अपील, स्वास्थ्य सेवाओं का हो रहा विस्तार



आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद परिसर का निरीक्षण कर जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

राज्य ब्यूरो, आगरा/लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब समाज, सरकार और संस्थाएं एक दिशा में मिलकर काम करती हैं तो उसका परिणाम विश्वास के रूप में सामने आता है। आज उत्तर प्रदेश विश्वास का प्रतीक बन चुका है और यही प्रदेश की सबसे बड़ी पूंजी है।

मुख्यमंत्री शनिवार को आगरा में यथार्थ हॉस्पिटल का लोकार्पण करने के बाद संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को सस्ती, सुलभ व विश्वसनीय स्वास्थ्य सेवाएं मिलनी चाहिए। सरकार अपने स्तर पर लगातार प्रयास कर रही है, लेकिन जब सरकार और समाज मिलकर काम करते हैं तो परिणाम कई गुना बेहतर होते हैं। उन्होंने यथार्थ ग्रुप से किसी जिले में मेडिकल कॉलेज स्थापित करने के लिए आगे आने का आह्वान भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में 2017 से पहले केवल 17 मेडिकल कॉलेज थे, जबकि अब 81 मेडिकल कॉलेज संचालित हो रहे हैं।

### 10 करोड़ होंगे आयुष्मान कार्ड धारक

मुख्यमंत्री ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत प्रदेश में 5.60 करोड़ लोगों को गोल्डन कार्ड जारी किए जा चुके हैं और यह संख्या जल्द ही 10 करोड़ तक पहुंचने वाली है। इसके अलावा हर जिले में मुफ्त डायलिसिस, सीटी स्कैन समेत कई आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

सीएम योगी ने कहा कि पहले प्रदेश में 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन माफिया' का बोलबाला था, लेकिन अब 'वन डिस्ट्रिक्ट-वन मेडिकल कॉलेज' की दिशा में काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में दो एम्स-रायबरेली और गोरखपुर में संचालित हो रहे हैं और स्वास्थ्य सुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आईआईटी कानपुर और एसजीपीजीआई लखनऊ में मेडटेक के लिए सेंटर ऑफ एक्सीलेंस विकसित किए जा रहे हैं। साथ ही ललितपुर में 1500 एकड़ में फार्मा पार्क और यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र में 350 एकड़ में मेडिकल डिवाइस पार्क स्थापित किया जा रहा है।

इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री और आगरा के सांसद प्रो. एसपी सिंह बघेल, संत विजय कौशल महाराज, भाजपा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल, कैबिनेट मंत्री बेबीरानी मौर्य और योगेंद्र उपाध्याय समेत कई जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे।

# बुंदेलखंड में 24 हजार एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- बीडा क्षेत्र में बड़े निवेश की राह साफ, रोजगार के नए अवसर खुलने की उम्मीद

**अमृत विचार :** बुंदेलखंड को औद्योगिक विकास का नया केंद्र बनाने की दिशा में राज्य सरकार तेजी से काम कर रही है। बुंदेलखंड इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट अथॉरिटी (बीडा) में भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया तेज होने से बड़े निवेश और उद्योगों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हो रहा है।

बीडा के 33 गांवों में कुल लगभग 56,662 एकड़ भूमि के अधिग्रहण का प्रस्ताव है। इसमें पहले चरण में 35,298 एकड़ और दूसरे चरण में 21,364 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को मंजूरी दी गई है। अब तक करीब 24,201 एकड़ से अधिक भूमि अधिग्रहित की जा चुकी है, जिससे औद्योगिक परियोजनाओं को जमीन पर उतारने की प्रक्रिया चल रही है।

सरकार का लक्ष्य बुंदेलखंड को देश के प्रमुख औद्योगिक हब के रूप में विकसित करना है। इसके लिए बुनियादी ढांचे के विकास, निवेश आकर्षित करने और उद्योगों की स्थापना के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। भूमि उपलब्ध होने से निवेशकों की रुचि भी क्षेत्र में बढ़ रही है।

बीडा क्षेत्र को दिल्ली-नागपुर इंडस्ट्रियल कॉरिडोर से जोड़ने की भी योजना है। इसके तहत करीब 300 एकड़ भूमि पर नेशनल इंडस्ट्रियल कॉरिडोर डेवलपमेंट कॉरपोरेशन (एनआईसीडीसी) के सहयोग से औद्योगिक कॉरिडोर विकसित किया जाएगा, जिससे बुंदेलखंड देश के प्रमुख औद्योगिक नेटवर्क से जुड़ सकेगा।

इसके अलावा रक्षा क्षेत्र में भी निवेश की तैयारी की जा रही है। करीब 250 एकड़ भूमि पर बैटल टैंक के मेंटेनेंस, रिपेयर और ओवरहाल (एमआरओ) केंद्र तथा कॉम्बैट व्हीकल मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की योजना है।

विशेषज्ञों के अनुसार, इन औद्योगिक परियोजनाओं के शुरू होने से बुंदेलखंड क्षेत्र में हजारों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे और स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिलेगी।

# मंच पर प्रतिभा दिखाएंगे 75 जिलों के 850 बच्चे

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक' थीम पर बाल उत्सव, 23 बालिकाओं को मिलेगा सम्मान

**अमृत विचार :** प्रदेश के 75 जिलों से चयनित लगभग 850 बच्चे राज्य स्तरीय मंच पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 'प्रगति-आत्मसम्मान से समानता तक एवं अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस' विषय पर आयोजित इस कार्यक्रम में बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों के साथ बालिकाओं के सशक्तिकरण की झलक भी देखने को मिलेगी।

कार्यक्रम के दौरान खेल, शिक्षा और सामाजिक परिवर्तन के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाली 23 बालिकाओं को सम्मानित किया जाएगा। बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के नेतृत्व और निर्देशन में राज्य स्तरीय बाल उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसमें 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, 45,656 उच्च प्राथमिक व कंपोजिट विद्यालय और 1129 पीएम-श्री विद्यालयों से जुड़े विद्यार्थियों का प्रतिनिधित्व होगा।

आयोजन स्थल पर 22 विषयगत स्टॉल भी लगाए जाएंगे, जहां सामाजिक-भावनात्मक अधिगम, नेतृत्व विकास, अभिभावक सहभागिता और करियर परामर्श से जुड़ी गतिविधियों की जानकारी दी जाएगी। कार्यक्रम में विद्यालयों में संचालित रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण, जीवन कौशल शिक्षा, मीना मंच और सेल्फ-एस्टीम जैसे कार्यक्रमों से विकसित हो रहे बालिकाओं के आत्मविश्वास और नेतृत्व की झलक भी देखने को मिलेगी।

बाल उत्सव की चयन प्रक्रिया तीन चरणों में पूरी की गई। पहले चरण में 75 जिलों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं, इसके बाद 18 मंडलों में मंडलीय स्तर पर प्रतिभाओं का चयन किया गया। इन दोनों चरणों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम में जगह बनाई है। कार्यक्रम में चयनित बच्चे नाटक, नृत्य, गीत, योग और संवाद जैसी गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाएंगे।

## न्यूज ब्रीफ

### आंगनबाड़ी केंद्रों में स्मार्ट टीवी से बदला पढ़ाई का तरीका

**अमृत विचार, लखनऊ :** योगी सरकार के नेतृत्व में आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित हो रहे हैं। लगभग 16 हजार से अधिक आंगनबाड़ी केंद्रों पर स्मार्ट टीवी स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे प्रारंभिक शिक्षा व्यवस्था को तकनीक से जोड़ा गया है। इससे बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होने के साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र, प्ले स्कूल जैसी सुविधाओं से लैस हो रहे हैं। प्रत्येक आंगनबाड़ी केंद्र में स्मार्ट टीवी स्थापित किये जा रहे हैं, बच्चों को कहानियों, पहेलियों, कार्टून और एनिमेशन के माध्यम से डिजिटल सामग्री दिखाई जा रही है। इसके जरिए छोटे बच्चे खेल खेल में अक्षर ज्ञान, गिनती और रंगों की पहचान करना सीख रहे हैं।

### 12 करोड़ की हेरोइन के साथ तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) ने चौक क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। उसके पास से 5.549 किलोग्राम हेरोइन बरामद हुई है, जिसकी अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 12 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इंस्पेक्टर अयनुद्दीन के अनुसार सूचना मिली थी कि चौक इलाके में हेरोइन की डिलीवरी होने वाली है। इसके बाद एएनटीएफ ने चौक पुलिस के साथ मिलकर आगाबाकर इमामबाड़ा के सामने खाली मैदान में चेकिंग अभियान चलाया और संदिग्ध को पकड़ लिया। आरोपी की पहचान बाराबंकी के जैदपुर निवासी मोहम्मद इमरान के रूप में हुई है, जो फिलहाल न्यू हैदरगंज में रह रहा था। पूछताछ में उसने बताया कि कैंपबेल रोड का एक व्यक्ति उसे कम कीमत पर हेरोइन उपलब्ध कराता था, जिसे वह पुड़िया बनाकर बेचता था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेज दिया है। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश जारी है।

### पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने पर जोर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उद्यान, एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने रायबरेली में पान की प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने के लिए उद्यमियों को प्रोत्साहित करने और आम उत्पादन बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक मैंगो बैग उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही रूफ टॉप गार्डेनिंग और राजमार्गों के किनारे पौधरोपण को भी बढ़ावा देने पर जोर दिया। उद्यान मंत्री, शनिवार को अपने सरकारी आवास पर औद्यानिक विकास योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं के भौतिक व वित्तीय लक्ष्यों को समयबद्ध तरीके से शत-प्रतिशत पूरा किया जाए।

# कम वसूली पर 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण तलब

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- आबकारी मंत्री ने की समीक्षा बैठक में दिए निर्देश

**अमृत विचार :** आबकारी एवं मध्य निषेध राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने कम राजस्व वसूली वाले 10 जिला आबकारी अधिकारियों से स्पष्टीकरण लेने के निर्देश दिए। कम वसूली वाले जिलों में कानपुर नगर, आगरा, मेरठ, बिजनौर, लखनऊ, बुलंदशहर, हाथरस, मुरादाबाद, अलीगढ़ और बरेली शामिल हैं।

आबकारी मंत्री शनिवार को गन्ना संस्थान, डालीबाग में विभागीय कार्यों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने पड़ोसी राज्यों से आने वाली अवैध शराब, कच्ची, मिलावटी और चोरी की मदिरा पर पूरी तरह रोक लगाने को कड़ी निगरानी और सख्त कार्रवाई की बात कही है। साथ ही कहा कि किसी भी जिले में शराब की ओवररेटिंग या उद्योगों के संचालन में अनावश्यक बाधा की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। बिजनौर में मदिरा इंडस्ट्री के खिलाफ कथित गैर-जिम्मेदारीपूर्ण कार्रवाई के मामले में वहां के जिला आबकारी अधिकारी के कार्यों की जांच कर रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराने को भी कहा गया है।

समीक्षा बैठक में मंत्री नितिन अग्रवाल ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभाग के लिए 63 हजार करोड़ रुपये का राजस्व लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके सापेक्ष फरवरी तक 50,585 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हो चुका है, जो पिछले वर्ष की समान अवधि से 7,756.36 करोड़ रुपये अधिक है। फरवरी 2026 में ही 6,635.79 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष के मुकाबले 134.65 प्रतिशत अधिक है।

# 14 साल बाद लौटी बेटी, धर्म परिवर्तन और दुष्कर्म का आरोप

मथुरा, एजेंसी

- मूल रूप से अलीगढ़ की रहने वाली है पीड़िता

मथुरा में करीब 14 साल पहले गायब हुई एक किशोरी को न केवल बंधक बनाकर रखा गया, बल्कि उसका जबरन धर्म परिवर्तन कराकर दुष्कर्म भी किया गया। पीड़िता को अब महाराणा प्रताप सेना के कार्यकर्ताओं की मदद से रेस्क्यू कर वापस लाया गया है। आरोपी ने पीड़िता के दस्तावेजों का इस्तेमाल कर उसके नाम पर लाखों का लोन भी ले डाला।

मूल रूप से अलीगढ़ की रहने वाली पीड़िता ने बताया कि साल 2012 में वह मथुरा के गोविंद नगर थाना क्षेत्र स्थित कल्याणं करोति संस्थान में पढ़ाई करती थी। उस दौरान मुन्ना नामक एक युवक अक्सर उससे छेड़छाड़ करता था। एक दिन आरोपी ने उसे नशीला पदार्थ सुंघाया और बेहोशी की हालत में उसे बिहार ले गया। पीड़िता का आरोप है कि बिहार ले जाकर उसे 14 साल तक बंधक बनाकर रखा गया। इस दौरान उसके साथ लगातार दुष्कर्म किया गया और दबाव बनाकर उसका धर्म परिवर्तन करा दिया गया। इतना ही नहीं आरोपी मुन्ना अंसारी ने पीड़िता के आधार कार्ड और पैन कार्ड में भी नाम बदलवा दिया। शातिर आरोपी ने पीड़िता के इन्हीं फर्जी दस्तावेजों पर बैंक से 5 लाख रुपये का लोन भी निकाल लिया। पीड़िता की अब एक बेटी भी है। इस पूरे मामले का खुलासा तब हुआ जब महाराणा प्रताप सेना के कार्यकर्ताओं को इसकी भनक लगी। संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष और सुप्रीम कोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता एपी सिंह ने बताया कि कार्यकर्ताओं ने करीब एक महीने तक कड़ी मशक्कत कर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया और युवती को आरोपी के चंगुल से छुड़ाकर मथुरा वापस लाए। साल 2012 में पीड़िता की गुमशुदगी की रिपोर्ट गोविंद नगर थाने में दर्ज कराई गई थी।

## युवक ने दादा की हत्या की

**कौशांबी, एजेंसी :** प्रदेश के कौशांबी जिले के सैनी थाना क्षेत्र में शनिवार शाम एक युवक ने अपने दादा की कथित तौर पर धारदार हथियार से हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार रामपुर धमावां गांव निवासी नितिन सरोज (22) ने खेत में काम कर रहे अपने दादा बाबूलाल सरोज (75) की धारदार हथियार से हत्या कर दी।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पत्नी गुलजारा देवी ने बताया कि उनके पोते नितिन ने करीब 15 दिन पहले भी जहर देकर अपने दादा को मारने की कोशिश की थी और अस्पताल में इलाज से उनकी जान बच गई थी।

# सपा को बदनाम करने वाले गाने के खिलाफ कराएंगे एफआईआर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सपा को बदनाम करने का षड्यंत्र कर रही है। सपा को बदनाम करने के लिए एक गाना लांच कराया गया है। पार्टी की तरफ से उस गाने पर एफआईआर लिखाई जाएगी। साथ ही उन्होंने कहा कि गारंटी है कि बदनाम करने वाले गाने पर कार्रवाई नहीं होगी।

सपा प्रमुख शनिवार को पार्टी मुख्यालय में प्रेस कांफ्रेंस संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट सरकार है। यह सरकार टैक्स लगाकर मंहगाई बढ़ाती जा रही है। आज ही एलपीजी गैस के दाम 60 रुपये बढ़ गये हैं। किसी चीज की मंहगाई एक बार बढ़ जाती है तो वह कम नहीं होती है। जबकि भाजपाईयों ने पूर्व में आश्वासन दिया था कि मजबूरी में दाम बढ़ा रहे हैं, बाद में कम कर दिए जाएंगे। आज तक दावा पूरा नहीं हुआ है।



सपा मुख्यालय पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव, शिवपाल सिंह व अन्य नेता। अमृत विचार

चुनाव आयोग को लेकर अखिलेश यादव ने कहा कि चुनाव आयोग झूठा है। अगर सपा ने इतना शोर न मचाया होता तो भाजपा ने हर विधानसभा क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वोट कटवाने की तैयारी की थी। चुनाव आयोग बताए कि इतनी बड़ी संख्या में प्रिन्टेड फार्म-7 कहां से आए थे। चुनाव आयोग ने इन मामलों की जांच भी नहीं की।

- सपा प्रमुख बोले- भाजपा सरकार सबसे अराजक और इतिहास की सबसे भ्रष्ट

सपा प्रमुख ने जनता दर्शन में अपनी फरियाद लेकर आये एक व्यक्ति की मौत का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि असंवेदनशील लोगों ने उससे पूछा तक नहीं है। शंकराचार्य मामले में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य एक संस्था और विचार है। भाजपा सरकार ने उन्हें जिस तरह से अपमानित किया गया और झूठे आरोप लगाए गए, उससे सनातन धर्म बदनाम किया गया।

# एक करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य: केशव मौर्य

राज्य ब्यूरो,लखनऊ/ कौशांबी

- कौशांबी में सरस मेला व सरस महोत्सव का उप मुख्यमंत्री ने किया उद्घाटन

**अमृत विचार :** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महिलाओं में अपार प्रतिभा है और सरकार उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव सहयोग कर रही है। इतना ही नहीं, प्रदेश में स्वयं सहायता समूह की एक करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

उप मुख्यमंत्री शनिवार को बाबू सिंह डिग्री कॉलेज मैदान, सयारा (कौशांबी) में आयोजित सरस मेला व सरस महोत्सव का उद्घाटन करने के बाद संबोधित कर रहे थे।



केशव प्रसाद मौर्य

इस दौरान उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा तैयार हस्तशिल्प, खाद्य पदार्थ, कपड़े और अन्य घरेलू उत्पादों के स्टॉलों का अवलोकन कर उनका उत्साहवर्धन किया। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि आने वाले समय में जिले में 10 दिवसीय राष्ट्रीय स्तर का सरस मेला आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के आह्वान पर देश में छह करोड़ महिलाओं को 'लखपति दीदी' बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम कौशांबी जिले में करीब 1.54 लाख महिलाएं स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी हैं और इनमें से 10,864 महिलाएं पहले ही लखपति बन चुकी हैं। कार्यक्रम के दौरान केशव प्रसाद मौर्या ने महिलाओं की गोदभराई और बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार भी कराया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ पुष्पवर्षा कर फूलों की होली खेली और सभी को होली की शुभकामनाएं दीं।

**महिला दिवस पर विशेष** | प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय

# 30 प्रतिशत की दर से बढ़ रहे महिला स्टार्टअप


राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक व हेल्थकेयर में बढ़ी भागीदारी
- 25 स्टार्टअप्स को निधि योजना से सहायता

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश में महिला उद्यमिता का तेजी से विस्तार देखने को मिल रहा है। प्रदेश में 9,600 से अधिक महिला संचालित स्टार्टअप सक्रिय हैं और इनकी संख्या करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि दर के साथ बढ़ रही है। टेक्नोलॉजी, एग्रीटेक, हेल्थकेयर और सेवा क्षेत्रों में महिलाएं नवाचार के जरिए अपनी मजबूत पहचान बना रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में लागू स्टार्टअप नीति और नवाचार को प्रोत्साहित करने वाली योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को प्रशिक्षण, मेंटरशिप, इन्क्यूबेशन और वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इससे महिलाएं अपने व्यावसायिक विचारों को सफल उद्यम में बदलने में सक्षम हो रही हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, महिला स्टार्टअप्स की बढ़ती संख्या प्रदेश की बदलती आर्थिक और सामाजिक तस्वीर को भी दर्शाती है। महिलाओं की भागीदारी से उद्यमिता का एक नया मॉडल उभर रहा है,



जो आत्मनिर्भरता, नवाचार और समावेशी विकास को बढ़ावा दे रहा है।

भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग की 'निधि' (नेशनल इनिशिएटिव फॉर डेवलपिंग एंड हार्नेसिंग इनोवेशन्स) योजना के तहत भी महिला स्टार्टअप्स को प्रोत्साहन मिल रहा है। इस योजना के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के 25 महिला संचालित स्टार्टअप्स को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। स्टार्टअप विशेषज्ञ अजय चतुर्वेदी के अनुसार, शुरुआती दौर में मिलने वाली ऐसी वित्तीय सहायता नए उद्यमों को टिकाऊ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

योगी सरकार द्वारा स्थापित 1000 करोड़ रुपये के यूपी स्टार्टअप फंड से भी महिला उद्यमियों को सहयोग मिल रहा है। इस फंड से अब तक करीब 325 करोड़ रुपये वितरित किए जा चुके हैं, जिनका लाभ 900 से अधिक महिला स्टार्टअप्स को मिला है।

# प्रदेश की बेटियों को मिले आगे बढ़ने के नए अवसर

## पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता का नया मॉडल बना यूपी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर प्रदेश में महिलाओं के सशक्तीकरण की नई तस्वीर उभरकर सामने आई है। पिछले 9 वर्षों में सुरक्षा, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्वावलंबन से जुड़ी योजनाओं के जरिए प्रदेश की बेटियों को आगे बढ़ने के नए अवसर मिले हैं। सरकार का दावा है कि अब प्रदेश में महिलाएं दिन हो या रात, भयमुक्त होकर स्कूल, कॉलेज और कार्यस्थलों तक आ-जा रही हैं।

महिलाओं की सुरक्षा के लिए वर्ष 2020 में शुरू किया गया मिशन शक्ति अभियान सफल साबित हुआ है। इसके तहत प्रदेश में 1694 एंटी रोमियो स्क्वायड सक्रिय हैं, जिन्होंने अब तक 1.18 करोड़ से अधिक सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग की और 4.52 करोड़ से अधिक लोगों की जांच की है। इस दौरान 24,871 मुकदमे दर्ज किए गए और 33,268 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया।

### सुरक्षा के लिए थानों में महिला हेल्प डेस्क

महिलाओं की सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए प्रदेश में संस्थागत ढांचे को भी सुदृढ़ किया गया है। राज्य में 44 हजार से अधिक महिला पुलिसकर्मियों की भर्ती की जा चुकी है और सभी थानों में महिला हेल्प डेस्क स्थापित किए गए हैं।

### आधुनिक रोजगार से हो रहीं आत्मनिर्भर

महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने के लिए कौशल विकास और रोजगार पर भी विशेष जोर दिया गया है। उप्र. स्किल डेवलपमेंट मिशन के तहत युवतियों को आईटी, हेल्थकेयर, फैशन डिजाइनिंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और ब्यूटी एंड वेलनेस समेत करीब 35 सेक्टरों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे आधुनिक रोजगार के अवसरों के अनुरूप खुद को तैयार कर सकें। उप्र. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत 9.11 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से 99 लाख से ज्यादा महिलाओं को जोड़ा गया है। लखपति महिला योजना के तहत 33 लाख से अधिक महिलाओं की पहचान की गई है, जिनमें से 18 लाख से अधिक महिलाएं लखपति की श्रेणी में पहुंच चुकी हैं।

मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के तहत 26.78 लाख बालिकाओं को लाभ मिला है, जबकि निराश्रित महिला पेंशन योजना से 38.58 लाख से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही हैं। वन स्टॉप सेंटर के माध्यम से अब तक 2.39 लाख महिलाओं को सहायता दी जा चुकी है और 181 महिला हेल्पलाइन से 8.42 लाख महिलाओं को मदद मिली है।

**एयरबस ने शुरू किया दूसरा सबसे बड़ा डिजिटल सेंटर**

**बेंगलुरु।** यूरोप की विमान बनाने वाली कंपनी एयरबस ने बेंगलुरु में एक अत्याधुनिक तकनीकी केंद्र का उद्घाटन किया है। यह इंजीनियरिंग, डिजिटल परिवर्तन, ग्राहक सेवाओं और खरीद के लिए एक प्रमुख हब के रूप में कार्य करेगा। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार और उद्योग एवं अवसंरचना मंत्री एम.बी. पाटिल ने शुक्रवार को 'एयरबस इंडिया टेक्नोलॉजी सेंटर' का उद्घाटन किया।

अमृत विचार
बरेली, रविवार, 8 मार्च 2026
www.amritvichar.com



## बरेली मंडी

**वनस्पति तेल तिलहन**– तुलसी 2475, राज श्री 1880, फ़ॉर्चून कि. 2430, रविन्द्रा 2450, फॉर्चुन 13kg 2140, जय जवान 2065, सचिन 2120, सूरज 2065, अवसर 1950, उजाला 2070, गृहणी 13 kg 1990, क्लासिक (kg) 2305, मोर 2260, चक्र टिन 2445, ब्लू 2230, आशीर्वाद मस्टर्ड 2390, स्वास्तिक 2430

**किराना**– निजामाबाद हल्दी 16600, जीरा 26500, लाल मिर्च 21500–24000, धनिया 12000–13000, अजवायान 14000–19000, मेथी 7000–8000 सौंफ 11000–20000, सोंठ 33000, (प्रतिकि0) लौंग 850–1000, बादाम 750–1050, काजू 2 पीस 830, किसमिस पीली 330–380, मखाना 900–1050

**चावल** – (प्रति कु0) डबल चाबी सेला 9700, स्पाइस 6500, शरबती कच्ची 5250, शर्बती स्टीम 5350, मंसूरी 4000, महबूब सेला 4050, गौरी रॉयल 8800, राजभोग 6850, हरी पत्ती (1kg,5kg) 10100, हरी पत्ति नेचुरल 9100, गौरी स्पेशल 8800, गौरी प्रीमियम 10300, सूमो 4000, गौरी डिलाइट 9300, मंसूरी पनघट 4200, लाडली 4200

**दाल दलहन** – मूंग दाल इंदौर 9800, मूंग धोवा 10000, राजमा चित्रा 11200–12000, राजमा भूटान नया 10100, मलका काली 7250–7450 मलका दाल 7350–9200, मलका छाँटी 7250, दाल उड़द बिलासपुर 8800–9800, मसूर दाल छोटी 10000–11600, दाल उड़द दिल्ली 11200, उड़द साबुत दिल्ली 10500, उड़द धोवा इंदौर 12700, उड़द धोवा 9800–11500, चना काला 7150, दाल चना 7250, दाल चना मोटी 7100, मलका विदेशी 7200, रूपकिशोर बेसन 7500, चना अकोला 6600, डबरा 6800–8400, सच्चा हीरा 8700, मोटा हीरा 9800, अरहर गोला मोटा 8800, अरहर पटका मोटा 9500, अरहर कोरा मोटा 9800, अरहर पटका छोटा 11100–11800, अरहर कोरी छोटी 13100

**चीनी** – पीलीभीत 4300, बहेड़ी 4200

## बरेली सर्राफा

(प्रति 10 ग्राम) गोल्ड (पक्के जेवर) 163500, गोल्ड (गिन्नी जेवर) 159500, सिल्वर (पक्की) 2700 (अनुमानित)

## बिजनेस ब्रीफ

### समूह में महिलाओं की भागीदारी 35 प्रतिशत करेगा वेदांत

**नई दिल्ली।** वेदांत समूह ने अपने संगठन के सभी स्तरों पर महिलाओं की भागीदारी को मौजूदा 23 प्रतिशत से बढ़ाकर 35 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा है। कंपनी ने एक बयान में 'हैशटैग हरएटदकोर' नामक राष्ट्रव्यापी अभियान और लिंक्डइन आधारित भर्ती अभियान शुरू करने की भी घोषणा की।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




शनिवार को भोपाल में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर एस्ट्रोनॉट के वेश में महिलाओं ने कार रैली में हिस्सा लिया।

### एक अप्रैल पूर्ण आरओडीटीईपी लाभ का भरोसा: फियो

**नई दिल्ली, एजेंसी।** निर्यातकों के निकाय फियो ने शनिवार को कहा कि वाणिज्य मंत्रालय ने आश्वासन दिया है कि निर्यात सहायता योजना आरओडीटीईपी के तहत पूर्ण लाभ इस साल एक अप्रैल से बहाल कर दिए जाएंगे। इससे पश्चिम एशिया संकट के कारण चुनौतियों का सामना कर रहे निर्यातकों को बड़ी राहत मिलेगी। कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों को छोड़कर, सरकार ने 23 फरवरी को निर्यातित उत्पादों पर शुल्क और करों की छूट योजना के तहत शुल्क लाभ की दर को आधा कर दिया था। फियो के अध्यक्ष एस सी रल्हन ने कहा कि निर्यातकों के लिए अच्छी खबर है। वर्तमान 50 प्रतिशत आरओडीटीईपी दरें केवल 31 मार्च 2026 तक लागू हैं।

# रसोई गैस 60, वाणिज्यिक सिलेंडर 114.5 रुपये महंगा, पेट्रोल-डीजल स्थिर

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण वैश्विक ऊर्जा कीमतों में उछाल के बीच शनिवार को घरेलू रसोई गैस (एलपीजी) की कीमत में 60 रुपये और वाणिज्यिक सिलेंडर की कीमत में 114.5 रुपये की भारी वृद्धि की गई है। हालांकि, सरकारी सूत्रों ने तुरंत स्पष्ट किया कि पेट्रोल और डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों के पास इस बोझ को सहने के लिए पर्याप्त वित्तीय क्षमता है।

इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली में अब गैर-सब्सिडी वाली एलपीजी का 14.2 किलोग्राम का सिलेंडर 913 रुपये में मिलेगा, जबकि पहले इसकी कीमत 853 रुपये थी। एक साल से भी कम समय में कीमत में यह दूसरी बड़ी बढ़ोतरी है। उज्ज्वला योजना के 10 करोड़ से अधिक लाभार्थियों को भी इतनी ही वृद्धि झेलनी होगी। उन्हें अब 300 रुपये की सब्सिडी के बाद प्रति सिलेंडर 613 रुपये देने होंगे।



शीर्ष सरकारी सूत्रों ने कहा कि इस बढ़ोतरी के बावजूद वर्तमान दर लागत के बराबर होने के लिए आवश्यक 1,050 रुपये प्रति सिलेंडर की दर से काफी कम है। तर्क दिया कि एक परिवार में सालाना 4-5 सिलेंडर की औसत खपत को देखते हुए, यह वृद्धि एक परिवार के लिए 80 पैसे प्रतिदिन या प्रति व्यक्ति केवल 20 पैसे प्रतिदिन के बराबर है।

उन्होंने यह भी कहा कि बढ़ी हुई कीमतों के बावजूद भारत में एलपीजी काठमांडू (1,207 रुपये), श्रीलंका (1,241 रुपये) और पाकिस्तान (1,046 रुपये) जैसे पड़ोसी देशों से सस्ती है।

# ऑस्ट्रेलिया और कनाडा ने की भारत को गैस आपूर्ति की पेशकश

## ऊर्जा के नए विकल्प: होर्मुज जलडमरूमध्य एकमात्र रास्ता नहीं, इससे केवल 40% आपूर्ति


**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश कर रहा है, जिसके तहत ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई अन्य देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है। आधिकारिक सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

ईरान और अमेरिका-इजरायल के बीच चल रहे संघर्ष के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने का हवाला देते हुए सूत्रों ने कहा कि यह मार्ग भारत के कच्चे तेल के आयात का एकमात्र रास्ता नहीं है। जोर देकर कहा कि एक ही समुद्री मार्ग पर निर्भरता के दिन अब लद चुके हैं।

उन्होंने कहा कि रूस, पश्चिम अफ्रीका, अमेरिका, पश्चिम एशिया और गैर-खाड़ी मध्य पूर्वी मार्गों से आपूर्ति ने यह सुनिश्चित किया है कि किसी भी एक गलियारे में व्यवधान होने पर आपूर्ति बनी रहे। भारत के कच्चे तेल के आयात का केवल लगभग 40 प्रतिशत हिस्सा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरता है, जबकि लगभग 60 प्रतिशत अन्य आपूर्ति मार्गों से आता है जो अप्रभावित रहते हैं।

उन्होंने कहा कि इसी कारण वैश्विक उथल-पुथल या महामारी के दौरान भी भारतीय



उपभोक्ताओं के लिए ऊर्जा की कोई कमी नहीं हुई है। ऑस्ट्रेलिया और कनाडा सहित कई देशों ने अतिरिक्त गैस आपूर्ति की पेशकश की है और भारत ऊर्जा सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश जारी रखे हुए है।

भारत ने हाल ही में स्थिर दीर्घकालिक आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए अमेरिका और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) जैसे भागीदारों के साथ नई ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था भी की है। पिछले एक दशक में भारत की रणनीतिक तेल कूटनीति ने अपने आपूर्तिकर्ता आधार को छह महाद्वीपों के 27 देशों से बढ़ाकर 40 देशों तक पहुंचा दिया है।

सूत्रों ने कहा कि वे दिन खत्म हो गए हैं जब भारत की ऊर्जा सुरक्षा एक ही समुद्री मार्ग की स्थितियों के साथ घटती-बढ़ती थी।

### पश्चिम एशिया संकट से भारत के 11.8 अरब डॉलर के कृषि निर्यात पर खतरा: जीटीआरआई

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** आर्थिक शोध संस्थान 'ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव' (जीटीआरआई) ने शनिवार को कहा कि पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण भारत के 11.8 अरब डॉलर मूल्य के कृषि और खाद्य उत्पादों के निर्यात पर संकट मंडरा रहा है। इस तनाव से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं और बीमा व लॉजिस्टिक की लागत बढ़ने से अनिश्चितता पैदा हो गई है।

संस्थान के अनुसार, साल 2025 में भारत ने इस क्षेत्र को 11.8 अरब डॉलर मूल्य के अनाज, फल, सब्जियां, डेयरी उत्पाद और मसालों का निर्यात किया था, जो भारत के कुल कृषि निर्यात का 21.8 प्रतिशत है। भौगोलिक निकटता और वहां रहने वाले भारतीयों की बड़ी आबादी के कारण खाड़ी देश भारतीय खाद्य उत्पादों के लिए एक स्वाभाविक बाजार रहे हैं। जीटीआईआर ने कहा– हालांकि, क्षेत्र में जारी संघर्ष से समुद्री मार्ग बाधित हो रहे हैं, बीमा लागत बढ़ रही है और लॉजिस्टिक में अनिश्चितता पैदा हो रही है।

आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने 2025 में पश्चिम एशिया को 7.48 अरब डॉलर के अनाज, फल, सब्जियां और मसाले भेजे, जो भारत के इस श्रेणी के कुल वैश्विक निर्यात का 29.2 प्रतिशत है। इसमें चावल के निर्यात पर सबसे बड़ा असर पड़ने की आशंका है।

### गर्मी में बिजली की मांग 270 गीगावाट रहने का अनुमान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बिजली राज्य मंत्री श्रीपद नाइक ने शनिवार को कहा कि इस गर्मी में बिजली की अधिकतम मांग लगभग 270 गीगावाट रहने का अनुमान है और पश्चिम एशिया संकट के कारण नियमित बिजली आपूर्ति पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। बिजली मंत्रालय ने पिछले साल (अप्रैल 2025 के बाद) गर्मियों के दौरान 277 गीगावाट की अधिकतम मांग का अनुमान लगाया था, जबकि जून 2025 में वास्तविक अधिकतम मांग 242.77 गीगावाट रही थी। सरकारी आंकड़ों के अनुसार पिछले महीने (फरवरी 2026) बिजली की अधिकतम आपूर्ति बढ़कर 243.15 गीगावाट हो गई, जो फरवरी 2025 में 243.06 गीगावाट थी। मंत्री ने यहां ''लाइनमैन दिवस'' के अवसर पर संवाददाताओं से एलपीजी की कीमतों में बढ़ोतरी और पश्चिम एशिया संकट पर कहा कि यह एक आपातकालीन स्थिति है। कहीं-कहीं थोड़ा असर (एलपीजी पर) दिख रहा है, लेकिन बिजली क्षेत्र में हम इस तरह आगे बढ़ रहे हैं कि आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आएगी। इस बार गर्मियों में बिजली की अधिकतम मांग 270 गीगावाट होगी और यह इससे आगे नहीं जाएगी।

# भारत-ब्रिटेन करेंगे ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी विकसित करने में सहयोग

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत और ब्रिटेन ने ग्रीन-हाइड्रोजन ऊर्जा प्रौद्योगिकी के सुरक्षित उपयोग और विस्तार के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल के विकास में सहयोग करने पर साझा प्रतिबद्धता व्यक्त की है।

दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन मानक और सुरक्षा प्रोटोकॉल विषय पर राजधानी में पिछले दिनों आयोजित एक दिवसीय सम्मेलन में इस प्रकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय की ओर से शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सम्मेलन का आयोजन भारत में हरित हाइड्रोजन ऊर्जा पर व्यापक सुरक्षा प्रणाली का निर्माण करना और एक विश्वसनीय और वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी हरित हाइड्रोजन क्षेत्र के विकास को सुगम बनाने के उद्देश्य से किया गया था।

यह सम्मेलन राष्ट्रीय हरित हाइड्रोजन मिशन के सहयोग से नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा




- टैक्नोलॉजी के लिए मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल विकसित करने को दोनों देश प्रतिबद्ध

मंत्रालय (एमएनआरई) के अंतर्गत स्थापित राष्ट्रीय हाइड्रोजन सुरक्षा केंद्र (एनसीएचएस) में भारत में ब्रिटिश उच्चायोग और डब्ल्यूआरआई इंडिया के सहयोग से आयोजित किया गया था।

राजधानी में 27 फरवरी को आयोजित इस उच्चस्तरीय सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के प्रमुख और तकनीकी विशेषज्ञ एक सुरक्षित हरित हाइड्रोजन भविष्य को आकार देने के लिए शामिल हुए थे। इसमें हरित हाइड्रोजन मूल्य श्रृंखला में नियामक ढांचे, अंतरराष्ट्रीय मानकों और सुरक्षा प्रोटोकॉल पर महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं।

# अमेरिका में पिछले महीने 92,000 नौकरियां घटीं बेरोजगारी दर 4.4 हुई

**वाशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिकी नियोक्ताओं ने पिछले महीने अप्रत्याशित रूप से 92,000 नौकरियों में कटौती की है, जो इस बात का संकेत है कि वहां का श्रम बाजार अभी भी दबाव में है। इसके साथ ही बेरोजगारी दर मामूली रूप से बढ़कर 4.4 प्रतिशत हो गई है। श्रम विभाग द्वारा शुक्रवार को जारी रिपोर्ट के अनुसार, फरवरी में नियुक्तियों की स्थिति जनवरी के मुकाबले खराब रही। जनवरी में कंपनियों, गैर-लाभकारी संस्थाओं और सरकारी एजेंसियों ने 1,26,000 नौकरियां जोड़ी थीं। अर्थशास्त्रियों ने फरवरी में 60,000 नयी नौकरियों की उम्मीद जताई थी। संशोधित आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर और जनवरी के पेरोल से भी 69,000 नौकरियां कम कर दी गई हैं। फरवरी में रोजगार की यह कमजोर स्थिति ईरान के साथ युद्ध के कारण पैदा हुई आर्थिक अनिश्चितता को दर्शाती है। इस युद्ध की वजह से तेल की कीमतों में उछाल आया है और व्यवसायों एवं उपभोक्ताओं पर अप्रत्याशित लागत का बोझ बढ़ा है।

नेवी फेडरल क्रेडिट यूनियन की मुख्य अर्थशास्त्री हेदर लॉन्ग ने कहा कि नौकरी का बाजार कई विपरीत परिस्थितियों से जूझ रहा है। कंपनियां इस वसंत में तब तक भर्ती करने में हिचकिचाएंगी जब तक कि युद्ध समाप्त नहीं हो जाता। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के लिए यह चुनौतीपूर्ण समय है।

### न्यूनतम पेंशन 7,500 रुपये करने को लेकर करेंगे प्रदर्शन

**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सेवानिवृत्ति निधि निकाय ईपीएफओ द्वारा संचालित कर्मचारी पेंशन योजना 1995 (ईपीएस-95) के तहत पेंशनभोगी मौजूदा 1,000 रुपये की न्यूनतम मासिक पेंशन को बढ़ाकर 7,500 रुपये करने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए वे नौ मार्च को जंतर-मंतर पर तीन दिवसीय विरोध प्रदर्शन शुरू करेंगे। एक बयान में कहा गया कि केंद्रीय और राज्य सरकार के सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, सहकारी तथा निजी क्षेत्रों, मिलों और मीडिया प्रतिष्ठानों के लगभग 81 लाख पेंशनभोगी ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के बैनर तले अपनी मांगों के लिए पिछले नौ वर्षों से संघर्ष कर रहे हैं। कहा कि 30 से 35 साल की सेवा के दौरान ईपीएफओ के साथ नियमित पेंशन अंशदान जमा करने के बाद भी पेंशनभोगियों को औसतन 1,171 रुपये मासिक पेंशन दी जा रही है।


# प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में भारत ने किया सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता: गोयल

## अमेरिका विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था, भारत के साथ अत्यंत शक्तिशाली संबंध

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने शनिवार को कहा कि भारत ने अपने प्रतिस्पर्धी देशों की तुलना में अमेरिका के साथ सबसे बेहतर व्यापारिक समझौता हासिल किया है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि दोनों देश एक अत्यंत शक्तिशाली संबंध साझा करते हैं। गोयल ने कहा कि अमेरिका 30 लाख करोड़ डॉलर की विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है और कोई भी इसकी उपेक्षा नहीं कर सकता।

रायसीना संवाद 2026 में उन्होंने कहा कि हमारे संबंध बेहतरीन हैं और राष्ट्रपति ट्रंप ने सदैव भारत और प्रधानमंत्री मोदी के विषय में प्रशंसात्मक बातें कही हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत-अमेरिका संबंध सुदृढ़ और बहुआयामी हैं, जिनमें व्यापार के साथ-साथ प्रौद्योगिकी, महत्वपूर्ण खनिज, रक्षा और वृहद निवेश की मुख्य भूमिका है। ये टिप्पणियां इसलिए महत्वपूर्ण



हैं क्योंकि दोनों देशों ने द्विपक्षीय व्यापार समझौते के प्रथम चरण की रूपरेखा को अंतिम रूप दे दिया है। इसके अंतर्गत अमेरिका ने भारत पर जवाबी शुल्क घटाकर 18 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। यद्यपि, अमेरिकी उच्चतम न्यायालय द्वारा इसे निरस्त किए जाने के बाद राष्ट्रपति ट्रंप ने 24 फरवरी से 150 दिनों के लिए सभी देशों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगा दिया है। इसके कारण मुख्य वार्ताकारों की बैठक वर्तमान में स्थगित हो गई है। समझौते के तहत भारत अमेरिकी औद्योगिक और कृषि उत्पादों पर शुल्क कम करेगा। साथ ही भारत ने अगले पांच वर्षों में अमेरिका से ऊर्जा उत्पादों, विमानों, प्रौद्योगिकी और कोकिंग कोल सहित 500 अरब डॉलर की खरीद करने की मंशा भी जताई है।

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा किए गए नौ मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) पर गोयल ने कहा कि सरकार ने राष्ट्रीय हितों को सुरक्षित रखा है और किसी भी हितधारक के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया गया है।

विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि इन समझौतों में वाहन क्षेत्र को खोलने से उपभोक्ताओं को विकल्प मिलेंगे और रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

उन्होंने तर्क दिया कि विदेशी वाहन कंपनियां शुरुआत में बाजार का परीक्षण करने के लिए कारों का निर्यात कर सकती हैं, लेकिन अंततः उन्हें भारत में ही उत्पादन करना होगा क्योंकि महंगे यूरोपीय मॉडल के लिए भारतीय कंपनियों से प्रतिस्पर्धा करना कठिन होगा।

### मंत्रालय ने बंदरगाहों से कहा-शुल्क माफी पर करें विचार

**मुंबई, एजेंसी।** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बंदरगाहों को निर्देश दिया है कि वे पश्चिम एशिया संकट के कारण उत्पन्न समस्याओं को देखते हुए शुल्क में कटौती, छूट या माफी (जैसे जहाज शुल्क में बदलाव) के अनुरोधों पर विचार करें। साथ ही मंत्रालय ने बंदरगाहों के लिए एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) भी जारी की है।

शुक्रवार को सभी हितधारकों के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद जारी की गई इस एसओपी के तहत प्रत्येक बंदरगाह विभाग के प्रमुख या उप-प्रमुख स्तर के एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति करेगा। यह अधिकारी बंदरगाहों पर मुद्दों के समाधान के लिए एकल संपर्क बिंदु होगा। नोडल अधिकारी मामले को सक्षम प्राधिकारी के पास ले जाने और 24 से 72 घंटों के भीतर कार्रवाई करने के लिए जिम्मेदार होगा।

**महिला दिवस** | नौकरी डॉट कॉम ने जारी की रिपोर्ट 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट'

# 67 फीसदी महिलाओं ने मानी वेतन समानता की बात

**मुंबई, एजेंसी**

भारत के विभिन्न क्षेत्रों में काम करने वाली 67 प्रतिशत से अधिक महिलाओं का मानना है कि उनके कार्यस्थलों में वेतन समानता मौजूद है, जबकि 33 प्रतिशत महिलाओं को लगता है कि वेतन में अंतर है। नौकरी डॉट कॉम की शनिवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। 'व्हाट वीमेन प्रोफेशनल्स वांट' शीर्षक वाली यह रिपोर्ट देश के 50 से अधिक उद्योगों की 50,000 महिलाओं के बीच किए गए सर्वेक्षण पर आधारित है।

रिपोर्ट के अनुसार, 67 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने कहा कि उनके कार्यस्थलों पर वेतन समानता है, जबकि 33 प्रतिशत ने माना कि वहां समानता नहीं है। वेतन में अंतर होने की बात रियल एस्टेट (42 प्रतिशत) के पेशेवरों ने सबसे दृढ़ता से कही, जिसके



बाद एफएमसीजी (38 प्रतिशत), दवा और जीवन विज्ञान (38 प्रतिशत) और वाहन (37 प्रतिशत) क्षेत्र का स्थान रहा।

रिटेल (35 प्रतिशत), होटल एवं रेस्तरां (35 प्रतिशत), आईटी सेवाएं (34 प्रतिशत), टेलीकॉम (34 प्रतिशत),

- 33 प्रतिशत को लगता है वेतन में अंतर 50 से अधिक उद्योगों की 50 हजार कामकाजी महिलाओं के बीच किया सर्वे

चिकित्सा सेवा (33 प्रतिशत) और तेल एवं गैस क्षेत्र (33 प्रतिशत) की महिलाओं ने भी माना कि वेतन में असमानता या अंतर मौजूद है। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी इस रिपोर्ट में समान वेतन ऑडिट और मासिक धर्म अवकाश की बढ़ती मांग पर भी प्रकाश डाला गया है। उच्च वेतन श्रेणी वाली प्रोफेशनल महिलाओं में यह मांग सबसे अधिक देखी गई।

करीब 42 प्रतिशत महिलाओं ने माना कि भर्ती और पदोन्नति में होने वाला भेदभाव कार्यस्थल पर उनकी सबसे बड़ी चुनौती है। पिछले वर्ष की तुलना में इस धारणा में सात आधार अंकों की वृद्धि हुई है। चेन्नई (44 प्रतिशत) और दिल्ली/एनसीआर (43 प्रतिशत) जैसे महानगरों में भी यही रुझान देखा गया है। इन चुनौतियों के बीच 83 प्रतिशत महिलाओं ने नेतृत्व की भूमिकाएं निभाने के लिए खुद को प्रोत्साहित महसूस किया, जबकि पिछले वर्ष यह आंकड़ा 66 प्रतिशत था। दक्षिण भारतीय शहरों की महिलाओं में नेतृत्व की इच्छा विशेष रूप से प्रबल देखी गई।

इन्फो एज इंडिया की समूह सीएमओ सुमीत सिंह ने कहा कि यह तथ्य कि 83 प्रतिशत महिलाएं नेतृत्व के लिए प्रोत्साहित महसूस करती हैं, उत्साहजनक है। हालांकि, यह चिंता का विषय है कि हर दो में से एक महिला को साक्षात्कार में अब भी अपनी व्यक्तिगत योजनाएं छिपानी पड़ती हैं। यह बताता है कि अभी बहुत काम किया जाना बाकी है। इन्फो एज इंडिया 'नौकरी डॉट कॉम', 'जीवनसाथी डॉट कॉम' और '99एकड़ डॉट कॉम' की मूल कंपनी है।

# सेमीकंडक्टर डिजाइन के लिए चार साल में 85,000 इंजीनियर तैयार

**नयी दिल्ली, एजेंसी**

भारत ने सेमीकंडक्टर डिजाइन के काम के लिए चार वर्ष में 85000 से अधिक इंजीनियरों को प्रशिक्षित किया है। रेलवे, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। कहा कि यह उपलब्धि इस उद्योग के लिए कुशल मानव संसाधन की आपूर्ति के 10 वर्षीय लक्ष्य की दिशा में उल्लेखनीय प्रगति है।

देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन, ऑटोमेशन के डिजाइन के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराये गये हैं। भारत में इस क्षेत्र में आने वाले समय में लगभग 20 लाख कुशल पेशेवरों की मांग उत्पन्न होगी। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) मंत्रालय की शनिवार को जारी एक विज्ञप्ति में कहा गया है कि यह प्रगति भारत सरकार की प्रतिभा विकास को प्राथमिकता देने वाली पहल के तहत प्रशिक्षण, कौशल उन्नयन और कार्यबल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से हासिल की गई है, जो भारत सेमीकंडक्टर मिशन (आईएसएम) के चिप्स टू स्टार्टअप्स (सी2एस) कार्यक्रम का हिस्सा है।

विज्ञप्ति में श्री वैष्णव के हवाले से कहा गया है कि प्रशिक्षण के लिए देश के 315 शैक्षणिक संस्थानों में सिनॉप्सिस, कैडेंस डिजाइन सिस्टम्स, सीमेंस, रेनेसा इलेक्ट्रॉनिक्स, एनसिस और एडवांस माइक्रो डिवाइसेस (एएमडी) द्वारा समर्थित विश्व-स्तरीय इलेक्ट्रॉनिक डिजाइन ऑटोमेशन (ईडीए) के लिए जरूरी टूल उपलब्ध कराए गए हैं। इनसे छात्र सेमीकंडक्टर चिप डिजाइन करने का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

इन चिप्स का निर्माण और परीक्षण सेमीकंडक्टर लैबोरेटरी (एससीएल) मोहाली में किया जा रहा है, जिससे छात्रों को डिजाइन से लेकर फेब्रिकेशन, पैकेजिंग और टेस्टिंग तक पूरी प्रक्रिया का व्यावहारिक अनुभव मिल रहा है। उन्होंने कहा कि भारत की यह पहल अब दुनिया का सबसे बड़ा ओपन-एक्सेस ईडीए प्रोग्राम बन चुकी है।

# नेपाल में बालेन लहर ने ढहाया ओली का किला, झापा से दर्ज की एतिहासिक जीत

- ओली को 49 हजार से अधिक मतों से हराया, आरएसपी के पीएम उम्मीदवार बने बालेन शाह



अपनी जीत का प्रमाण पत्र हासिल करते राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के उम्मीदवार बालेंद्र शाह।

**काठमांडू, एजेंसी**

नेपाल के संसदीय चुनावों में शनिवार को एक ऐसा राजनीतिक भूकंप आया, जिसने देश के पुराने स्थापित दिग्गजों की जड़ें हिला दीं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी के प्रमुख और काठमांडू के पूर्व महापौर बालेंद्र शाह (बालेन) ने झापा निर्वाचन क्षेत्र संख्या-5 से ऐतिहासिक जीत दर्ज की है। इस हाई-प्रोफाइल मुकाबले में बालेन ने नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को धूल चटा दी।

निर्वाचन आयोग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, बालेन शाह ने इस सीट पर एकतरफा कब्जा किया। उन्हें कुल 68,348 वोट मिले, जबकि पूर्व पीएम ओली को मात्र 18,734 वोटों से संतोष करना पड़ा। बालेन ने यह मुकाबला 49,614 मतों के विशाल अंतर से जीता, जो नेपाल के चुनावी इतिहास के सबसे बड़े उलटफेरों में से एक माना जा रहा है।

वर्ष 2079 के पिछले चुनावों में केपी ओली ने इसी सीट से 28,576 वोटों के अंतर से बड़ी जीत हासिल की थी। इस बार बालेन शाह की युवा शक्ति और बदलाव के नारे ने पुराने समीकरणों को ध्वस्त कर दिया।

## भारत में कानूनी सुरक्षा मजबूत, पर सामाजिक बेड़ियां अब भी चुनौती

# महिला अधिकारों की वैश्विक दौड़

**नई दिल्ली।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर जारी नवीनतम वैश्विक आंकड़ों के अनुसार, भारत में महिलाओं के अधिकारों की स्थिति एक दोहरे मोड़ पर खड़ी है। एक ओर जहाँ भारत ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' और 'मिशन शक्ति' जैसी योजनाओं के माध्यम से कानूनी और नीतिगत ढांचा मजबूत किया है, वहीं दूसरी ओर वैश्विक सूचकांकों में भारत की रैंकिंग अब भी कई पड़ोसी देशों से पीछे है।



### ग्लोबल इंडेक्स में भारत की स्थिति

विश्व आर्थिक मंच (WEF) की 'ग्लोबल जेंडर गैप रिपोर्ट 2025' के अनुसार, भारत 148 देशों की सूची में 131वें स्थान पर खिसक गया है। भारत का कुल जेंडर पैरिटी स्कोर 64.1% दर्ज किया गया है। दक्षिण एशिया में बांग्लादेश (24वीं रैंक), नेपाल (125वीं) और श्रीलंका (130वीं) जैसे देश भारत से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, जबकि पाकिस्तान (148वीं) इस सूची में सबसे निचले पायदान पर है।

### उप्र : तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि

उत्तर प्रदेश में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) में पिछले तीन वर्षों में 12% की रिकॉर्ड वृद्धि दर्ज की गई है, जो अब लगभग 32% के करीब पहुंच गई है। हालांकि, यह अभी भी महाराष्ट्र (40%) और तमिलनाडु (45%) जैसे औद्योगिक राज्यों से पीछे है। विशेषज्ञों का मानना है कि यूपी में महिलाओं की भागीदारी मुख्य रूप से कृषि और सूक्ष्म उद्योगों (MSME) में बढ़ी है।

### आर्थिक और राजनीतिक भागीदारी की चुनौती

रिपोर्ट के अनुसार, भारत ने शिक्षा नामांकन में तो अच्छा सुधार किया है, लेकिन कार्यबल में महिलाओं की भागीदारी अब भी चिंता का विषय है। भारत में महिला श्रम शक्ति भागीदारी (LFPR) 2025 में बढ़कर 35.3% हुई है, लेकिन पुरुषों (70%+) की तुलना में यह अब भी काफी कम है। राजनीतिक क्षेत्र में भी, संसद में महिलाओं का प्रतिनिधित्व वर्तमान में लगभग 14% के करीब है, जिसे सुधारने के लिए 33% आरक्षण कानून के क्रियान्वयन का इंतजार है।

### कानूनी अधिकार बनाम जमीनी हकीकत

विश्व बैंक की 'विमेन, बिजनेस एंड द लॉ' रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय महिलाओं के पास पुरुषों को प्राप्त आर्थिक अधिकारों का लगभग 74.4% हिस्सा है। भारत में संपत्ति के अधिकार और मातृत्व लाभ जैसे कानून कई विकसित देशों से भी बेहतर हैं, लेकिन सामाजिक मानदंड और जागरूकता की कमी के कारण ये अधिकार पूरी तरह जमीन पर नहीं उतर पा रहे हैं।

### भविष्य की राह: 'डिजिटल और आर्थिक सुरक्षा'

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत महिला श्रम शक्ति भागीदारी को 50% तक ले जाता है, तो जीडीपी विकास दर में 1% की वृद्धि हो सकती है। 2026 के लिए 'राइट्स, जस्टिस एंड एक्शन' की थीम के साथ भारत अब 'महिला-नेतृत्व वाले विकास' पर ध्यान केंद्रित कर रहा है।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### ईरान के युद्ध क्षेत्र से 1800 लोग सुरक्षित अजरबैजान पहुंचे

**बाकू।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के भीषण हमलों के बीच अजरबैजान ने एक बड़ा रेस्क्यू ऑपरेशन चलाते हुए अब तक 1,800 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है। अजरबैजान की स्टेट बॉर्डर सर्विस के अनुसार, इन शरणार्थियों में 282 रूसी नागरिक भी शामिल हैं। यह निकासी अभियान 'अस्त्रा' बॉर्डर क्रॉसिंग के जरिए चलाया जा रहा है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, 28 फरवरी से शुरू हुआ यह सिलसिला शनिवार दोपहर तक जारी रहा। युद्ध की विभीषिका को देखते हुए सीमा पार करने वालों की संख्या लगातार बढ़ रही है। अजरबैजान सरकार ने स्पष्ट किया है कि वह मानवीय आधार पर अन्य विदेशी नागरिकों को भी सुरक्षित रास्ता देने के लिए प्रतिबद्ध है।

### पीला सागर विवाद: चीन ने ऑस्ट्रेलिया के आरोपों को नकारा

**बीजिंग।** चीन ने पीला सागर के ऊपर सैन्य विमानों के बीच हुई कथित मुठभेड़ को लेकर ऑस्ट्रेलिया द्वारा लगाए गए सभी आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है। बीजिंग ने ऑस्ट्रेलियाई पक्ष पर तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश करने का आरोप लगाते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया है। चीनी अधिकारियों का कहना है कि उनके पायलटों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के तहत ही कार्रवाई की थी। यह विवाद तब बढ़ा जब ऑस्ट्रेलिया ने दावा किया कि चीनी लड़ाकू विमानों ने उसके हेलीकॉप्टर के मार्ग में असुरक्षित तरीके से बाधा डाली थी।

# मुर्मू ने ममता बनर्जी को बताया छोटी बहन, अनुपस्थिति पर जताई हैरानी

## शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया

**नई दिल्ली/सिलीगुड़ी, एजेंसी**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को आदिवासी समुदाय के कार्यक्रम में कम उपस्थिति पर असंतोष व्यक्त किया और कार्यक्रम स्थल को बिधाननगर से स्थानांतरित करने के निर्णय पर सवाल उठाया। उन्होंने अपनी यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और उनके मंत्रियों की अनुपस्थिति का भी जिक्र किया। मुर्मू ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आम तौर पर, जब राष्ट्रपति आती हैं तो मुख्यमंत्री को उनका स्वागत करना चाहिए और अन्य मंत्रियों को भी उपस्थित रहना चाहिए। लेकिन ममता बनर्जी नहीं आईं ... राज्यपाल बदल गए हैं और इसलिए नहीं आ सके। चूंकि तारीख तय थी, इसलिए मैं आई हूं। कोई बात नहीं। यहां आने के लिए आप सभी का धन्यवाद।

मुर्मू ने कहा कि अगर कार्यक्रम बिधाननगर में आयोजित होता, तो बेहतर होता। वहां पर्याप्त जगह है और कई लोग शामिल हो सकते थे। उन्होंने कहा कि लेकिन मुझे नहीं पता कि राज्य प्रशासन ने वहां कार्यक्रम की अनुमति क्यों नहीं दी। आज का कार्यक्रम ऐसी जगह पर हो रहा है, जहां लोगों का आना मुश्किल है। शायद राज्य सरकार आदिवासियों का कल्याण नहीं चाहती और इसलिए उन्हें यहां आने से रोका गया। राष्ट्रपति ने कहा कि ममता बनर्जी मेरी छोटी बहन जैसी हैं। मैं भी बंगाल की बेटी हूं। लेकिन मुझे नहीं पता कि मुझे वहां जाने की अनुमति क्यों नहीं दी गई। मुझे नहीं पता कि वह नाराज हैं या नहीं। खैर, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मुर्मू ने ऐसे कार्यक्रमों के आयोजन में आने वाली व्यापक चुनौतियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब मैं इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेने के लिए यहां आ रही थी, तो मुझे एहसास हुआ कि कोई इस आयोजन को होने देना नहीं चाहता। ऐसा लगता है कि कुछ लोग संथालों को प्रगति करते, सीखते और एकजुट होकर मजबूत होते देखना नहीं चाहते। मुर्मू को वार्षिक कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया था, जो मूल रूप से सिलीगुड़ी के बिधाननगर में आयोजित होने वाला था। हालांकि, अधिकारियों ने सुरक्षा और अन्य कारणों का हवाला देते हुए कार्यक्रम स्थल को बागडोगरा हवाई अड्डे के पास गोशाईपुर में स्थानांतरित कर दिया। शनिवार दोपहर जब राष्ट्रपति कार्यक्रम स्थल पर पहुंची, तो वहां केवल कुछ ही लोग उपस्थित थे। सिलीगुड़ी के महापौर गौतम देब ही एकमात्र प्रतिनिधि थे, जो हवाई अड्डे पर राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए उपस्थित थे। प्रोटोकॉल के अनुसार, राष्ट्रपति का स्वागत करने के लिए मुख्यमंत्री या राज्य सरकार का कोई मंत्री उपस्थित होता है।




### प्रधानमंत्री मोदी ने बताया शर्मनाक

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को पश्चिम बंगाल की तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अपमान का सीधा आरोप लगाते हुए इसे "शर्मनाक और अभूतपूर्व" करार दिया। प्रधानमंत्री ने कड़े शब्दों में कहा कि बंगाल सरकार ने "सचमुच सभी हदें पार कर दी हैं" और राष्ट्रपति जैसी संवैधानिक संस्था के प्रति ऐसी उदासीनता लोकतांत्रिक मर्यादाओं के खिलाफ है। पीएम मोदी ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, राष्ट्रपति का पद राजनीति से ऊपर है और इसकी गरिमा का हमेशा सम्मान किया जाना चाहिए। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बंगाल सरकार ने संथाल संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषय को इतनी लापरवाही से लिया। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रपति की पृष्ठभूमि का उल्लेख करते हुए कहा कि वह स्वयं एक आदिवासी समुदाय से आती हैं और देश के वंचित समाज का गौरव हैं।

### मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं : ममता

कोलकाता के एस्प्लेनेड में मतदाता सूची से नाम हटाए जाने के खिलाफ धरने पर बैठीं ममता बनर्जी ने इन टिप्पणियों पर तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भाजपा इतनी नीचे गिर गई है कि वह बंगाल को बदनाम करने के लिए राष्ट्रपति पद का सहारा ले रही है। मुख्यमंत्री ने अपनी अनुपस्थिति का बचाव करते हुए कहा कि चुनाव के समय मेरे लिए हर कार्यक्रम में शामिल होना संभव नहीं है। मैं जनता के अधिकारों के लिए व्यस्त हूं।

## अमेरिकी नेताओं की हत्या की साजिश में पाकिस्तानी दोषी

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका में शीर्ष राजनीतिक नेताओं की हत्या की साजिश रचने के मामले में पाकिस्तानी नागरिक आसिफ मर्चेंट (47) को दोषी ठहराया गया है। मर्चेंट पर आरोप था कि उसने 2024 में पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं को निशाना बनाने के लिए सुपारी किलर नियुक्त करने की कोशिश की थी। अमेरिकी जांच एजेंसियों के अनुसार, मर्चेंट के संबंध ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कोर से भी रहे हैं। अभियोजन पक्ष ने अदालत में बताया कि मर्चेंट ने अमेरिका में हिटमैन की तलाश की थी, जो वास्तव में एफबीआई के गुप्त एजेंट थे। इस गिरफ्तारी ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सनसनी फैला दी थी, क्योंकि इसमें सीधे तौर पर विदेशी संपर्कों और राजनीतिक हत्या की साजिश का खुलासा हुआ है।

- मर्चेंट ने डोनाल्ड ट्रंप सहित कई बड़े नेताओं के लिए सुपारी देने की कोशिश की थी

# यूपीएससी की 301वीं रैंक पर 'दो आकांक्षा, एक रोल नंबर से उलझा मामला

- ब्रह्मेश्वर मुखिया की पोती और गाजीपुर की उम्मीदवार के बीच ठनी; सोशल मीडिया पर एडमिट कार्ड वायरल

**पटना।** संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा 2025 के परिणाम घोषित होने के साथ ही एक अभूतपूर्व विवाद खड़ा हो गया है। मामला 301वीं रैंक को लेकर है, जिस पर दो अलग-अलग राज्यों की महिला उम्मीदवारों ने अपना दावा ठोक दिया है। हैरानी की बात यह है कि दोनों का नाम आकांक्षा सिंह है और सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे दस्तावेजों में उनके अनुक्रमांक भी एक ही दिखाई दे रहे हैं।

**दादाजी का सपना पूरा किया :** विवाद की एक धुरी बिहार के आरा की आकांक्षा सिंह हैं। वह प्रतिबंधित 'रणवीर सेना' के संस्थापक ब्रह्मेश्वर सिंह 'मुखिया' की पोती हैं। शुक्रवार को उन्होंने दावा किया कि उन्होंने अपने दूसरे प्रयास में यह सफलता पाई है। आकांक्षा ने कहा कि यह मेरे दादाजी का सपना था। तैयारी के दौरान मैंने रोजाना 8 से 10 घंटे पढ़ाई की। बिहार के गलियारों में उनकी सफलता की खबरें तेजी से फैलीं, लेकिन जल्द ही इस पर संशय के बादल मंडराने लगे।

**मेरी पहचान का गलत इस्तेमाल हुआ :** दूसरी ओर, उत्तर प्रदेश के गाजीपुर की रहने वाली आकांक्षा सिंह ने इस दावे को सिरे से खारिज कर दिया है। उन्होंने फेसबुक पर अपना असली पहचान पत्र और इंटरव्यू का ई-समन साझा करते हुए आरोप लगाया कि उनकी रैंक और पहचान का गलत इस्तेमाल किया जा रहा है। गाजीपुर की आकांक्षा के दस्तावेजों में नाम और अनुक्रमांक तो वही है जो बिहार की आकांक्षा के बताए जा रहे हैं, लेकिन दोनों के पिता के नाम अलग-अलग हैं।

## अमेरिका परमाणु शस्त्रागार बढ़ाने की फिराक में : रूस

**मॉस्को।** रूस के उप विदेश मंत्री सर्गेई रयाबकोव ने अमेरिका की परमाणु नीतियों पर गंभीर सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका रणनीतिक हथियारों के मामले में किसी भी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण से पूरी तरह स्वतंत्र रहना चाहता है और भविष्य में अपने परमाणु शस्त्रागार को तेजी से बढ़ाने का विकल्प खुला रख रहा है। रयाबकोव ने मॉस्को में मीडिया से बात करते हुए कहा कि वाशिंगटन की मंशा अब किसी भी द्विपक्षीय या अंतरराष्ट्रीय संधि के दायरे में रहने की नहीं है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ऐसी परिस्थितियां पैदा कर रहा है जिससे वह अपनी मर्जी से परमाणु क्षमता का विस्तार कर सके। रूस का यह बयान ऐसे समय में आया है जब दोनों महाशक्तियों के बीच 'न्यू स्टार्ट' जैसी महत्वपूर्ण परमाणु संधियां पहले ही खतरे में हैं।

## अमेरिका से व्यापार समझौता देश के साथ विश्वासघात : राहुल गांधी

**तिरुवनंतपुरम।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया कि उन्होंने अमेरिका के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर कर देश के साथ विश्वासघात किया है। राहुल गांधी ने दावा किया कि इस समझौते के परिणाम भारत के मध्यम और निम्न वर्ग के लिए विनाशकारी होंगे।

केरल विधानसभा में विपक्ष के नेता वी.डी. सतीशन के नेतृत्व में निकाली गई राज्यव्यापी 'पुथुयुग यात्रा' के समापन समारोह को संबोधित करते हुए राहुल ने कहा कि यह समझौता सीधे तौर पर भारत के कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने देश को निराश किया है। इस व्यापार समझौते से हमारे किसानों और छोटे व्यवसायों को भारी नुकसान उठाना पड़ेगा, जबकि इसका लाभ केवल चुनिंदा बड़े कॉरपोरेट्स को मिलेगा। केरल में कांग्रेस के शक्ति प्रदर्शन के रूप में देखी जा रही इस यात्रा के समापन पर राहुल ने केंद्र सरकार की विदेश और आर्थिक नीतियों को जनविरोधी करार दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री विदेशी दौरों और समझौतों के जरिए देश के भविष्य को गिरवी रख रहे हैं। इससे यहां की जनता को बड़ा नुकसान होने जा रहा है।

- समझौता सीधे तौर पर कृषि क्षेत्र और लघु उद्योगों पर चोट करेगा

## ईरान में नए सुप्रीम लीडर की तलाश तेज, दिग्गज धर्मगुरुओं ने की जल्द चयन की मांग

**तेहरान, एजेंसी**

ईरान के सर्वोच्च नेता आयतुल्ला अली खामेनेई के निधन के ठीक एक सप्ताह बाद, देश की धार्मिक और राजनीतिक व्यवस्था में नए उत्तराधिकारी को लेकर हलचल तेज हो गई है। शनिवार को ईरान के कई शीर्ष धर्मगुरुओं ने एकजुट होकर मांग की है कि देश की स्थिरता के लिए जल्द से जल्द नए 'सुप्रीम लीडर का चुनाव किया जाए।

वरिष्ठ शिया धर्मगुरु आयतुल्ला नासिर मकारेम शिराजी ने शनिवार को एक विशेष बयान जारी कर असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स (विशेषज्ञों की परिषद) से इस मामले में तुरंत कदम उठाने का आग्रह किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि इस महत्वपूर्ण संवैधानिक प्रक्रिया को समय पर पूरा करना बेहद जरूरी है। शिराजी के अनुसार, नए नेता का चयन जल्द होने से न केवल देश की शासन व्यवस्था बेहतर ढंग से चलेगी, बल्कि ईरान की राष्ट्रीय एकता भी और अधिक मजबूत होगी। ईरान की राजनीतिक व्यवस्था में 'असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' सबसे शक्तिशाली संस्थाओं में से एक है। इसमें 88 धार्मिक विद्वान शामिल होते हैं, जिनका काम सर्वोच्च नेता का चयन करना, उनकी निगरानी करना और जरूरत पड़ने पर उन्हें पद से हटाना होता है।

**क्यों महत्वपूर्ण है यह चयन? :** ईरान इस समय क्षेत्र में भारी तनाव और आंतरिक चुनौतियों से जूझ रहा है। ऐसे में सर्वोच्च नेता का पद खाली रहना देश के लिए जोखिम भरा हो सकता है।

- खामेनेई की मौत के बाद बढ़ी हलचल, असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स से प्रक्रिया तेज करने की अपील

### कौन होगा ईरान का अगला सुप्रीम लीडर

ईरान की असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स' के सामने नए सर्वोच्च नेता का चयन एक बड़ी चुनौती है। राजनीतिक गलियारों में इन तीन नामों की सबसे अधिक चर्चा है :

**मोजतबा खामेनेई :** आयतुल्ला अली खामेनेई के दूसरे बेटे। इनका प्रभाव सुरक्षा बलों और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स पर बहुत मजबूत माना जाता है। हालांकि, वंशवाद के आरोपों से बचने के लिए परिषद हिचकिचा सकती है।

**अलीरेज़ा अराफी :** एक बेहद प्रभावशाली धर्मगुरु और ईरान के मदरसा केंद्रों के प्रमुख। इन्हें रूढ़िवादी गुटों का समर्थन प्राप्त है और वे शासन व्यवस्था में गहरे पैठ रखते हैं।

**हसन रूहानी :** पूर्व राष्ट्रपति। हालांकि वे उदारवादी माने जाते हैं, लेकिन परिषद के भीतर उनकी वरिष्ठता उन्हें एक संभावित उम्मीदवार बनाती है।

## तेलंगाना में 130 माओवादियों ने मुख्यमंत्री के सामने किया आत्मसमर्पण

**हैदराबाद।** तेलंगाना में नक्सली आंदोलन को एक बड़ी चोट पहुँचाते हुए शनिवार को 100 से अधिक नक्सलियों ने मुख्यधारा में लौटने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कुल 130 माओवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। इसे नक्सलवाद के खात्मे की दिशा में बड़ी सफलता माना जा रहा है।

आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे। जब्त किए गए हथियारों में एक इनसास एलएमजी, 31 एके-47 राइफल, 21 इनसास राइफल, 20 एसएलआर, 18 .303 राइफल और 33 अन्य घातक हथियार शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने हथियार डालने वालों का स्वागत किया और उन्हें सरकार की पुनर्वास नीति के तहत मुख्यधारा से जोड़ने का भरोसा दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन के कई बड़े चेहरे शामिल हैं। इनमें तीन राज्य समिति सदस्य, 10 संभागीय समिति सदस्य, 46 क्षेत्रीय समिति सदस्य और 70 सक्रिय पार्टी सदस्य शामिल हैं। इतनी बड़ी संख्या में शीर्ष कैडर का आत्मसमर्पण संगठन की टूटती कमर को दर्शाता है।

- नक्सलियों ने पुलिस को 124 आधुनिक हथियार सौंपे

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** — आज आप कहीं घूमने जा सकते हैं। होटल व्यापारियों की आमदनी में वृद्धि होगी। व्यवसाय में नए अनुबंधों हो सकते हैं।

**वृष** — आज का दिन रिटेल व्यवसायियों के लिए शुभ है। अपनी प्रतिभा पर विश्वास बनाए रखें। राजनीति से जुड़े मामलों में रुचि ले सकते हैं।

**मिथुन** — आज दोपहर के बाद आपके काम बनते हुए प्रतीत होंगे। रुका हुआ कमीशन प्राप्त होने वाला है। पैतृक कारोबार में उन्नति होगी।

**कर्क** — आज कोई भी निर्णय अकेले लेने से बचें। नए काम में कुछ बाधाएं लगी रहेंगी। अपनी उन्नति से संतुष्ट नहीं रहेंगे।

**सिंह** — आज भावनात्मक रूप से मजबूत रहेंगे। घर में बिन बुलाए मेहमान आ सकते हैं। आपको रिश्तेदारों से शुभ समाचार प्राप्त होंगे।

**कन्या** — आज निजी संबंधों में कटुता बढ़ सकती है। किसी परिचित व्यक्ति से धोखा मिल सकता है। घरेलू सामान खरीद सकते हैं।

**तुला** — आज परिवार के साथ अच्छा समय बिताएंगे। बुद्धिमान मनुष्यों की संगत प्राप्त होगी। बहुमूल्य उपहार आपको प्राप्त हो सकते हैं।

**वृश्चिक** — आज चुनौतियों का सामना डटकर करें। व्यावसायिक योजनाओं में थोड़ा धीमापन हो सकता है। देवी की उपासना करने से मन शांत होगा।

**धनु** — आज नया वाहन खरीद सकते हैं। आपके संपर्क दायरे में बढ़ोतरी होगी। घर में धार्मिक वातावरण रहेगा।

**मकर** — आज आपको उच्च पद की प्राप्ति हो सकती है। समाज में आपकी छवि काफी अच्छी रहेगी। पति-पत्नी एक दूसरे का काफी ध्यान रखेंगे।

**कुंभ** — आज नई तकनीक के प्रति आपका रूझान बढ़ेगा। आपकी सेहत अच्छी बनी रहेगी। पिता के साथ आपके संबंध मजबूत होंगे।

**मीन** — आज व्यवसाय में प्रतिद्वंद्वियों से परेशान रहेंगे। कार्यों को लेकर दूसरों पर निर्भर न रहें। प्रेम-संबंधों को लेकर थोड़े गंभीर रहेंगे।

### आज का पंचांग

-पं.मनोज कुमार द्विवेदी




**आज की ग्रह स्थिति :** 8 मार्च, रविवार 2026 संवत-2082, शक संवत 1947 मास- चैत्र, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 21.10 तक तत्पश्चात षष्ठी।

**दिशाशूल**- पश्चिम, **ऋतु**- वसंत। **चन्द्रबल**- मेष, वृषभ, सिंह, तुला, धनु, मकर। **ताराबल**-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद। **नक्षत्र**-स्वाती 13.31 तक तत्पश्चात विशाखा।

### सुडोकू - 81 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 7 | 8 | 3 | 1 | 4 | 9 | 5 |
| 5 | 3 | 8 | 4 | 7 | 9 | 2 | 6 | 1 |
| 9 | 1 | 4 | 2 | 5 | 6 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 9 | 5 | 1 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 4 | 2 | 1 | 6 | 9 | 7 | 5 | 3 | 8 |
| 8 | 7 | 6 | 3 | 4 | 5 | 1 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 2 | 7 | 1 | 4 | 9 | 5 | 3 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 6 | 8 | 7 | 4 | 2 |
| 7 | 4 | 9 | 5 | 2 | 3 | 8 | 1 | 6 |

### सुडोकू -82

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | | 9 | 5 | | |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| | 6 | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 3 | | | 5 | | 4 | | 7 |
| | 1 | | | | | | 9 | |
| 7 | | 8 | | 3 | | | 5 | |
| | 5 | 2 | 3 | | 8 | | | |
| 3 | | | | | 5 | | | 8 |
| | | 4 | 7 | | 6 | | | |

## अमेरिका को दो टूक

## जयशंकर का वर्ल्ड ऑर्डर : 'भारत का उदय किसी की खैरात नहीं, इसे रोकना अब नामुमकिन

# न किसी की गलती, न किसी का मोहरा ... अपनी शर्तों पर बनाएंगे नया भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार को वैश्विक कूटनीति के मंच 'रायसीना डायलॉग' से दुनिया को वह आइना दिखाया, जिसकी कल्पना शायद महाशक्तियों ने नहीं की थी। अमेरिकी उप विदेश मंत्री क्रिस्टोफर लैंडौ द्वारा भारत को आर्थिक लाभ न देने की धमकी भरे बयान पर पलटवार करते हुए जयशंकर ने दो टूक कहा कि भारत का उत्थान अब रोका नहीं जा सकता। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि 21वीं सदी का भारत अपनी प्रगति की दिशा खुद निर्धारित करेगा और वह किसी दूसरे देश के एजेंडे पर नहीं चलेगा।

जयशंकर ने अमेरिकी बयान की धज्जियां उड़ाते हुए कहा कि देशों का उत्थान उनके अपने संकल्पों और राष्ट्रीय शक्ति से होता है।



उन्होंने कहा कि भारत का उत्थान भी भारत द्वारा ही निर्धारित होगा। हम अपनी शक्तियों के आधार पर अपने विकास की दिशा तय करेंगे, न कि दूसरों की 'गलतियों' या संकीर्ण सोच के आधार पर। यह प्रहार सीधा उन देशों पर था जो भारत की तुलना चीन से करके उसे नियंत्रित करने का सपना देख रहे हैं।

जयशंकर ने हिंद महासागर क्षेत्र के सैन्यीकरण पर गंभीर चिंता जताई। उन्होंने डिएगो गार्सिया, जिबूती और हंबनटोटा जैसे विदेशी सैन्य अड्डों का सीधा नाम लेते हुए कहा कि भारत इन गतिविधियों पर पैनी नजर रखे हुए है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समुद्री कानून संधि का उल्लंघन करने वालों को चेतावनी दी कि समुद्री सीमाओं की सुरक्षा और स्वतंत्रता पर भारत कोई समझौता नहीं करेगा।

अमेरिकी मंत्री ने भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि अमेरिका भारत के साथ वही आर्थिक गलतियां नहीं दोहराएगा जो उसने 20 साल पहले चीन के साथ की थीं। उन्होंने कहा कि अमेरिका भारत को इतना बड़ा बाजार नहीं बनने देगा कि वह भविष्य में उसे टक्कर दे।

### ईरान को पनाह, अमेरिका को कड़ा संदेश

केवल शब्दों से ही नहीं, भारत ने अपने साहसी फैसलों से भी दुनिया को चौंका दिया। हिंद महासागर में बढ़ते तनाव के बीच, जहाँ अमेरिकी पनडुब्बियों और ईरानी युद्धपोतों के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई थी, भारत ने ईरानी नौसैन्य पोत 'आइरिस लावन' को कोच्चि में डॉकिंग की मंजूरी देकर अपनी स्वतंत्र विदेश नीति का लोहा मनवाया। विदेश मंत्री ने पुष्टि की कि 1 मार्च को मिली ईरानी अपील पर भारत ने तुरंत कार्रवाई की और 4 मार्च को पोत कोच्चि पहुँचा। वर्तमान में पोत के 183 चालक दल के सदस्यों को मानवीय आधार पर भारतीय नौसेना के सुरक्षित परिसरों में ठहराया गया है। यह फैसला ऐसे समय में आया है जब कुछ दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी युद्धपोत 'आइरिस डेना' को डुबो दिया था।

### जो साथ चलेंगे, फायदा उन्हीं का होगा

विदेश मंत्री ने अंत में वैश्विक समुदाय को वास्तविकता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने स्वीकार किया कि भारत के उदय में चुनौतियां हैं, लेकिन साथ ही एक बड़ा ऑफर भी दिया। उन्होंने कहा, "जो लोग हमारे साथ मिलकर काम करेंगे, उन्हें इस उदय का सबसे अधिक लाभ मिलेगा।" यानी भारत अब केवल बाजार नहीं, बल्कि एक ऐसा पावरहाउस है जो अपने साथ चलने वालों की तकदीर बदल सकता है।



> रहस्यमयी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती को टी20 विश्व कप के पिछले दो मैचों में बहुत फुल लेंथ या बहुत शॉर्ट लेंथ गेंद करने की कीमत चुकानी पड़ी है। मुझे लगता है उनका मजबूत पक्ष उस मुश्किल लेंथ पर गेंदबाजी करना है जो किसी स्पिनर के लिए अनुकूल होती है।
>
> -पीयूष चावला


# स्टेडियम

बरेली, रविवार ,8 मार्च 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com


# भारत के पास इतिहास रचने का तिहरा मौका

## टी-20 विश्व कप की खिताबी टक्कर आज : न्यूजीलैंड की कड़ी चुनौती से पाना होगा पार

**अहमदाबाद, एजेंसी**

बेहद प्रतिभाशाली और लगातार अच्छा प्रदर्शन करने वाली भारतीय टीम के पास लगातार दूसरी बार टी20 विश्व कप का ख़िताब अपने नाम करने का मौक़ा है। अगर भारत यह कारनामा करने में सफल हो जाता है तो भारत टी20 विश्व कप के इतिहास में यह उपलब्धि हासिल करने वाली पहली टीम होगा। भारत के पास यह सुनहरा मौका घर पर है जहां दो वर्ष पहले ही भारत एक अन्य विश्व कप ख़िताब अपने नाम करने से चूक गया था।

न्यूजीलैंड के खिलाफ रविवार को यहां होने वाले फाइनल में सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली टीम का पलड़ा भारी माना जा रहा है। दुनिया के सबसे बड़े स्टेडियमों में से एक नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में भारत को 19 नवंबर 2023 को बड़ा झटका लगा था जब वह ऑस्ट्रेलिया से वनडे विश्व कप का फाइनल हार गया था। तब भारत ने भावुक नम आंखों वाले रोहित शर्मा को ड्रेसिंग रूम की सीढ़ियों पर चढ़ते हुए देखा था। केवल भारतीय टीम ही नहीं बल्कि स्टेडियम में मौजूद 93000 दर्शक भी सन्न रह गए थे। भारत ने हालांकि 2024 में रोहित शर्मा की कप्तानी में टी-20 विश्व कप जीतकर इसकी काफी हद तक भरपाई कर दी थी।

अब खेल के सबसे छोटे प्रारूप की भारतीय टीम सूर्यकुमार की कप्तानी में खिताब का बचाव करने और इस प्रतिष्ठित ट्रॉफी को तीन बार जीतने वाली पहली टीम बनने की कोशिश करेगी। एक कुशल बल्लेबाज और चतुर कप्तान सूर्यकुमार न केवल कप्तान के रूप में अपनी खुद की विरासत बनाने के लिए उत्सुक होंगे, बल्कि वह 19 नवंबर 2023 की पीड़ा को भी खत्म करना चाहेंगे। सूर्यकुमार और उनके साथी ठीक 364 दिन पहले नौ मार्च, 2025 को भारत की आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में न्यूजीलैंड की लगभग इसी टीम के खिलाफ मिली जीत से प्रेरणा लेने की कोशिश करेंगे। भले ही वह टूर्नामेंट 50 ओवर का था। सूर्यकुमार उस टीम का हिस्सा नहीं थे, लेकिन दुबई में मिली उस एकतरफा जीत से उन्हें हौसला मिल सकता है।

फाइनल जीतने के लिए साहस के अलावा किस्मत का साथ भी जरूरी होता है। खेल एकदम ''परफेक्ट'' होना जरूरी नहीं है, लेकिन सही समय पर सही चीजें होनी चाहिए। मौजूदा टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में भारत की जीत तब लगभग तय हो गई थी जब हैरी ब्रूक ने संजू सैमसन का कैच छोड़ दिया था। भारत रविवार को न्यूजीलैंड की ऐसी किसी भी गलती का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगा। भारत को अब तक इस टूर्नामेंट में किस्मत का साथ मिला है। अगर वह खिताब जीत जाता है तो उन्हें सराहना मिलेगी लेकिन अगर वह हार जाते हैं तो फिर बहुत बड़ा बवाल मच सकता है। सूर्यकुमार ने पिछले दो वर्षों में टीम का बहुत अच्छी तरह से नेतृत्व किया है, भले ही एक बल्लेबाज के रूप में वह उम्मीदों पर पूरी तरह खरा नहीं उतर पाए। रविवार का दिन उनके करियर के लिए निर्णायक क्षण होगा। अगर उनकी टीम खुशगवार मौसम में अच्छा प्रदर्शन करती है तो उनकी सारी नाकामियां पल भर में भुला दी जाएंगी। लेकिन भारत के लिए न्यूजीलैंड की चुनौती आसान नहीं होगी क्योंकि किसी भी दिन फिन एलन, लॉकी फर्ग्यूसन या मैट हेनरी जैसे खिलाड़ी अपनी क्षमता से कहीं बेहतर प्रदर्शन करना जानते हैं। मिचेल सैंटनर या ग्लेन फिलिप्स जैसे खिलाड़ी जानते हैं कि एक मजबूत टीम के खिलाफ किस तरह से चुनौती का सामना करना होता है। न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ा खतरा अहमदाबाद का सरदार होगा। इस सरदार का नाम जसप्रीत बुमराह है। फाइनल में बुमराह के चार ओवर फिर दोनों टीमों के बीच निर्णायक साबित हो सकते हैं।


### अभिषेक-वरुण की जगह रिंकू-कुलदीप के खुल सकते दरवाजे





भारत के कप्तान सूर्यकुमार यादव और टीम मैनेजमेंट फाइनल से पहले कुछ बड़े तकनीकी बदलाव कर सकते हैं। एक विकल्प अभिषेक शर्मा की जगह रिंकू सिंह को शामिल करना हो सकता है। अभिषेक ने टी-20 क्रिकेट में एक जबरदस्त ओपनर के तौर पर नाम कमाया है, लेकिन टूर्नामेंट में उनका फॉर्म खराब रहा है। उनके हालिया प्रदर्शन में वेस्ट इंडीज के खिलाफ 11 गेंदों में 10 और ग्रुप स्टेज में न्यूजीलैंड के खिलाफ 16 गेंदों में 30 रन शामिल हैं, जिससे उनके सात मैचों में 12 .71 की औसत से सिर्फ 89 रन बने हैं। इस तरह के कंसिस्टेंसी की वजह से थिंक टैंक रिंकू सिंह को लाने के लिए ललचा सकता है, जो एक फिनिशर हैं और डेथ ओवर्स में तेजी से रन बनाने में काबिल हैं। रिंकू ने 45 टी-20 इंटरनेशनल मैचों में 39 .12 के एवरेज और 155 .74 के स्ट्राइक रेट से 665 रन बनाए हैं, और मैच जिताने वाले कैमियो के लिए उनकी रेप्युटेशन जिसमें आईपीएल में एक ओवर में पांच छक्के भी शामिल है। न्यूजीलैंड के पेस अटैक के खिलाफ भारत के मध्यम क्रम को मजबूत कर सकती है। एक और मुमकिन बदलाव स्पिन विभाग में हो सकता है। वरुण चक्रवर्ती, भारत के विकेट चार्ट में सबसे आगे रहने के बावजूद, टूर्नामेंट के आखिरी स्टेज में कंट्रोल के लिए स्ट्रगल करते रहे हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 64 रन देकर मुश्किल प्रदर्शन किया था। इससे कुलदीप यादव के लिए दरवाजा खुल सकता है, जिनका अंतरराष्ट्रीय टी-20 में रिकॉर्ड 54 मैचों में 6 .95 के शानदार इकॉनमी रेट के साथ 95 विकेट है। बाएं हाथ के बल्लेबाजों को परेशान करने और टर्निंग कंडीशन का फायदा उठाने की कुलदीप की काबिलियत अहमदाबाद की पिच पर एलन जैसे न्यूजीलैंड के आक्रामक बल्लेबाजों के खिलाफ फायदेमंद साबित हो सकती है।अगर भारत ये बदलाव करने का फैसला करता है, तो इस कदम से टीम में ज्यादा बैलेंस आ सकता है, जिसमें पावर-हिटिंग के साथ टाइट बॉलिंग कंट्रोल का मेल होगा।





### खिलाड़ियों को अपने मुताबिक खेलने की आजादी : सूर्यकुमार

कप्तान सूर्यकुमार यादव को नेतृत्व संभालने के करीब छह महीने बाद यह समझ में आ गया कि टीम के युवा खिलाड़ियों के लिए 'पिता या बड़े भाई जैसी' भूमिका निभाने की कोशिश ज्यादा कारगर नहीं होगी। मुंबई के इस बल्लेबाज ने महसूस किया कि टीम के अंदर खुलकर विचारों का आदान-प्रदान, अभिव्यक्ति की आजादी और हर खिलाड़ी को अपने तरीके से खेलने की स्वतंत्रता देना ही सबसे बेहतर तरीका है। मुख्य कोच गौतम गंभीर मानते है कि इस प्रारूप में सात गेंदों में बनाये 21 रन उतने ही अहम है जितना की शतक। सूर्यकुमार ने गंभीर के सहयोग से तय किया कि वह पूर्व कप्तान रोहित शर्मा के कदमों पर चलेंगे, पर अपने तरीके से। ड्रेसिंग रूम के माहौल और युवा खिलाड़ियों को दी जाने वाली सलाह के बारे में पूछे जाने पर सूर्यकुमार ने मजाकिया अंदाज में कहा वे मुझे ड्रेसिंग रूम में ज्यादा बोलने ही नहीं देते। वे अपनी शर्तों पर चलते हैं। मैंने देखा है कि जब उन्हें आजादी मिलती है तो उनका व्यक्तित्व अलग नजर आता है।

### आंकड़ों पर एक नजर

- पिछले तीन वर्षों में भारतीय टीम ने आईसीसी के चार टूर्नामेंट (2023 वनडे विश्व कप, 2024 टी20 विश्व कप, 2025 चैंपियंस ट्रॉफी, 2026 टी20 विश्व कप) के फाइनल में जगह बनाई है। अगर भारत फाइनल में न्यूजीलैंड को हरा देता है तो यह उसकी पिछले तीन साल में तीसरी जीत होगी।
- न्यूजीलैंड पिछले 11 वर्षों में पांच बार आईसीसी के किसी टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है लेकिन उसे दूसरे स्थान से ही संतोष करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड 2019 के वनडे विश्व कप, 2021 के टी20 विश्व कप और 2025 के चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचा लेकिन तीनों मौकों पर उसे हार का सामना करना पड़ा।
- न्यूजीलैंड ने 2000 में आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी जीतने के बाद से अब तक आठ आईसीसी फाइनल खेले हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ एक (2021 में भारत के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल) ही जीत सका है।
- न्यूजीलैंड ने पहले सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका की क्रिकेट टीम के खिलाफ, ऐसा चेज किया जिसने पूरे टूर्नामेंट में तहलका मचा दिया। स्कोर बोर्ड पर 169 रन थे।फिन एलन ने गेम को हाइलाइट रील बना दिया। केवल 33 गेंदों पर हैरान कर देने वाले 100 रन प्योर पावर, क्लीन स्ट्राइकिंग, निडर क्रिकेट।

### टीम

**भारत :** सूर्यकुमार यादव (कप्तान), अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (विकेटकीपर), इशान किशन, तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हार्दिक पंड्या, अक्षर पटेल, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती, अर्शदीप सिंह, रिंकू सिंह, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** मिचेल सैंटनर (कप्तान), फिन एलन, टिम सीफर्ट, रचिन रविंद्र, मार्क चैपमैन, ग्लेन फिलिप्स, डैरिल मिचेल, मैट हेनरी, लॉकी फर्ग्यूसन, कोल मैककॉन्ची, काइल जैमीसन, जैकब डफी, डेवोन कॉनवे, जिमी नीशम, इश सोढ़ी।

### हाईलाइट

#### लक्ष्य सेन ने लाई को हराकर फाइनल में प्रवेश किया



**बर्मिंघम।** भारत के स्टार खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने शनिवार को यहां सेमीफाइनल में कनाडा के विक्टर लाई को हराकर ऑल इंग्लैंड ओपन बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष एकल फाइनल में जगह बनाई। बारहवीं रैंकिंग पर काबिज सेन ने दुनिया के 16वें नंबर के लाई को एक घंटे 37 मिनट तक चले मैच में 21-16, 18-21, 21-15 से शिकस्त दी। लाई ने पिछले साल पेरिस में हुई विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीता था। यह सेन का इस टूर्नामेंट में दूसरा फाइनल होगा। इससे पहले वह 2022 में उप विजेता रहे थे। बीडब्ल्यूएफ सुपर 1000 टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन जारी रखने वाले सेन रविवार को फाइनल में चीनी ताइपे के लिन चुन-यी से भिड़ेंगे। चुन-यी ने शनिवार को दूसरे सेमीफाइनल में थाईलैंड के दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी कुनलावुत वितिदसर्ण को हराया।

#### रोनाल्डो की चोट गंभीर, खेलना संदिग्ध


**रियाद।** अल-नासर के कोच जॉर्ज जीसस ने कहा कि क्रिस्टियानो रोनाल्डो की हैमस्ट्रिंग की चोट जितना अनुमान लगाया जा रहा था उससे अधिक गंभीर है। इस चोट के कारण 41 वर्षीय रोनाल्डो का पुर्तगाल की तरफ से आगामी मैत्री मैचों में खेलना भी संदिग्ध है। यह स्टार फुटबॉलर पिछले सप्ताहांत अल-नासर की सऊदी प्रो लीग में अल-फायहा पर 3-1 से मिली जीत के दौरान लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर चला गया था। जीसस ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा पिछले मैच में क्रिस्टियानो को मांसपेशियों में खिंचाव के कारण मैदान छोड़ना पड़ा था। अब जांच से यह स्पष्ट हो गया है कि हमने जितना अनुमान लगाया था उनकी चोट उससे अधिक गंभीर है। उन्होंने कहा उन्हें आराम करने और उचित उपचार करने की जरूरत है। क्रिस्टियानो इलाज के लिए स्पेन जाएंगे।

### टी-20 विश्व कप विजेता की सूची

| वर्ष | विजेता | उप-विजेता | मेजबान |
|---|---|---|---|
| 2024 | भारत | दक्षिण अफ्रीका | वेस्टइंडीज/यूएसए |
| 2022 | इंग्लैंड | पाकिस्तान | ऑस्ट्रेलिया |
| 2021 | ऑस्ट्रेलिया | न्यूज़ीलैंड | यूएई/ओमान |
| 2016 | वेस्टइंडीज | इंग्लैंड | भारत |
| 2014 | श्रीलंका | भारत | बांग्लादेश |
| 2012 | वेस्टइंडीज | श्रीलंका | श्रीलंका |
| 2010 | इंग्लैंड | ऑस्ट्रेलिया | वेस्टइंडीज |
| 2009 | पाकिस्तान | श्रीलंका | इंग्लैंड |
| 2007 | भारत | पाकिस्तान | दक्षिण अफ्रीका |

### अगरकर के तीन साल : आंकड़ों से परे जाकर कड़े फैसले लेने में माहिर

**अहमदाबाद।** अजीत अगरकर ने जब भारत की सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष का पदभार संभाला, तो परिस्थितियां काफी भिन्न थीं। अगरकर को चेतन शर्मा की जगह पर यह पद सौंपा गया था। शर्मा को एक टीवी चैनल के स्टिंग ऑपरेशन में आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए पाया गया था। अगरकर के तीन साल के कार्यकाल में काफी कठिन और साहसिक फैसले किए गए जिनके अनुकूल परिणाम निकले। चयनकर्ता विकेटकीपर की तरह होता है। अच्छे कैच पर भले ही हल्की-फुल्की तालियां बजें, लेकिन अचानक गेंद छूट जाने पर तीखी आलोचना होगी।



अभ्यास सत्र के दौरान न्यूजीलैंड के फिन एलन (पीछे), और टिम सीफर्ट। एजेंसी

## करोड़ों भारतीयों के तोड़ देंगे दिल : सैंटनर

**अहमदाबाद, एजेंसी**

न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने कहा कि जब दुनिया युद्ध की विभीषिका झेल रही है तब उनकी टीम रविवार को यहां होने वाले टी20 विश्व कप में करोड़ों भारतीयों के दिल को तोड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

सैंटनर वर्तमान समय के अन्य कप्तानों की तरह जोशीले नहीं हैं और ना ही वह मजाक करते हैं लेकिन उनकी हाजिरजवाबी से दर्शक ठहाके लगा देते हैं। सैंटनर ने कहा हम मैदान पर उतरते हैं और एक टीम के रूप में अपना काम करते हैं। इस बार भी इसमें कोई बदलाव नहीं आएगा। निश्चित रूप से यह एक चुनौती होगी, क्योंकि हर कोई जानता है कि हम शायद जीत के प्रबल दावेदार नहीं हैं। हमें इससे

### माइंडगेम



कोई फर्क नहीं पड़ता। ट्रॉफी जीतने के लिए कुछ लोगों का दिल तोड़ने में मुझे कोई आपत्ति नहीं होगी। उन्होंने कहा यह कहना आसान है कि यह बस एक और मैच की तरह है लेकिन हर कोई जानता है कि ऐसा नहीं है। इसके लिए आपकी अच्छी रणनीति और तैयारी होनी चाहिए। सैंटनर ने कहा विशेषकर टी20 क्रिकेट में कुछ ही पलों में पासा पलट जाता है।

### टीम की हर रणनीतिक चर्चा में बुमराह का नाम आना स्वाभाविक

**अहमदाबाद।** न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शनिवार को कहा कि भारत के खिलाफ टी20 विश्व कप के फाइनल से पहले जसप्रीत बुमराह जैसी काबिलियत वाले गेंदबाज का नाम उनकी टीम की रणनीतिक चर्चाओं में आना स्वाभाविक है। बुमराह इस टी20 विश्व कप में शानदार फॉर्म में हैं और सेमीफाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ उनके डेथ ओवर के प्रदर्शन को अब तक की यादगार गेंदबाजी में गिना जा रहा है। सैंटनर ने कहा बुमराह, मुझे लगता है कि वह जिस तरह से खेल रहे हैं, उनका नाम हर चर्चा में होना चाहिए। इंग्लैंड के खिलाफ उनकी गेंदों को हिट करना काफी मुश्किल लग रहा था। और निश्चित रूप से वह भारत के लिए 'गेम चेंजर' थे। लेकिन सैंटनर ने साथ ही चेतावनी भी दी कि केवल बुमराह पर ध्यान देना मूर्खतापूर्ण होगा क्योंकि कई भारतीय खिलाड़ी अलग-अलग मैचों में अहम भूमिका निभा चुके हैं। उन्होंने कहा हमें पता था कि बुमराह हमेशा अच्छा प्रदर्शन करेंगे। वह स्पष्ट रूप से एक विश्व-स्तरीय गेंदबाज हैं। लेकिन सिर्फ वह ही नहीं, टीम के हर सदस्य ने अलग समय पर योगदान दिया है। जहां तक वरुण चक्रवर्ती का सवाल है तो उनके लिए यह टूर्नामेंट उनके मानकों के अनुसार खराब रहा है पर फिर भी सैंटनर मानते हैं कि फाइनल में यह गेंदबाज फिर कमाल कर सकता है।

## हार की कगार पर भारतीय महिला टीम

**पर्थ, एजेंसी**

- **टेस्ट मैच में सदरलैंड के हरफनमौला प्रदर्शन से ऑस्ट्रेलिया मजबूत स्थिति में**

अनुभवी हरफनमौला एनाबेल सदरलैंड ने शतकीय पारी खेलने के बाद दो विकेट भी चटकाए जिससे एकमात्र महिला दिन रात्रि टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ने भारत पर मजबूत पकड़ बना ली। सदरलैंड की 171 गेंदों पर 129 रन की शानदार पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 323 रन बनाकर 125 रन की बढ़त हासिल की। सदरलैंड का यह पिछली सात पारियों में चौथा और लगातार तीसरा शतक है।

इसके बाद मेजबान टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक भारत को दूसरी पारी में 105 रन पर छह विकेट चटका दिये। भारत अब भी ऑस्ट्रेलिया से 20 रन पीछे है और दिन का खेल खत्म होते समय प्रतिका रावल (43) के साथ स्नेह राणा (14) क्रीज पर मौजद है। बल्ले से कमाल करने के बाद सदरलैंड ने हरमनप्रीत कौर (11) और जेमिमा रोड्रिग्स (14) के अहम विकेट चटकाये। सदरलैंड ने पहले बल्ले से भारत पर दबदबा कायम किया। उन्होंने तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ की शॉर्ट-पिच गेंद को विकेटकीपर ऋचा घोष के ऊपर से बाउंड्री लगाकर 133 गेंदों में अपना शतक पूरा किया। आठ टेस्ट में लगभग 90 की औसत रखने वाली इस दाएं हाथ की बल्लेबाज ने तेज और स्पिन दोनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। दीप्ति शर्मा की स्पिन के खिलाफ उन्होंने कवर और मिड-ऑफ के बीच शानदार ड्राइव लगाए जबकि क्रांति गौड़ की फुल लेंथ गेंद पर बेहतरीन चौका जड़ा।

## आईसीसी चार्टर विमानों से रवाना होंगी रुकी हुई टीमें

**नई दिल्ली।** अमेरिका और इजराइल के ईरान पर किए गए हमलों के बाद अंतरराष्ट्रीय हवाई क्षेत्र में हुए व्यवधान के बाद इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज की टीम इस सप्ताहांत अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) द्वारा मुहैया कराई गई चार्टर उड़ानों से भारत से रवाना होंगी। एक सूत्र ने पीटीआई को बताया कि बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में भारत से हारने वाली इंग्लैंड टीम के शनिवार शाम को मुंबई से लंदन के लिए सीधी उड़ान से रवाना होने की उम्मीद है। वेस्टइंडीज और दक्षिण अफ्रीका अन्य दो टीमें हैं जो अपना अभियान समाप्त होने के बावजूद अब भी भारत में हैं। वेस्टइंडीज की टीम भारत से पांच विकेट से हारने के बाद टी20 विश्व कप से बाहर हो गई थी। दक्षिण अफ्रीका का अभियान भी बुधवार को पहले सेमीफाइनल में समाप्त हो गया।

बदलाव

रग्बी और फुटबॉल के मिश्रण से गेंद के खेल को कहा जाता है डॉनी बॉल

## न्यूजीलैंड ने 'डॉनी बॉल' खेलकर कम किया तनाव

**अहमदाबाद, एजेंसी**

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पारंपरिक 'वार्म-अप एक्सरसाइज' अब लगभग बीते जमाने की बात हो गई है और खिलाड़ी अपने कौशल से जुड़े अभ्यास से पहले फुटबॉल या 'फुट वॉली' जैसे खेल खेलकर खुद को तैयार करते हैं। मेजबान और प्रबल दावेदार भारत के खिलाफ होने वाले टी20 विश्व कप फाइनल से पहले न्यूजीलैंड की टीम ने भी नेट सत्र से पहले एक अनोखे और मजेदार खेल के साथ 'वर्म-अप' किया जिसमें राष्ट्रीय खेल रग्बी के साथ फुटबॉल का भी मिश्रण था।



इस खेल का नाम 'डॉनी बॉल' रखा गया है, जो काफी दिलचस्प है। यह नाम टीम के 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है जिन्होंने इसे टीम के खिलाड़ियों के साथ ही शुरू किया था। इस खेल में तीन टीमें होती हैं जिनमें प्रत्येक में पांच-पांच खिलाड़ी रहते हैं। खिलाड़ियों को एक चौकोर क्षेत्र के भीतर रहना होता है। हर टीम के पास एक रग्बी बॉल और एक फुटबॉल होती है। तीनों टीमों से एक-एक खिलाड़ी बारी-बारी से रग्बी बॉल और फुटबॉल को किसी भी दूसरी टीम की ओर किक करता है। अगर कोई खिलाड़ी रग्बी बॉल या फुटबॉल को पकड़ते समय लड़खड़ा जाता है या गेंद गिरा देता है तो उसे मैदान से बाहर जाना पड़ता है। अंत में जिस टीम के सबसे ज्यादा खिलाड़ी मैदान पर बचे रहते हैं, वही विजेता घोषित होती है। न्यूजीलैंड के सपोर्ट स्टाफ के एक सदस्य ने पीटीआई को बताया हां, इसमें रग्बी और फुटबॉल दोनों को बिना लड़खड़ाए सीधे कैच करना होता है। इसे डॉनी बॉल कहा जाता है जो हमारे स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच क्रिस डोनाल्डसन के नाम पर रखा गया है।

### न्यूजीलैंड हारा तो उसे 'चोकर' का तमगा दिया जाना चाहिए : स्टेन

**नई दिल्ली।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज तेज गेंदबाज डेल स्टेन का कहना है कि अगर न्यूजीलैंड रविवार को अहमदाबाद में होने वाले टी-20 विश्व कप के फाइनल में मेजबान भारत को नहीं हरा पाता, तो उसे 'चोकर्स' (अहम मुकाबलों में दबाव की चुनौती से निपटने में नाकाम रहने वाली टीम) का अवांछित तमगा मिलना चाहिए। स्टेन के मुताबिक घरेलू परिस्थितियों में भारत को हराना न्यजीलैंड के लिए लगभग नामुमकिन होगा।न्यूजीलैंड ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेले गए पहले सेमीफाइनल में खिताब के प्रबल दावेदार और अक्सर चोकर्स कहे जाने वाले दक्षिण अफ्रीका को हराकर टी20 विश्व कप इतिहास में दूसरी बार फाइनल में जगह बनाई। भारत ने बृहस्पतिवार को दूसरे सेमीफाइनल में मुंबई में खेले गए बड़े स्कोर वाले रोमांचक मुकाबले में इंग्लैंड को सात रन से हराया। स्टेन ने कहा कि न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका की तुलना में ज्यादा बार विश्व कप फाइनल खेले हैं और अगर वह रविवार को भी खिताब जीतने से चूक जाता है, तो चोकर्स का तमगा उसे दे देना चाहिए। स्टेन ने पूर्व दिग्गज एबी डिविलियर्स के यूट्यूब चैनल पर उनसे बातचीत में कहा सच कहूं तो हर कोई दक्षिण अफ्रीका को चोकर्सकहता है, लेकिन मैं यह कहूंगा कि न्यूजीलैंड ने भी ज्यादा विश्व कप नहीं जीते हैं और वे हमसे ज्यादा फाइनल खेल चुके हैं। न्यूजीलैंड के लोग मेरी बातों का बुरा ना माने लेकिन इस बार जीत जाओ। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा नहीं तो मैं आधिकारिक तौर पर यह कार्ड (चोकर्स का तमगा) तुम्हें सौंप दूंगा, अब यह तुम्हारा है। मुझे न्यूजीलैंड पसंद है, लेकिन मुझे नहीं लगता कि वे भारत को हरा पाएंगे।